You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-34 ❒ मंगलवार, 03 मार्च 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



भारत अनेक भाषाओं की भूमि है, लेकिन इसकी सभ्यतागत आत्मा एक ही है। भाषा, धर्म और राजनीतिक विचारधाराओं में भिन्नता के बावजूद, भारत हमेशा से एक देश रहा है, जो एक ही धर्म से सांस्कृतिक रूप से एकजुट है। **सी. पी. राधाकृष्णन**

महिलाएं हर क्षेत्र में नयी ऊंचाईयों को छू रही :मुर्मु 11

पंजाब के जालंधर में दो स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली 12

## बधाई



होली के शुभ अवसर पर सभी सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं और शुभेच्छुओं को हार्दिक बधाई।

**राकेश कुमार पाण्डेय**
**चेयरमैन, कैनविज टाइम्स**

## सूचना

होली के शुभ अवसर पर कैनविज टाइम्स कार्यालय में 03 और 04 मार्च को अवकाश रहेगा, अतः अगला अंक 06 मार्च 2026 को प्रकाशित होगा।

**प्रधान संपादक**

# तीसरे दिन हालात और विस्फोटक

## मिडिल ईस्ट में युद्ध का तीसरा दिन

## 4 देशों में 6 अमेरिकी बेस पर ईरानी हमला, ऊर्जा ठिकाने और समुद्री मार्ग निशाने पर

एजेंसी

तेल अवीव/तेहरान। मिडिल ईस्ट में इजराइल-अमेरिका और ईरान के बीच छिड़ी जंग अब तीसरे दिन और अधिक व्यापक तथा खतरनाक रूप ले चुकी है। शुरुआती हवाई हमलों और सीमित जवाबी कार्रवाई से शुरू हुआ यह संघर्ष अब बहु-देशीय सैन्य टकराव में बदल गया है, जिसमें खाड़ी क्षेत्र के कई देश प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से प्रभावित हो रहे हैं। युद्ध का दायरा न केवल ईरान और इजराइल तक सीमित है, बल्कि अमेरिकी सैन्य ठिकानों, ब्रिटिश अड्डों, ऊर्जा प्रतिष्ठानों और समुद्री व्यापार मार्गों तक फैल चुका है। इस पूरे घटनाक्रम ने वैश्विक राजनीति, ऊर्जा सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति को हिला दिया है।



- ❒ अमेरिका-ब्रिटेन में दरार खुलकर सामने
- ❒ खाड़ी से साइप्रस तक धमाके, ऊर्जा ठिकाने और एयरबेस निशाने पर
- ❒ कुवैत ने गलती से तीन अमेरिकी जेट मार गिराए
- ❒ ईरानी राष्ट्रपति ने कार्यवाहक रक्षा मंत्री नियुक्त किया
- ❒ कतर के 2 एनर्जी ठिकानों पर ईरान का ड्रोन अटैक
- ❒ इजराइल ने पहली बार आयरन बीम डिफेंस सिस्टम का इस्तेमाल किया
- ❒ ईरान का आरोप- पाकिस्तान ने अमेरिका को हमले के लिए एयरस्पेस दिया

सबसे बड़ा कूटनीतिक विवाद अमेरिका और ब्रिटेन के बीच उभरा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर पर नाराज़गी जताई है। मामला हिंद महासागर में स्थित रणनीतिक सैन्य अड्डे डिएगो गार्सिया से जुड़ा है। अमेरिका कथित तौर पर जंग के पहले ही दिन इस बेस से ईरान के मिसाइल ठिकानों पर हमला करना चाहता था, लेकिन ब्रिटेन ने तत्काल अनुमति नहीं दी। लगभग 48 घंटे की देरी के बाद सीमित दायरे में अनुमति दी गई-शर्त यह थी कि हमले केवल मिसाइल साइट्स तक सीमित रहेंगे। व्हाइट हाउस सूत्रों के अनुसार, ट्रम्प ने इसे अनावश्यक देरी बताया और कहा कि इस देरी से अमेरिका की प्रारंभिक रणनीतिक बढ़त प्रभावित हुई। डिएगो गार्सिया का महत्व केवल एक सैन्य अड्डे तक सीमित नहीं है। यह हिंद महासागर में अमेरिकी-ब्रिटिश सामरिक सहयोग का केंद्र रहा है और अफगानिस्तान, इराक तथा अन्य अभियानों में अहम भूमिका निभा चुका है। ईरान के खिलाफ कार्रवाई के लिए इसकी भौगोलिक स्थिति अत्यंत अनुकूल मानी जाती है, क्योंकि यहां से लंबी दूरी के बमवर्षक और निगरानी विमान सीधे मध्य-पूर्व तक पहुंच सकते हैं। ब्रिटेन की देरी ने यह संकेत दिया कि लंदन इस संघर्ष में खुलकर अग्रिम पंक्ति में नहीं आना चाहता, बल्कि नियंत्रित और सीमित भागीदारी चाहता है। उधर ईरान ने जवाबी कार्रवाई का दायरा काफी विस्तृत कर दिया है। न्यूयॉर्क टाइम्स सहित कई अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों के मुताबिक, ईरान ने बहरीन, इराक, संयुक्त अरब अमीरात और कुवैत में स्थित कम से कम छह अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने पुष्टि की है कि शुरुआती हमलों में चार अमेरिकी सैनिकों की मौत हुई है और कई घायल हैं। मिसाइल और ड्रोन हमलों के जरिए ईरान ने यह संकेत दिया है कि वह संघर्ष को केवल अपनी सीमाओं तक सीमित नहीं रहने देगा। कुवैत में एक अलग तरह की घटना सामने आई। वहां की वायु रक्षा प्रणाली ने कथित रूप से तीन अमेरिकी लड़ाकू विमानों को दुश्मन समझकर निशाना बना लिया। ये विमान ईरानी हमलों के दौरान हवाई गश्त पर थे। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि तकनीकी और पहचान संबंधी ● शेष पेज 11 पर

### प्रधानमंत्री मोदी ने बहरीन और सऊदी अरब नेतृत्व से की बातचीत



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बहरीन के राजा हमद बिन ईसा अल खलीफा और सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस व प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद से अलग-अलग टेलीफोन पर बातचीत की। बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की। साथ ही उन्होंने बहरीन और सऊदी अरब में रह रहे भारतीय समुदाय की सुरक्षा और कुशलक्षेम को लेकर भी चर्चा की। क्षेत्रीय हालात और मौजूदा सुरक्षा स्थिति पर भी नेताओं के बीच विचार-विमर्श हुआ।

### अब तक किसी परमाणु रिएक्टर पर हमला नहीं, लेकिन रेडियोधर्मिता रिसाव का खतरा बरकरार : आईएईए

वियना। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने कहा है कि अब तक ईरान के किसी भी परमाणु ठिकाने पर हमला नहीं हुआ है, लेकिन 'रेडियोधर्मिता रिसाव ' की संभावना को टाला नहीं जा सकता। आईएईए के महानिदेशक राफ़ेल ग्रोसी ने ईरान और पश्चिम एशिया में जारी सैन्य हमलों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सभी पक्षों से अधिकतम संयम बरतने और परमाणु प्रतिष्ठानों पर किसी भी तरह के सशस्त्र हमले से बचने की अपील की है। श्री ग्रोसी ने कहा कि आईएईए स्थिति की निगरानी जारी रखेगा और यदि परमाणु सुरक्षा में कोई उल्लंघन होता है तो सदस्य देशों को तत्काल तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। उन्होंने आगाह किया कि यदि रेडियोधर्मिता रिसाव होता है तो बड़े शहरों को खाली कराने की नौबत आ सकती है। श्री ग्रोसी ने कहा कि एजेंसी ने अपने अधिकार क्षेत्र के अनुरूप संभावित रेडियोधर्मिता रिसाव आपात स्थिति की आशंका को ध्यान में रखते हुए तत्काल कार्रवाई की है। आईएईए का 'इंसिडेंट एंड इमरजेंसी सेंटर' (आईईसी) सक्रिय है और एक समर्पित टीम स्थिति का आकलन कर रही है, हालांकि संघर्ष के कारण संचार में बाधाएं आ रही हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय सुरक्षा निगरानी नेटवर्क को सतर्क कर दिया गया है और अब तक ईरान से सटे देशों में पृष्ठभूमि स्तर से अधिक विकिरण दर्ज नहीं हुआ है। ईरान में परमाणु प्रतिष्ठानों की स्थिति पर उन्होंने कहा कि अब तक बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र, तेहरान अनुसंधान रिएक्टर या अन्य परमाणु ईंधन चक्र सुविधाओं के क्षतिग्रस्त होने का कोई संकेत नहीं मिला है। आईएईए ने ईरान के परमाणु नियामक प्राधिकरण से संपर्क साधने के प्रयास जारी रखे हैं, लेकिन अभी तक प्रतिक्रिया नहीं मिली है। महानिदेशक ने चेतावनी दी कि क्षेत्र के कई देशों में संचालित परमाणु ऊर्जा संयंत्र और अनुसंधान रिएक्टर हैं, जिससे किसी भी सैन्य हमले की स्थिति में परमाणु सुरक्षा के लिए जोखिम बढ़ जाता है। संयुक्त अरब अमीरात में चार परिचालित परमाणु रिएक्टर हैं, जबकि जॉर्डन और सीरिया में अनुसंधान रिएक्टर संचालित हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासम्मेलन के पूर्व प्रस्तावों का उल्लेख करते हुए कहा कि परमाणु सुविधाओं पर सशस्त्र हमले कभी नहीं होने चाहिए, क्योंकि इससे गंभीर रेडियोधर्मी उत्सर्जन हो सकता है, जिसके प्रभाव सीमाओं से परे तक पड़ सकते हैं। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर दीर्घकालिक समाधान के लिए उन्होंने कूटनीति और वार्ता पर लौटने की आवश्यकता दोहराई। उन्होंने कहा कि बल प्रयोग अंतरराष्ट्रीय संबंधों का हिस्सा रहा है, लेकिन यह हमेशा अंतिम विकल्प होना चाहिए। उन्होंने कहा, ''कूटनीति कठिन है, लेकिन असंभव नहीं। परमाणु कूटनीति और भी कठिन है, लेकिन असंभव नहीं। हमें जल्द से जल्द वार्ता की मेज पर लौटना ही होगा।

## संक्षेप

### पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे तेल की कीमत 10 प्रतिशत बढ़ी

**नयी दिल्ली।** पश्चिम एशिया में गहराये भू-राजनैतिक संकट के कारण अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोमवार को कच्चा तेल 10 प्रतिशत महंगा हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 31 मार्च का लंदन का ब्रेंट क्रूड वायदा 10.3 प्रतिशत चढ़कर 80.18 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। अमेरिकी क्रूड का 20 मार्च का वायदा 9.33 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 73.27 डॉलर प्रति बैरल हो गया। इजरायल और अमेरिका की ईरान के खिलाफ संयुक्त सैन्य कार्रवाई के बाद पश्चिम एशिया में हालात चिंताजनक हो गये हैं। ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों वाले कई देशों पर हमले किये हैं। इससे कच्चे तेल की आपूर्ति श्रृंखला और उत्पादन दोनों बाधित हुए हैं जिससे कीमतों में उछाल आया है। इस बीच, आठ ओपेक प्लस देशों ने रविवार को एक वर्चुअल बैठक में कीमतों में बढ़ोत्तरी को रोकने के लिए स्वैच्छिक आधार पर कच्चे तेल का उत्पादन बढ़ाने का फैसला किया है। इन देशों में सऊदी अरब, रूस, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, कजाकिस्तान, अल्जीरिया और ओमान शामिल हैं। बैठक में तय हुआ कि ये सभी देश मिलकर अप्रैल से कच्चे तेल का उत्पादन 16.5 लाख बैरल प्रति दिन बढ़ायेंगे।

### आबकारी मामले में केजरीवाल, अन्य को बरी करने का विशेष अदालत का आदेश अवैध : सीबीआई

**नयी दिल्ली।** आबकारी नीति मामले में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और अन्य को बरी करने वाले विशेष अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए, सीबीआई ने दिल्ली उच्च न्यायालय में दलील दी कि यह आदेश ल्लअभियोजन पक्ष के मामले की चुनिंदा व्याख्या पर आधारित था, जिसमें आरोपियों की संलिप्तता दर्शाने वाली सामग्री को नजरअंदाज किया गया थाङ्क, और यह स्पष्ट रूप से अवैध था। उच्च न्यायालय के समक्ष अपनी 974 पृष्ठों की याचिका में, सीबीआई ने कहा कि विशेष न्यायाधीश ने अनिवार्य रूप से एक संक्षिप्त सुनवाई की, जिसमें आरोपियों के कार्यों का समग्र रूप से आकलन करने के बजाय साजिश के अलग-अलग पहलुओं से अलग-अलग निपटा गया। इस आदेश को विकृत बताते हुए एजेंसी ने कहा कि इसमें स्पष्ट त्रुटियां हैं, यह तथ्यों की गलत व्याख्या पर आधारित है और आरोप तय करने के चरण से संबंधित उच्चतम न्यायालय की टिप्पणियों/निर्देशों का उल्लंघन करता है।

### पुलिस 2.19 करोड़ में खरीदेगी चार एंटी ड्रोन गन

लखनऊ। वीवीआईपी सुरक्षा घेरा अब और मजबूत होगा। पुलिस 2.19 करोड़ रुपये में चार एंटी ड्रोन गन खरीदेगी। गन डिटेक्शन सिस्टम से भी लैस होगी। वीवीआईपी सुरक्षा के अलावा बड़े आयोजनों की सुरक्षा को मजबूत करेगी। पुलिस ड्रोन के जरिए होने वाले किसी खतरे से निपटने में सक्षम होगी।

# सबसे अधिक राजस्व मामले निस्तारित कर लखनऊ अव्वल

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



- ❒ जनपदीय न्यायालयों में जौनपुर ने फिर मारी बाजी
- ❒ सीएम योगी की मॉनीटरिंग से प्रदेश में मामलों के निस्तारण में आया खासा सुधार

लखनऊ। प्रदेश में राजस्व मामलों के त्वरित निस्तारण की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त मॉनीटरिंग का असर साफ नजर आ रहा है। सीएम योगी हर माह जिलावार मामलों की समीक्षा भी करते हैं। योगी सरकार की विशेष पहल के तहत तेजी से मामलों के निपटारे की रणनीति को अपनाया गया, जिससे राजस्व विवादों के मामलों में बड़ा सुधार देखने को मिला है। इसी का नतीजा है कि पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश भर में राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी देखी गयी है। राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली (आरसीसीएमएस) की फरवरी माह की जारी रिपोर्ट में पूरे प्रदेश में सबसे अधिक राजधानी लखनऊ में मामलों को निस्तारित किया गया है जबकि जनपद स्तरीय न्यायालय में राजस्व के मामले निपटाने में एक बार फिर जौनपुर ने बाजी मारी है। जनपद स्तरीय न्यायालयों में राजस्व वादों के निस्तारण में पिछले 15 माह से जौनपुर टॉप फाइव जिलों में बना हुआ है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देश हैं कि राजस्व विवादों के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाए। उनकी इस पहल का उद्देश्य न केवल जनता को त्वरित न्याय दिलाना है, बल्कि प्रशासन में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को भी बढ़ावा देना है। इसी के तहत प्रदेश के जिलाधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी पूरी तत्परता से मामलों का निस्तारण कर रहे हैं। राजस्व परिषद की आरसीसीएमएस की रिपोर्ट के ● शेष पेज 11 पर

## नरसिंह शोभा यात्रा का योगी ने किया शुभारंभ

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में सोमवार को मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने श्री होलिका दहन उत्सव समिति द्वारा आयोजित पारंपरिक नरसिंह शोभायात्रा का विधिवत शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने भक्त प्रह्लाद की पूजा-अर्चना एवं आरती कर भव्य शोभायात्रा को रवाना किया। इसके बाद उन्होंने रथ को हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा प्रारंभ कराई तथा उपस्थित श्रद्धालुओं और भक्तों के साथ फूलों की होली खेली। कार्यक्रम स्थल पर पारंपरिक वाद्ययंत्रों और भक्ति गीतों के बीच उत्साह का माहौल रहा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जनसमूह को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पाण्डेयहाता की यह ऐतिहासिक परंपरा वर्ष 1927 से निरंतर संचालित हो रही है और यह गोरखपुर की सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत का महत्वपूर्ण प्रतीक है। उन्होंने होलिका दहन उत्सव समिति को शताब्दी वर्ष के अवसर पर विशेष बधाई भी दी। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। शोभायात्रा मार्ग एवं आयोजन स्थल पर व्यापक पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान एडीजी जोन ● शेष पेज 11 पर

# ईपीएफ पर ब्याज दर 8.25% बनी रहेगी

एजेंसी

नयी दिल्ली। निजी क्षेत्र के कर्मचारियों के भविष्य निधि योजना कोष का प्रबंधन करने वाले श्रम मंत्रालय के कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) खातों में जमा राशि पर चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए ब्याज दर को 8.25 प्रतिशत पर बनाये रखने की सिफारिश की है।

वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भी ईपीएफ पर ब्याज इतना ही रखा गया था। ब्याज दर की इस सिफारिश को वित्त मंत्रालय की औपचारिक स्वीकृति के बाद लागू किया जाएगा। श्रम मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में ईपीएफओ के केंद्रीय न्यासी मंडल की सोमवार को हुई 239वीं बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में 1,000 रुपये या उससे कम की जमा राशियों वाले निष्क्रिय ईपीएफ खातों में दावा निपटान की स्वतः संचालित व्यवस्था के लिए एक पायलट परियोजना शुरू करने के प्रस्ताव को भी मंज़ूरी दी। इसमें लगभग कुल 5.68




❒ निष्क्रिय खातों के स्वचालित निपटान की पायलट योजना मंजूर

करोड़ रुपये के 1.33 लाख से ज़्यादा खातों के स्वचालित निपटान को शामिल किया जाएगा। ईपीएफओ बोर्ड ने कर्मचारियों के हितों की रक्षा और विवादों के तेजी से समाधान के लिए छूट वाले नियोक्ता प्रतिष्ठानों के लिए अभयदान-योजना को भी मंज़ूरी दी है। श्री मांडविया की अध्यक्षता में बैठक में ईपीएफओ की वाइस चेयरमैन तथा श्रम राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे, को-वाइस-चेयरपर्सन और श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की सचिव वंदना गुरनानी और सदस्य सचिव एवं केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त रमेश कृष्णमूर्ति शामिल हुए। ईपीएफओ पिछले कई साल से एक्सचेंज ट्रेड कोषों और दूसरे प्रकार के निवेश में प्रतिफल अच्छा रहने से आठ प्रतिशत वार्षिक से ज़्यादा की दर से ब्याज देता आ रहा है। ईपीएफओ न्यासी मंडल ने आयकर छूट वाले मान्यता प्राप्त ऐसे भविष्य निधि न्यासों से उठने वाले अनुपालन से जुड़े मुद्दों को हल करने के लिए एक बार की क्षमादान योजना को मंज़ूरी दी है, जिन्हें अभी तक ईपीएफ एवं अन्य प्रावधान अधिनियम, 1952 के तहत कवर नहीं किया गया है या छूट नहीं दी गयी है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह क्षमादान वित्त अधिनियम, 2026 के नियमों को ध्यान में रखते हुए दिया गया है। प्रस्तावित स्कीम का मकसद तय छह महीने के समय में प्रतिष्ठानों और ट्रस्टों को नियमों के अनुपालन का अवसर देना है, ताकि कर्मचारियों के हितों की रक्षा हो। इसके तहत ऐसे प्रतिष्ठानों का दंड-ब्याज और जुर्माना माफ किया जा सकेगा, जिन्होंने पहले ही कर्मचारियों को कानून संगत योजना के बराबर या उससे बेहतर लाभ दे चुके हैं। इस क्षमादान तय शर्तों के तहत पिछली तारीख से लागू होगी। इसमें यह तय किया गया है कि ● शेष पेज 11 पर

# भारत-कनाडा का 50 अरब डालर के द्विपक्षीय व्यापार का लक्ष्य

एजेंसी

❒ आर्थिक, रक्षा क्षेत्र में भी बढ़ेगा सहयोग : मोदी

नयी दिल्ली। भारत और कनाडा ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डॉलर तक बढ़ाने तथा रक्षा सहयोग को और मजबूत बनाने के लिए भारत-कनाडा रक्षा संवाद शुरू करने का निर्णय लिया है। दोनों देशों ने आर्थिक क्षेत्र में सहयोग को पुख्ता करने पर भी सहमति व्यक्त की है। उन्होंने पश्चिम एशिया की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कूटनीति और बातचीत से मुद्दों के समाधान पर जोर दिया है।

दोनों देशों ने आतंकवाद, उग्रवाद और कट्टरपंथ को मानवता के लिए साझा और गंभीर चुनौती माना है। श्री मोदी ने भारत की चार दिन की यात्रा पर आये कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के साथ सोमवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुकत वक्तव्य में यह बात कही। उन्होंने कहा कि कनाडा और भारत का लोकतान्त्रिक मूल्यों में अटूट विश्वास है और दोनों देश विविधता को पूरी तरह मान्यता देते हैं। उन्होंने कहा कि मानवता की भलाई हमारा साझा विजन है जो हमें हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों ने इस साझा विजन को आगे बढ़ाने और अपनी साझेदारी को अगले स्तर तक ले जाने के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। दोनों देशों ने आर्थिक संभावनाओं को पूरा फायदा उठाने के लिए व्यापक आर्थिक सहयोग साझेदारी को जल्द ही अंतिम रूप देने का भी निर्णय लिया है। श्री मोदी ने कहा कि कनाडा के पेंशन फंडों ने भारत में 100 अरब डॉलर का निवेश किया है जिससे भारत की विकास यात्रा में उनके गहरे विश्वास का पता चलता है। श्री मोदी ने कहा कि वह और श्री कार्नी दोनों देशों के उद्योगपतियों से भी मिलेंगे और उनके सुझाव हमारी आर्थिक साझेदारी का रोडमैप तय करेंगे। प्रधानमंत्री ने दोनों देशों को प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में स्वाभाविक साझीदार बताते हुए कहा कि हम विचारों के आधार समस्याओं के वैश्विक समाधान प्रस्तुत करेंगे।दोनों देश ए आई के साथ साथ क्वांटम , सुपर



कम्प्यूटिंग और सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि दुर्लभ खनिजों के बारे में जिस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये हैं उससे आपूर्ति श्रृंखला मजबूत होगी । दोनों देश अंतरिक्ष क्षेत्र में स्टार्टअप और उद्योग को जोड़ेंगे। श्री मोदी ने कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में दोनों देश अगली पीढी की साझेदारी बना रहे हैं जिसमें हाइड्रोकार्बन के साथ-साथ नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और ऊर्जा भंडारण पर विशेष बल दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह खुशी की बात है कि कनाड़ा ने अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन और वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन से जुड़ने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा, '' हमारे साझा प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए हम इस वर्ष भारत -कनाड़ा नवीकरणीय ऊर्जा और भंडारण सम्मेलन आयोजित करेंगे। उन्होंने कहा कि सिविल न्यूकलियर एनर्जी में दोनों देशों ने दीर्घावधि यूरेनियम आपूर्ति का महत्वपूर्ण समझौता किया। हम छोटे मॉड्यूर रियेक्टर और उन्नत रियेक्टर पर भी मिलकर काम करेंगे। श्री मोदी ने कहा कृषि में मूल्य संर्वधन, कृषि प्रौद्योगिकी और खाद्य सुरक्षा हमारी साझा प्राथमिकताएं हैं। इस दिशा में भारत में भारत-कनाड़ा दाल प्रोटिन उत्कृष्टता केन्द्र स्थापित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में बढ़ता सहयोग हमारे गहरे आपसी विश्वास और संबंधों की परिपक्वता का प्रतीक है। उन्होंने कहा ,'' हम रक्षा उद्योग, समुद्री क्षेत्र जागरूकता और सैन्य आदान - प्रदान बढ़ाने पर काम करेंगे। इसी उद्देश्य से आज हमने भारत- कनाड़ा रक्षा संवाद की स्थापना करने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री ने कहा लोगों के बीच संबंध हमारे संबंधों की असली ताकत हैं। आज हमने इन्हें और मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। एआई, स्वास्थ्य , कृषि, और नवाचार में आज कई विश्वविद्यालय के बीच नई साझेदारियों की घोषणा हो रही है। हम कनाड़ा के विश्वविद्यालयों द्वारा भारत में परिसर खोलने पर भी सहमत हुए। श्री मोदी ने कहा कि आदिवासी और ● शेष पेज 11 पर

## आईटी सिटी योजना को रफ्तार, चार गांवों की जमीन अधिग्रहीत होगी

लखनऊ। एलडीए की बहुप्रतीक्षित आईटी सिटी योजना को बड़ा प्रशासनिक आधार मिल गया है। योजना के तहत चार गांवों की जमीन के लिए धारा 4 की अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके साथ ही इन गांवों में सामाजिक समाघात (सोशल इम्पैक्ट) सर्वे की प्रक्रिया शुरू होने का रास्ता साफ हो गया है। प्राधिकरण 12 गांवों की जमीन पर आईटी सिटी विकसित कर रहा है, लेकिन मोहारी कला, सिद्धपुरा, मोहारी खुर्द और खुजौली में अब तक धारा 4 की अधिसूचना लंबित थी। शासन स्तर से 2 मार्च को अधिसूचना जारी होने के बाद इन गांवों की जमीन अधिग्रहण प्रक्रिया में औपचारिक रूप से शामिल हो गई है। क्या होगा सामाजिक समाघात सर्वे? धारा 4 लागू होने के बाद अब यह सर्वे किया जाएगा कि प्रस्तावित आईटी सिटी परियोजना का स्थानीय आबादी, रोजगार, सामाजिक ढांचे और आजीविका पर क्या प्रभाव पड़ेगा। कितने परिवार प्रभावित होंगे, कितनी कृषि भूमि जाएगी और पुनर्वास की क्या आवश्यकता होगी, इन सभी बिंदुओं का अध्ययन ● शेष पेज 11 पर

# उप्र में जल जीवन मिशन योजना में खामियों की जांच कर हो कार्यवाही : पवन भाई गुप्ता

❒ आरपीआई(आ.) के प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता जल जीवन मिशन में खामियों के मामले में मुख्यमंत्री योगी को लिखा पत्र



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में शासन से होकर सरकार तक विकास योजनाओं को लेकर चल रही उदासीनता पर रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखने का निर्णय लिया है ताकि सरकार को जनता के मुद्दों पर आईना दिखाया जा सके।

आरपीआई(आ.) के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता का कहना है कि जब तक जनता के प्रति जवाबदेही तय नहीं की जाती है, वह पत्र लिखकर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते रहेंगे। इसी कड़ी में जल जीवन मिशन में खामियों को उजागर करते हुए पत्र लिखा गया है और इसकी थर्ड पार्टी से जांच कराकर दोषियों को दंडित करने की मांग की गयी है।पवन भाई गुप्ता की ओर से मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा गया है कि प्रदेश में केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'जल जीवन मिशन' (हर घर जल) के कार्यान्वयन में हो रही गंभीर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं कि सरकार का उद्देश्य हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना है, लेकिन धरातल पर कुछ अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से इस नेक उद्देश्य को पलीता लगाया जा रहा है।उन्होंने लिखा कि समाचार पत्रों और स्थानीय निवासियों की शिकायतों के माध्यम से बहराइच, प्रयागराज, महोबा और फतेहपुर सहित कई अन्य जनपदों से लगातार गंभीर खबरें आ रही हैं। इनमें घटिया पानी की टंकियों के निर्माण और उनके गिरने समेत तैयार टंकियों से पानी रिस रहा है।

पाइप लाइन डालने के नाम पर गांवों की सड़कों को खोदकर छोड़ दिया गया है, जिससे आवागमन ठप है और आए दिन वाहन फंसने से दुर्घटनाएं हो रही हैं। जहां पाइप लाइन बिछा दी गई हैं ,वहां नलों में पानी नहीं आ रहा है। यह सीधे तौर पर सरकारी धन का दुरुपयोग और जनता के विश्वास के साथ खिलवाड़ है। अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि उक्त जनपदों में चल रहे जल जीवन मिशन के कार्यों की उच्च स्तरीय थर्ड पार्टी के माध्यम से निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों और लापरवाह ठेकेदारों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता ने भरोसा जताया कि सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की अपनी नीति के अनुरूप तत्काल संज्ञान लेकर दोषियों पर कार्रवाई करेगी।

# संपूर्ण हिन्दू समाज को होना चाहिए समरस : स्वान्त रंजन

❒ स्वान्त रंजन ने किया समरस समाज विकसित भारत का आधार पुस्तक का लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वान्त रंजन ने सोमवार को महामना मालवीय विद्या मंदिर के सभागार में 'समरस समाज– विकसित भारत की ओर' पुस्तक का लोकार्पण किया। इस पुस्तक को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य अशोक बेरी और डा. हिमांशु अग्रवाल ने लिखा है।

इस अवसर पर बावन मंदिर अयोध्या के महंत वैदेही वल्लभ शरण महाराज और सामाजिक समरसता गतिविधि के प्रान्त प्रमुख राज किशोर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वान्त रंजन ने कहा कि सामाजिक विषमता मानसिक बीमारी है। इसे दूर करने की आवश्कता है तभी समाज समरस होगा। उन्होंने कहा संपूर्ण हिन्दू समाज को समरस होना चाहिये, जातियां होंगी लेकिन किसी दूसरी जाति से दुश्मनी नहीं चाहिए। हम सब हिन्दू समाज के अंग हैं।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य अशोक बेरी ने कहा कि सामाजिक समरसता से ही देश का भविष्य उज्जवल होगा। हमें अपने परिवार -मोहल्ले में समरसता का संस्कार देना है। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता निरंतर साधना का विषय है। इसकी आवश्यकता समाज के प्रत्येक स्तर पर रहती है। उन्होंने कहा कि समाज को जोड़ने की प्रक्रिया व्यवहार,सेवा और सतत संवाद से आगे बढ़ती है। जब समाज के विभिन्न घटक एक दूसरे को स्वीकार करते हुए आगे बढ़ते हैं तब राष्ट्र की सामूहिक शक्ति स्वतः प्रकट होती है। इस दृष्टि से समरस समाज का निर्माण किसी तात्कालिक उद्देश्य की पूर्ति नहीं, बल्कि दीर्घकालिक राष्ट्रीय दृष्टि का अभिन्न अंग है।डा. हिमांशु अग्रवाल ने कहा कि विकसित भारत का निर्माण केवल नीतियों,योजनाओं या संरचनाओं से नहीं होता,बल्कि नागरिकों के आपसी संबंधों,विश्वास और सहयोग से होता है। इसका उद्देश्य सामाजिक जीवन को किसी एक सीमित दृष्टिकोण में बांधना नहीं बल्कि उस व्यापक चेतना को रेखांकित करना है जो समाज को जोड़ती है और राष्ट्र को सुदृढ़ बनाती है।सामाजिक समरसता गतिविधि के प्रान्त प्रमुख राज किशोर ने बताया कि यह पुस्तक समरस समाज विकसित भारत का आधार इस दृष्टि को केन्द्र में रखकर लिखी गयी है। यह पुस्तक समरसता को केवल एक नैतिक आदर्श के रूप में नहीं बल्कि विकसित भारत की संकल्पना से जुड़ी एक अनिवार्य आवश्यकता के रूप में प्रस्तुत करता है। इस पुस्तक में भारतीय परम्परा के भीतर विकसित सामाजिक चेतना के विविध आयामों को संतुलित रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बावन मंदिर अयोध्या के महंत वैदेही वल्लभ शरण महाराज ने कहा कि आज संघ नहीं होता तो समाज बट गया होता, संघ समाज को समरसता की ओर ले जा रहा है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक कौशल, क्षेत्र प्रचार प्रमुख सुभाष, वरिष्ठ प्रचारक वीरेन्द्र सिंह, अशोक केडिया यशोदा नन्दन, नरेंद्र भदौरिया, नरेंद्र सिंह, अपर्णा यादव, पवन सिंह चौहान व प्रशांत भाटिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## वेतन न मिलने पर हॉस्पिटल में सफाई कर्मचारियों का हंगामा

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शहर के प्रमुख सरकारी अस्पताल स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल (SRN हॉस्पिटल) में सोमवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब सफाई कर्मचारियों ने दो महीने से वेतन न मिलने के विरोध में जोरदार प्रदर्शन शुरू कर दिया।सफाई कर्मचारियों का आरोप है कि पिछले दो महीनों से उन्हें वेतन नहीं मिला है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। कर्मचारियों ने बताया कि वे कई दिनों से अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं किया गया।प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने कहा कि लगातार काम करने के बावजूद भुगतान न होना अन्यायपूर्ण है। उनका कहना है कि वे अस्पताल की स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं, लेकिन उनकी मेहनत का सम्मान नहीं किया जा रहा।वेतन भुगतान की मांग को लेकर कर्मचारियों ने अस्पताल परिसर में नारेबाजी की और जिम्मेदार अधिकारियों से तत्काल समाधान की मांग की।मामले की जानकारी मिलते ही अस्पताल प्रशासन हरकत में आया और कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि जल्द ही वेतन संबंधी समस्या का समाधान किया जाएगा।

## बच्चा चोरी के शक में युवक पकड़ा, पेड़ से बांधकर ग्रामीणों ने की पिटाई

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज के करछना क्षेत्र में रविवार को बच्चा चोरी के शक में ग्रामीणों ने एक युवक को पकड़ लिया और उसे पेड़ से बांध दिया। घटना के दौरान उसका एक साथी मौके से फरार हो गया।ग्रामीणों का आरोप है कि युवक एक घर में घुसकर सो रहे बच्चे को उठाने की कोशिश कर रहा था। बच्चे के परिजनों के शोर मचाने पर आसपास के लोग जुट गए और युवक को पकड़ लिया। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने उसे पेड़ से बांध दिया और पुलिस को सूचना दी।पकड़े गए युवक ने पूछताछ में बताया कि वह किसी शादी समारोह में जा रहा था और रास्ता भटककर यहां पहुंच गया। उसने बच्चा चोरी के आरोप से इनकार किया है।सूचना पर पहुंची पुलिस युवक को अपने साथ थाने ले गई और उससे पूछताछ कर रही है। फरार साथी की तलाश भी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

## उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में सेवा संकल्प प्रस्ताव का वाचन एवं संगोष्ठी आयोजित

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में रेल मंत्रालय और कैबिनेट सचिवालय के निर्देशों के अनुपालन में सेवा संकल्प प्रस्ताव के वाचन एवं उस पर विचार–विमर्श के लिए विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्यालय स्थित विन्ध्य हॉल में पूर्वाह्न 11:00 बजे किया गया, जिसकी अध्यक्षता अपर महाप्रबंधक श्री जे.एस. लाकरा ने की।यह संकल्प 24 फरवरी 2026 को केंद्रीय मंत्रिमंडल की नई प्रधानमंत्री कार्यालय 'सेवा तीर्थ' में आयोजित पहली बैठक में पारित किया गया था। संगोष्ठी में अपर महाप्रबंधक ने संकल्प का वाचन करते हुए नागरिक–केंद्रित शासन, 'नागरिक देवो भव' की भावना, अंत्योदय के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक सुशासन पहुंचाने तथा वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को दोहराया। साथ ही आधुनिक, गतिशील एवं समाधान–आधारित कार्य–संस्कृति को अपनाने पर बल दिया गया।संकल्प पाठ के उपरांत विभिन्न विभागों की भूमिका के अनुरूप इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा हुई। विचार व्यक्त करने वालों में प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी मुदित चंद्रा, उप महाप्रबंधक (सामान्य) अतुल कुमार मिश्रा, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी, महाप्रबंधक के सचिव अखिल शुक्ला सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे।वक्ताओं ने कहा कि उत्तर मध्य रेलवे की कार्यप्रणाली कर्तव्य, सेवा और समर्पण की त्रिवेणी से संचालित होगी, जिससे सुधारों की गति और तेज की जा सके। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी यथार्थ पांडेय ने किया।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में खेली गई होली

**मुरादाबाद, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से मुरादाबाद सिविल लाइंस सेंटर पर बीके आशा दीदी के सौजन्य से होली का पर्व बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया।होली का आध्यात्मिक रहस्य आशा दीदी, ज्योतिष विज्ञान नवग्रह अनुसंधान केंद्र के संचालक ज्योतिष आचार्य पंडित अखिलेश पांडे ने बताया। उन्होंने बताया कि होली का अर्थ है पवित्रता शुद्धता, अंदर स्वच्छता दूसरा अर्थ है। होली का अर्थ में प्रभु की हो गई अर्थात आत्मा परमात्मा की बन गई होली, बीती सो बीती का मतलब पुरानी बीती बातें ऐसे भूल जाएं।इसके साथ–साथ ब्रह्माकुमारी संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका ह्रदय मोहिनी दादी का स्मृति दिवस भी मनाया गया। बीके निर्दोष दीदी ने बताया कि दादी हृदय मोहनी 8 वर्ष की अल्प आयु में ब्रह्माकुमारी संस्था में जुड़ गई थी। इनका जीवन त्याग और तपस्या से परिपूर्ण था। इस मौके पर राजीव, नितेश, लखन, सुमित, मधु आदि उपस्थित रहीं।

## महाराजा अग्रसेन संगठन ने धूमधाम से मनाया होली उत्सव

**मुरादाबाद, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** महाराजा अग्रसेन संगठन मुरादाबाद की ओर से पंचायत भवन में सोमवार को भव्य होली उत्सव कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाराजा अग्रसेन जी की आरती के साथ हुआ। उसमें दिल्ली से आए कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांधा।कार्यक्रम में गणेश वंदना, शिव–पार्वती होली, राधा–कृष्ण लीला, मयूर नृत्य, लठ्ठमार होली, फूलों की होली आकर्षण का केंद्र रही। सभी अग्रबंधुओं ने एक–दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं।मुरादाबाद शहर के अग्र समाज के डॉ. दिशांतर गोयल, सीए गौरव अग्रवाल, सीए नितिन अग्रवाल व अनिल अग्रवाल को सम्मानित किया गया। सरप्राइज सवालों के साथ लकी ड्रा भी निकाले गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महिला प्रकोष्ठ संयोजिका एकता अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य नीति अग्रवाल, आंचल अग्रवाल, ममता मित्तल, विशाखा मित्तल, शिखा अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, रचना अग्रवाल, डा. सुगंधा अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, पल्लवी अग्रवाल, अनुराधा अग्रवाल आदि ने सहयोग दिया। कार्यक्रम में कई सेल्फी प्वाइंट बनाए गए थे। इसका समाज के लोगों ने खूब आनंद लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपक अग्रवाल व संयोजन हिमांशु अग्रवाल, महामंत्री अमोल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नितिन मित्तल ने किया।इस दौरान नगर विधायक रितेश गुप्ता, मेयर विनोद अग्रवाल, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल, अल्पना रितेश गुप्ता, अजय गुप्ता, अनुज मित्तल, राजीव अग्रवाल, अजय अग्रवाल, दीपक अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## होली प्रेम का त्यौहार, नशामुक्त होकर प्रेम से खेलें होली : देवकीनंदन महाराज

**मथुरा, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** वृन्दावन प्रियाकांत जु मंदिर पर हाइड्रोलिक पिचकारी से सतरंगी होली खेली गयी। दूर–दराज स्थानों से वृन्दावन आये श्रद्धालु भक्तों पर देवकीनंदन महाराज ने टेसू का रंग बरसाया तो वे फागुन की मस्ती में झूमने लगे। ब्रज के होली गीतों के बीच फूलों की होली से शुरू हुये महोत्सव में लड्डू–जलेबी के बाद लठ्ठों से लठामार होली खेली गयी। देवकीनंदन महाराज ने नशामुक्त त्यौहार मनाने की अपील करते हुये सभी को होली की बधाई दी ।छटीकरा मार्ग स्थित प्रियाकान्तजु मंदिर पर सोमवार को प्रसिद्ध हाईड्रोलिक होली खेली गयी। मंदिर संस्थापक देवकीनंदन महाराज ने मंदिर के गर्भगृह में प्रियाकान्तजु विग्रह को गुलाल लगाकर होली की शुरूआत की । मंदिर प्रांगण में बनाये गये मंच पर राधा–कृष्ण स्वरूपों के साथ ब्रज के गोप–ग्वालों ने हास–परिहास के साथ ब्रज के रसिया गाये ।

# मंत्री नन्दी ने होली पर अपनों से की मुलाकात अबीर-गुलाल लगाकर दी शुभकामनाएं



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । रंग, उमंग और सामाजिक समरसता के पावन पर्व होली के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई और निवेश प्रोत्साहन मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने सोमवार को प्रयागराज, बहादुरगंज स्थित अपने आवास पर भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, व्यापारियों, समर्थकों एवं स्थानीय नागरिकों से आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अबीर-गुलाल लगाकर सभी को रंगोत्सव की शुभकामनाएं दीं।प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी ने भी उपस्थित लोगों को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। कार्यक्रम में परिवारजनों, स्नेही मित्रों, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को रंग लगाकर पर्व की खुशियां साझा कीं। मंत्री नन्दी ने कहा कि होली परस्पर प्रेम, अटूट विश्वास और भाईचारे का प्रतीक है। यह पर्व समाज में नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार करता है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि यह रंगोत्सव सभी के जीवन में सुख-समृद्धि लाए और लोक-कल्याण के संकल्प को और अधिक सुदृढ़ करे।

# हाथरस में पालकी यात्रा में भक्ति के साथ बरसा रंग गुलाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हाथरस । उत्तर प्रदेश के हाथरस कस्बे के जवाहर बाजार स्थित मुरली मनोहर मंदिर से सोमवार को ठाकुर मुरली मनोहर की पालकी यात्रा निकाली गई। यह यात्रा होली उत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।पालकी यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि काष्णि राष्ट्रीय संत ब्रह्मानंद जी महाराज, भाजपा नेता धर्मेंद्र गौतम और बसपा नेता डॉ. अविन शर्मा ने किया। अतिथियों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर यात्रा को आगे बढ़ाया। आयोजन समिति ने सभी अतिथियों का पटका, माला पहनाकर और प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। पालकी यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर चौक बाजार, जवाहर बाजार, सब्जी मंडी और डाकखाना रोड सहित नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। यात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने ठाकुर जी पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। युवाओं, महिलाओं और बच्चों ने रंग-गुलाल उड़ाया। इस दौरान 'राधे-राधे' और 'ठाकुर जी की जय' के जयघोष से पूरा वातावरण गूंज उठा।शोभायात्रा के समापन पर पालकी पुनः मंदिर पहुंची, जहां आरती के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन हुआ। इस अवसर पर पंडित अजीत सारस्वत, अवधेश गहलोत, अशोक वर्मा, रविकांत जायसवाल, मनोज अग्रवाल, सोनू पाराशर सहित नगर के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत यूपी में रिकॉर्ड इंस्टॉलेशन फरवरी में 35,804 रूफटॉप प्लांट स्थापित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ योजना के तहत 3,500 करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी डीबीटी से हस्तांतरित, लगभग 4 लाख परिवार लाभान्वित

❒ सूर्य घर योजना से 60,000 से अधिक रोजगार सृजित, रोजाना 20–25 करोड़ रुपये का सौर कारोबार

लखनऊ । प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के चलते उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा विस्तार का अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में रूफटॉप सोलर को जन-आंदोलन का रूप देते हुए प्रदेश ने ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है।

राष्ट्रीय पोर्टल के अनुसार राज्य में अब तक 11,64,038 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 3,93,293 रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन पूर्ण हो चुके हैं। इसके माध्यम से 3,98,002 परिवार सीधे लाभान्वित हुए हैं। प्रदेश में कुल स्थापित सौर क्षमता 1,343.5 मेगावाट तक पहुंच चुकी है।

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के माध्यम से उत्तर प्रदेश न केवल स्वच्छ ऊर्जा अपनाने में अग्रणी बन रहा है, बल्कि रोजगार सृजन, आर्थिक गतिविधियों के विस्तार, भूमि संरक्षण और डिजिटल ऊर्जा भविष्य की दिशा में भी एक नए युग का नेतृत्व कर रहा है। इस योजना के अंतर्गत 2,663.57 करोड़ रुपये की केंद्रीय सरकार की सब्सिडी तथा लगभग 920 करोड़ रुपये की राज्य सरकार की सब्सिडी लाभार्थियों के खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से सीधे हस्तांतरित की गई है। उत्तर प्रदेश जुलाई 2025 से लगातार देश में इंस्टॉलेशन के मामले में शीर्ष दो राज्यों में बना हुआ है, जो राज्य की निरंतर प्रगति और मजबूत क्रियान्वयन क्षमता को दर्शाता है।

### रिकॉर्ड 35,804 रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित

यूपीनेडा के निदेशक इंद्रजीत सिंह ने बताया कि फरवरी माह 2026 में उत्तर प्रदेश के लिए सौर ऊर्जा क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियों का माह साबित हुआ। इस एक माह के भीतर रिकॉर्ड 35,804 रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित किए गए। साथ ही 28 फरवरी 2026 को एक ही दिन में 2,211 इंस्टॉलेशन कर उत्तर प्रदेश ने पूरे भारत में किसी भी राज्य द्वारा एक दिन में किए गए सर्वाधिक रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन का राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किया। यह उपलब्धि राज्य की तीव्र कार्यक्षमता और मिशन मोड में चल रहे क्रियान्वयन का प्रमाण है।

### 60,000 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार

इस योजना ने प्रदेश में व्यापक सौर ऊर्जा अर्थव्यवस्था को जन्म दिया है। वर्तमान में 4,500 से अधिक वेंडर्स सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं, जिससे 60,000 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त हुआ है। प्रतिदिन औसतन 4 से 5 मेगावाट रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन किए जा रहे हैं, जिससे राज्य में प्रतिदिन लगभग 20 से 25 करोड़ रुपये का व्यवसाय उत्पन्न हो रहा है। रूफटॉप सोलर के माध्यम से प्रतिदिन 60 लाख यूनिट से अधिक मुफ्त बिजली का उत्पादन हो रहा है, जिसका अनुमानित आर्थिक मूल्य लगभग 4 करोड़ रुपये प्रतिदिन है।

5000 एकड़ से अधिक भूमि की बचत रूफटॉप सोलर मॉडल का एक महत्वपूर्ण लेकिन अप्रत्यक्ष लाभ भूमि संरक्षण के रूप में सामने आया है। इस योजना के माध्यम से उत्तर प्रदेश में 5000 एकड़ से अधिक भूमि की बचत हुई है। यदि यही क्षमता ग्राउंड-माउंटेड सोलर प्लांट्स के माध्यम से स्थापित की जाती, तो विशाल भू-भाग की आवश्यकता होती। अब यह भूमि औद्योगिक, वाणिज्यिक, कृषि तथा अन्य विकासात्मक गतिविधियों के लिए उपलब्ध रह सकती है।

### कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी

तेजी से बढ़ते इंस्टॉलेशन ने सौर उद्योग से जुड़े उपकरणों जैसे मॉड्यूल, इन्वर्टर, स्ट्रक्चर और केबल की मांग को भी बढ़ाया है, जिससे प्रदेश में एक मजबूत सप्लाई चेन विकसित हुई है। साथ ही, सौर ऊर्जा उत्पादन में वृद्धि से कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आ रही है, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उत्तर प्रदेश अब सौर ऊर्जा को भविष्य के डिजिटल ऊर्जा व्यापार मॉडल से जोड़ने की दिशा में भी अग्रसर है। यूपीनेडा से जुड़े वेंडर्स ऊर्जा उत्पादन को यूनिफाइड एनर्जी इंटरफ़ेस जैसे प्लेटफॉर्म से जोड़ने की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

## होली पर डीएम का संदेश–भाईचारे और शांति के साथ मनाएं पर्व



प्रयागराज। होली के पावन अवसर पर जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि होली आपसी प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता का महापर्व है, जिसे सभी को मिल-जुलकर शांतिपूर्ण वातावरण में मनाना चाहिए।जिलाधिकारी ने नागरिकों से अपील की कि त्योहार की खुशियों के बीच कानून एवं प्रशासनिक दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि होली का वास्तविक उद्देश्य समाज में भाईचारा और सद्भाव को मजबूत करना है, इसलिए किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या विवाद से बचना हम सभी की जिम्मेदारी है।उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन जनपद में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए पूरी तरह सतर्क है और नागरिकों का सहयोग ही त्योहार को सफल एवं आनंदमय बनाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# सेवानिवृत्त 15 कर्मचारियों को समापक धनराशि का किया गया भुगतान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




वाराणसी। मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिनव कुमार सिंह के नेतृत्व में दिनांक 28 फरवरी 2026 को सेवानिवृत्त होने वाले विभिन्न विभागों से कुल 15 कर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय वाराणसी के प्रेमचंद सभागार कक्ष में उनके समापक धनराशि का भुगतान किया गया ।

इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिनव कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक राजेश कुमार, सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी श्री राम सिंह, दयाशंकर समेत लेखा एवं कार्मिक विभाग के निरीक्षक व कर्मचारी उपस्थित थे । इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की लम्बी और उल्लेखनीय सेवाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा की आप सभी ने लम्बे अन्तराल तक भारतीय रेल की सेवा की है, इस दौरान आपने बदलती हुई तकनीकियों के साथ ताल-मेल बैठते हुए भारतीय रेल की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है । आप सभी के परिश्रम भारतीय रेलवे एक नई ऊँचाईयों को प्राप्त कर रही है। आप लोग का सहयोग के बगैर यह संभव नहीं हो पाता उन्होंन कहा कि सेवानिवृती के बाद आपको बड़ी धनराशि प्राप्त होती है जो आपके जीवन की अमूल्य निधि है , बहुत सोच समझकर उसका उपयोग करें किसी अनर्गल बहकावे में आकर उसे नहीं खोये, साइबर क्राइम से सुरक्षा के लिए किसी अनजान नंबर से आए हुए काल पर अपना ओ.टी.पी बिलकुल शेयर न करें । सेवानिवृती के बाद भी यदि आपको कोई समस्या होती है तो मंडल कार्यालय आपके लिए सदैव खुला है और हम आपकी समस्याओं के निस्तारण के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे । सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्होंने कहा कि अब आप रेल कार्यों से निर्वृत होकर अपने परिवार और समाज को अपना बचा हुआ समय देवें । मंडल रेल प्रबंधक ने बताया की वाराणसी मंडल के कार्मिक विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लगन एवं मेहनत से कर्मचारियों की सेवानिर्वृती के दिन ही उनके रिक्त पद पर वरिष्ठता क्रम में आ रहे कर्मचारी को पदोन्नति पत्र सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों से दिलवाया गया है।


## उत्तर रेलवे

### ई–नीलामी सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ - उ.रे. - मण्डल - वाणिज्य/ उ.रे. |
|---|---|
| **नीलामी सूची सं./ लॉट सं.** | **14205-SLR-F1-AYC-DLI-25-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.03.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.03.2026 at 11:30 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./ लॉट सं.** | **14229-SLR-F1-PYGS-YNRK-22-3 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.03.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.03.2026 at 11:40 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./ लॉट सं.** | **12184-SLR-R1-MBDP-BPL-25-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.03.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.03.2026 at 11:50 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./ लॉट सं.** | **22130-SLR-F1-AYC-LTT-25-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.03.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.03.2026 at 12:00 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./ लॉट सं.** | **14241-SLR-F1-PYGS-SRE-24-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.03.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.03.2026 at 12:10 hrs. |
| **Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders** | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

709/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# उप्र में सर्वजन दवा सेवन अभियान में 83 फीसदी लोगों ने खाई दवा, पांच से सात मार्च तक चलेगा मापअप राउंड

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। यूपी में फाइलेरिया संक्रमण कम करने के लिए 21 जिलों में 10 से 28 फरवरी तक चले सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान में 83 फीसदी लोगों ने दवा का सेवन कर लिया है। बचे लोगों को कवर करने के लिए पांच से सात मार्च तक मापअप राउंड चलाया जाएगा। इस राउंड में छूटे हुए क्षेत्रों के अंदर स्थापित स्कूल, कालेज, कार्यालय, ईंट भट्ठे, जेल, अनाथालय, घूमंतू परिवार व होली की छुट्टी में बाहर से आए लोगों को कवर किया जाएगा। इसके अलावा रमजान के दृष्टिगत मुस्लिम इलाकों में शाम को दवा खिलाने का निर्देश दिया गया है।

प्रदेश के 51 जिलों के 782 ब्लाक में फैली यह बीमारी लगातार सिमट रही है। इस बार के एमडीए अभियान में 21 जिलों के 64 ब्लाक में ही यह अभियान चलाया गया। इसलिए यह महत्वपूर्ण था कि कम से कम 90 प्रतिशत लोग दवा का सेवन जरूर करें। विभाग के जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक 1.40 करोड़ के लक्ष्य के सापेक्ष 1.17 करोड़ लोगों ने फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कर लिया है। बहराइच (93.2%), लखनऊ (91.8%), बांदा (91.3%), औरैया (89.5%) और सोनभद्र (89.5%) 90 प्रतिशत के विभागीय अपेक्षा को छू चुके हैं। सिर्फ अम्बेडकरनगर, उन्नाव, शाहजहांपुर व प्रयागराज ही 80 प्रतिशत से कम दवा खिला पाने वाले जिले हैं जहां पर मापअप राउंड के दौरान फोकस काम करने के निर्देश दिए गए हैं।

राज्य फाइलेरिया अधिकारी डॉ एके चौधरी ने बताया कि दो दिन पहले हुई समीक्षा बैठक में एमडी एनएचएम डॉ पिंकी जोवेल ने सभी जिला मलेरिया अधिकारियों को निर्देश दिया है कि रमजान के दृष्टिगत मुस्लिम इलाकों में शाम को दवा खिलाने के लिए टीमें जाएं। उन्होंने बताया कि पांच से सात मार्च तक मापअप राउंड चलाने का निर्देश जारी कर दिया गया है। इस दौरान सभी जिलों को शत-प्रतिशत लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य पूरा करना है। इस अभियान के दौरान 10, 17, 290 लोगों ने पहली बार स्वास्थ्य टीम पहुंचने पर दवा खाने से इनकार किया।

## प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत यूपी में रिकॉर्ड इंस्टॉलेशन

# फरवरी में 35,804 रूफटॉप प्लांट स्थापित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- योजना के तहत 3,500 करोड़ से अधिक की सब्सिडी डीबीटी से हस्तांतरित, लगभग 4 लाख परिवार लाभान्वित
- सूर्य घर योजना से 60,000 से अधिक रोजगार सृजित, रोजाना 20-25 करोड़ का सौर कारोबार



लखनऊ। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के चलते उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा विस्तार का अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में रूफटॉप सोलर को जन-आंदोलन का रूप देते हुए प्रदेश ने ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। राष्ट्रीय पोर्टल के अनुसार राज्य में अब तक 11,64,038 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 3,93,293 रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन पूर्ण हो चुके हैं। इसके माध्यम से 3,98,002 परिवार सीधे लाभान्वित हुए हैं। प्रदेश में कुल स्थापित सौर क्षमता 1,343.5 मेगावाट तक पहुंच चुकी है।

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के माध्यम से उत्तर प्रदेश न केवल स्वच्छ ऊर्जा अपनाने में अग्रणी बन रहा है, बल्कि रोजगार सृजन, आर्थिक गतिविधियों के विस्तार, भूमि संरक्षण और डिजिटल ऊर्जा भविष्य की दिशा में भी एक नए युग का नेतृत्व कर रहा है। इस योजना के अंतर्गत 2,663.57 करोड़ की केंद्रीय सरकार की सब्सिडी तथा लगभग ?920 करोड़ की राज्य सरकार की सब्सिडी लाभार्थियों के खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से सीधे हस्तांतरित की गई है। उत्तर प्रदेश जुलाई 2025 से लगातार देश में इंस्टॉलेशन के मामले में शीर्ष दो राज्यों में बना हुआ है, जो राज्य की निरंतर प्रगति और मजबूत क्रियान्वयन क्षमता को दर्शाता है। यूपीनेडा के निदेशक इंद्रजीत सिंह ने बताया कि फरवरी माह 2026 में उत्तर प्रदेश के लिए सौर ऊर्जा क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियों का माह साबित हुआ। इस एक माह के भीतर रिकॉर्ड 35,804 रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित किए गए। साथ ही 28 फरवरी 2026 को एक ही दिन में 2,211 इंस्टॉलेशन कर उत्तर प्रदेश ने पूरे भारत में किसी भी राज्य द्वारा एक दिन में किए गए सर्वाधिक रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन का राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किया। यह उपलब्धि राज्य की तीव्र कार्यक्षमता और मिशन मोड में चल रहे क्रियान्वयन का प्रमाण है। इस योजना ने प्रदेश में व्यापक सौर ऊर्जा अर्थव्यवस्था को जन्म दिया है।

वर्तमान में 4,500 से अधिक वेंडर्स सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं, जिससे 60,000 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त हुआ है। प्रतिदिन औसतन 4 से 5 मेगावाट रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन किए जा रहे हैं, जिससे राज्य में प्रतिदिन लगभग ?20 से 25 करोड़ का व्यवसाय उत्पन्न हो रहा है। रूफटॉप सोलर के माध्यम से प्रतिदिन 60 लाख यूनिट से अधिक मुफ्त बिजली का उत्पादन हो रहा है, जिसका अनुमानित आर्थिक मूल्य लगभग ?4 करोड़ प्रतिदिन है। 5000 एकड़ से अधिक भूमि की बचत

रूफटॉप सोलर मॉडल का एक महत्वपूर्ण लेकिन अप्रत्यक्ष लाभ भूमि संरक्षण के रूप में सामने आया है। इस योजना के माध्यम से उत्तर प्रदेश में 5000 एकड़ से अधिक भूमि की बचत हुई है। यदि यही क्षमता ग्राउंड-माउंटेड सोलर प्लांट्स के माध्यम से स्थापित की जाती, तो विशाल भू-भाग की आवश्यकता होती। अब यह भूमि औद्योगिक, वाणिज्यिक, कृषि तथा अन्य विकासात्मक गतिविधियों के लिए उपलब्ध रह सकती है। तेजी से बढ़ते इंस्टॉलेशन ने सौर उद्योग से जुड़े उपकरणों जैसे मॉड्यूल, इन्वर्टर, स्ट्रक्चर और केबल की मांग को भी बढ़ाया है, जिससे प्रदेश में एक मजबूत सप्लाई चेन विकसित हुई है। साथ ही, सौर ऊर्जा उत्पादन में वृद्धि से कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आ रही है, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उत्तर प्रदेश अब सौर ऊर्जा को भविष्य के डिजिटल ऊर्जा व्यापार मॉडल से जोड़ने की दिशा में भी अग्रसर है। यूपीनेडा से जुड़े वेंडर्स ऊर्जा उत्पादन को यूनिफाइड एनर्जी इंटरफ़ेस जैसे प्लेटफॉर्म से जोड़ने की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

# बाइक की टक्कर से गिरे युवक को हाफ डाला ने कुचला ,मौत

- होली मनाने घर जा रहे मजदूर की हादसे में गई जान, तीन मासूम बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब, लखनऊ । होली की खुशियां मातम में बदल गईं, जब घर लौट रहे एक मजदूर की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। इटौंजा थाना क्षेत्र में फ्लाईओवर के नीचे हुई इस घटना ने परिवार को झकझोर कर रख दिया।जानकारी के अनुसार, थाना सदना जनपद सीतापुर के टॉडी पुरवा निवासी राकेश (35) अपने मित्र संदीप (30) के साथ बाइक से लखनऊ से घर लौट रहा था। दोनों मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते थे और होली का त्योहार मनाने गांव जा रहे थे। बताया जा रहा है कि परिवार के अन्य सदस्य दूसरी सवारी से पीछे आ रहे थे।इटौंजा फ्लाईओवर के नीचे पहुंचते ही पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही राकेश और संदीप उछलकर हाईवे पर जा गिरे। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक हाफ डाला वाहन ने राकेश को कुचल दिया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि संदीप को मामूली चोटें आईं।सूचना पर मौके पर पहुंचीं उपनिरीक्षक सरिका गुप्ता ने तत्काल एंबुलेंस से घायल को अस्पताल भिजवाया, जहां इलाज के दौरान राकेश ने दम तोड़ दिया।मौत की खबर मिलते ही पत्नी गीता अस्पताल पहुंची। थोड़ी देर में उसके तीनों बच्चे आकाश (12), काजल (9) और राज (6) भी वहां पहुंच गए। अस्पताल परिसर में बच्चों की चीत्कार और पत्नी का विलाप देख मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। गीता ने बताया कि परिवार की जिम्मेदारी पूरी तरह राकेश के कंधों पर थी। पति-पत्नी दोनों लखनऊ में रहकर मजदूरी करते थे। अब परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस दुर्घटना के लिए जिम्मेदार बाइक और हाफ डाला वाहन की तलाश में जुटी है।होली से ठीक पहले हुए इस हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं और तीन मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया हमेशा के लिए उठ गया।

# लखनऊ में 04 मार्च को निकलेगी भगवान नरसिंह की भव्य रंग भरी शोभा यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददात



लखनऊ । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, लखनऊ द्वारा होली के पावन अवसर पर भगवान नरसिंह रंग भरी भव्य शोभा यात्रा एवं होली उत्सव का आयोजन 04 मार्च को प्रातः 9:00 बजे राम लीला मैदान ऐशबाग से किया जाएगा। इस आयोजन में नगर के गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी सपरिवार सम्मिलित होंगे।

शोभा यात्रा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वान्त रंजन शामिल होंगे। यह जानकारी सोमवार को रामलीला मैदान ऐशबाग में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान प्रबंधक समिति के सदस्यों ने दी। प्रबंधक समिति ने बताया कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन समाज को जोड़ने और नई पीढ़ी को भारतीय परंपराओं से परिचित कराने का सशक्त माध्यम हैं। यात्रा रामलीला मैदान ऐशबाग से प्रारंभ होकर के बाबूलाल चौराहा याहियागंज शास्त्री नगर चौराहा कपूर मोटर्स होते हुए पुनः प्रारंभ स्थल पर विराम लेगी।मीडिया प्रभारी अभय उपाध्याय ने बताया सांस्कृतिक विरासत को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शोभा यात्रा, भजन-कीर्तन, पुष्प वर्षा, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रंगोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिससे समाज में आपसी भाईचारा, समरसता और राष्ट्रभक्ति की भावना सुदृढ़ हो सके।इस अवसर पर कार्यक्रम संचालन एवं व्यवस्था हेतु समिति का गठन किया गया है, जिसमें समिति प्रबंधक अनुज गुप्ता व प्रकाश सिंह मीडिया प्रभारी एवं अन्य व्यवस्थापक अनिल व मोहित को जिम्मेदारी दी गयी है। आयोजन समिति ने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## छात्रवृत्ति परीक्षा में बेटियों की शानदार सफलता





**लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम क्षेत्र के जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज बहरौली की छात्रा नंदिनी (पुत्री अशोक कुमार, ग्राम रसूलपुर आशिक अली) ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण कर 99 अंकों के साथ जनपद में 43वीं रैंक प्राप्त की। नंदिनी ने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा के मार्गदर्शन, अतिरिक्त कक्षाओं और नियमित टेस्ट का विशेष योगदान रहा। इसी क्रम में मोहनलालगंज क्षेत्र के बेसिक विद्यालय गौरा की छात्रा आराधना ने भी परीक्षा में 25वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का मान बढ़ाया। दोनों छात्राओं की उपलब्धि से विद्यालयों में हर्ष का माहौल है। सच ही कहा गया है— मेहनत का फल हमेशा मीठा होता है।

## गांवों में चल रहा फाग का रिहर्सल



**लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** सुल्तानपुर रोड पर स्थित सरसवां व अहिमामऊ गांवों में फाग गाने का रिहल्सल चल रहा है। यहां के निवासियों के अनुसार यह काम होली के 10 दोनों पहले से शुरू हो जाता है। ग्रामीण होली के अवसर पर भगवान कृष्ण और राम के साथ भगवान शिव पर आधारित फाग को गाते हुए होलिका दहन की परिक्रमा करके हुए उल्लास के साथ रगों का पर्व मानते है। सभी लोग अपने गांव की प्रसन्नता की कामना करते हुए होलिका के सामने इन पक्तियों को गाते है।''उड़त गुलाल भरत पिचकारी राधा- मोहन ख्यालै होरी हो..सदा आनंद रहै यह नगरी मोहन ख्यालै होरी हो।''बुजुर्गो की माने तो अहिमामऊ में कई दशको से होली पर परंपरागत फाग होता रहा है। इस मौके पर ग्रामीण सूर और कबीर के पदों को भी गाते है । राधा - कृष्ण की लीला पर एक टोली फगुआ गाती है । रविवार को सरसवां गांव में ढोलक की थाप व मंजीरो की झंकार के साथ बुजुर्ग एवं युवा पीढ़ी भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेती दिखाई देती है।शहर से लगे हुए इस गांव को बढते विकास ने चारो तरफ से घेर रखा है, इसके बाद भी ग्रामीणो ने अपनी पारंपरिक संस्कृति को नहीं बदला है। यहां होली के दिन एक तरफ जहां गलियों से फगुहारो की टोली निकलती है तो दूसरी तरफ छतो से बच्चे के साथ महिलाएं भी अमीर गुलाल व

# लखनऊ के इंदिरा गांधी नक्षत्रशाला में चंद्रग्रहण अवलोकन के लिए विशेष नि:शुल्क कार्यक्रम

- ब्लड मून' का अद्भुत दृश्य : नक्षत्रशाला में टेलिस्कोप से होगा अवलोकनवर्ष का पहला पूर्ण चंद्र ग्रहण लखनऊ से आंशिक दिखाई देगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। 3 मार्च 2026 की शाम आकाश में एक अत्यंत आकर्षक खगोलीय घटना घटित होगी। इस दिन वर्ष 2026 का पहला पूर्ण चंद्र ग्रहण दिखाई देगा। यदि मौसम साफ रहा तो भारत के अनेक भागों लखनऊ सहित उत्तर भारत में इसका अंतिम चरण देखा जा सकेगा। यह ग्रहण विशेष इसलिए भी है क्योंकि पूर्ण अवस्था में चंद्रमा लालिमा लिए दिखाई दे सकता है, जिसे आम भाषा में ह्लब्लड मून कहा जाता है।

इंदिरा गांधी नक्षत्रशाला, लखनऊ द्वारा नक्षत्रशाला परिसर में जनसामान्य के लिए रात्रि आकाश दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में नक्षत्रशाला द्वारा टेलिस्कोप के माध्यम से चंद्रग्रहण का अवलोकन जनसामान्य को करवाया जायेगा। भारत के अधिकांश हिस्सों में चंद्रमा उस समय उदित होगा जब ग्रहण पहले से जारी रहेगा। लखनऊ में सूर्यास्त 18:08 बजे होगा, इसलिए चंद्रमा पूर्व दिशा में क्षितिज के पास दिखाई देगा। उस समय ग्रहण का पूर्ण चरण समाप्त हो चुका होगा, किन्तु आंशिक चरण जारी रहेगा। इस दौरान चंद्रमा हल्का धुंधला या लालिमा लिए दिखाई दे सकता है। लखनऊ से चंद्रग्रहण को देखने की अधिकतम संभावित अवधि लगभग 39 मिनट हो सकती है। इस विशेष कार्यक्रम को सायंकाल से रात्रि 19:00 बजे तक संचालित किया जायेगा। यह कार्यक्रम नि:शुल्क होगा एवं उत्तर प्रदेश अमेच्योर एस्ट्रोनॉमर्स क्लब के द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन करवाया जायेगा।

**लखनऊ में चंद्र ग्रहण का समय**

1. लखनऊ में सूर्यास्त का समय 18:08
2. उपछायी चन्द्र ग्रहण का प्रारंभ 14:14
3. आंशिक चन्द्र ग्रहण का प्रारंभ 15:20
4. पूर्ण चन्द्र ग्रहण प्रारंभ 16:34
5. पूर्ण चन्द्र ग्रहण की समयावधि 59 मिनट्स
6. पूर्ण चन्द्र ग्रहण का समापन 17:33
7. आंशिक चन्द्र ग्रहण समाप्त 18:47
8. उपछायी चन्द्र ग्रहण समापन 19:53
9. लखनऊ में चन्द्र ग्रहण के दिखाई देने की संभावित अवधि 39 मिनट्स

वास्तव में चंद्र ग्रहण तब होता है जब पृथ्वी सूर्य और चंद्रमा के बीच आ जाती है और पृथ्वी की छाया चंद्रमा पर पड़ती है। पूर्णिमा की रात यह घटना संभव होती है। जैसे-जैसे पृथ्वी की छाया चंद्रमा को ढकती है, चंद्रमा धीरे-धीरे धुंधला पड़ने लगता है और पूर्ण अवस्था में लाल या तांबे जैसा दिखाई दे सकता है। जब पृथ्वी सूर्य के प्रकाश को सीधे चंद्रमा तक पहुँचने से रोकती है, तब सूर्य का प्रकाश पृथ्वी के वायुमंडल से होकर मुड़ता और छनता हुआ चंद्रमा तक पहुँचता है। हमारा वायुमंडल नीली रोशनी को अधिक बिखेर देता है और लाल रोशनी को आगे जाने देता है। यही कारण है कि सूर्यास्त लाल दिखाई देता है और इसी कारण पूर्ण चंद्र ग्रहण के समय चंद्रमा लालिमा लिए दिखता है।

चंद्रमा की कक्षा पृथ्वी की सूर्य के चारों ओर की कक्षा से लगभग 5ल झुकी हुई है। इसी कारण हर पूर्णिमा पर पृथ्वी की छाया चंद्रमा पर नहीं पड़ती। केवल जब तीनों खगोलीय पिंड बिल्कुल एक सीध में आ जाते हैं, तभी ग्रहण संभव होता है। चंद्र ग्रहण खगोल विज्ञान का प्रत्यक्ष प्रयोगशाला जैसा उदाहरण है। यह पृथ्वी के वायुमंडल के प्रकाश प्रकीर्णन को समझने का अवसर देता है। ऐतिहासिक रूप से ग्रहणों ने खगोलीय गणनाओं और समय मापन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इस प्रकार 3 मार्च 2026 का पूर्ण चंद्र ग्रहण खगोल प्रेमियों और आम नागरिकों के लिए एक अनूठा अवसर है। जिसके लिए नक्षत्रशाला द्वारा चंद्रग्रहण को देखने के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन सायंकाल से रात्रि 19:00 बजे तक संचालित किया जायेगा।

# होली पर जन भवन में राज्यपाल से उप मुख्यमंत्री, मंत्रीगण व गणमान्य नागरिकों की शिष्टाचार भेंट



लखनऊ। होली के पावन पर्व पर सोमवार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से जन भवन में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यमंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी सहित अनेक जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों, विश्वविद्यालयों के कुलपतियों तथा अन्य गणमान्य नागरिकों ने शिष्टाचार भेंट कर होली की शुभकामनाएँ दीं। इससे पूर्व विशेष कार्याधिकारी (अपर मुख्य सचिव स्तर) डॉ. सुधीर महादेव बोबडे के नेतृत्व में जन भवन में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने भी राज्यपाल से भेंट कर उन्हें रंगोत्सव की बधाई दी। राज्यपाल ने सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह पर्व आपसी प्रेम, सौहार्द और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने भीतर के अवगुणों का त्याग कर समाज के कल्याण के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जन भवन में विगत वर्षों में अनेक रचनात्मक और नवाचारपूर्ण कार्य हुए हैं तथा भविष्य में भी कई महत्वपूर्ण पहलें प्रस्तावित हैं। अधिकारियों और कर्मचारियों से उन्होंने अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षा एवं विकास के अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने का आग्रह किया। राज्यपाल ने बताया कि आदर्श माध्यमिक विद्यालय, जन भवन में हाल ही में इसरो लैब की स्थापना की गई है, जिससे विद्यार्थियों को विज्ञान और अंतरिक्ष के क्षेत्र में व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होगा। अपने हालिया गुजरात दौरे का उल्लेख करते हुए उन्होंने धोलावीरा को भारत की प्राचीन समृद्ध सभ्यता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया और बनास डेयरी के माध्यम से पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन में हो रही प्रगति की सराहना की। उन्होंने सुझाव दिया कि इन उपलब्धियों पर आधारित एक प्रेरक फिल्म बनाई जानी चाहिए, जिससे नई पीढ़ी को देश की ऐतिहासिक और आधुनिक उपलब्धियों की जानकारी मिल सके।

# भारत के हर कोने में प्रतिभा मौजूद है, सही सुविधाएं और उपकरण मिलने से ही खिलाड़ी आगे बढ़ पाते हैं : युवराज सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। डीपी वर्ल्ड ने उत्तर प्रदेश में जमीनी स्तर पर क्रिकेट को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने लखनऊ में एक रीपर्पज्ड शिपिंग कंटेनर से बने आधुनिक पैवेलियन और 250 क्रिकेट किट्स उपलब्ध कराकर अपनी 'बियॉन्ड बाउंड्रीज' पहल का विस्तार किया है।

इस पहल से प्रदेश के युवा क्रिकेटरों को बेहतर प्रशिक्षण और सुविधाएं मिल सकेंगी। रीपर्पज्ड शिपिंग कंटेनर को पूरी तरह सुसज्जित मल्टीपर्पज पैवेलियन में बदला गया है, जहां खिलाड़ियों को अभ्यास, तैयारी और विश्राम के लिए समर्पित स्थान मिलेगा। इस पैवेलियन का अनावरण लखनऊ स्थित भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी क्रिकेट स्टेडियम में क्रिकेट दिग्गज युवराज सिंह की उपस्थिति में किया गया। इसे स्थायी रूप से सेज क्रिकेट एकेडमी में स्थापित किया जाएगा। कार्यक्रम में युवराज सिंह ने कहा कि भारत के हर कोने में प्रतिभा मौजूद है, लेकिन सही सुविधाएं और उपकरण मिलने से ही खिलाड़ी आगे बढ़ पाते हैं। 'बियॉन्ड बाउंड्रीज' जैसी पहल युवा खिलाड़ियों को आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर और आत्मविश्वास प्रदान करती है। इस पहल को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल और उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सहयोग से आगे बढ़ाया गया है। इसके तहत आईसीसी टूर्नामेंट में बनने वाले प्रत्येक 100 रन पर 10 क्रिकेट किट दान करने का लक्ष्य रखा गया है। डीपी वर्ल्ड, सब-कॉन्टिनेंट (इंडिया) के कंट्री मैनेजर हेमंत कुमार रुइया ने बताया कि उभरते खिलाड़ियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती सही संसाधनों तक पहुंच की होती है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में शुरुआत के बाद से अब तक इस पहल के तहत आठ देशों में 13 रीपर्पज्ड शिपिंग कंटेनर पैवेलियन और 3,500 क्रिकेट किट वितरित की जा चुकी हैं। भारत में नई दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद और चेन्नई में इसका लाभ खिलाड़ियों को मिला है।

# यूपी में 'फ़ेस्टिवल इकोनॉमी' बनी आर्थिक इंजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- सुरक्षा और सुशासन से बदली तस्वीर, सुदृढ़ कानून-व्यवस्था से बढ़ा भरोसा, त्योहारों के दौरान कई गुना तक बढ़ा फुटफॉल

लखनऊ। यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार का दावा है कि प्रदेश में बीते नौ वर्षों में पर्व-त्योहारों के आयोजन का स्वरूप बदला है। सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, प्रशासनिक तैयारी और राजनीतिक स्तर पर बढ़ी सक्रियता के चलते प्रमुख पर्वों-त्योंहारों पर सांस्कृतिक आयोजनों का दायरा कहीं ज्यादा व्यापक हो गया है। इसका सीधा असर प्रदेश की स्थानीय अर्थव्यवस्था पर पड़ा है। योगी सरकार के प्रयासों से नौ वर्षों में बदले परिदृश्य ने प्रदेश में इस फ़ेस्टिवल इकॉनमी को जन्म दिया है, जिसके माध्यम से न सिर्फ राज्य स्तर पर, बल्कि स्थानीय स्तर पर भी बाजार में कारोबार कई गुना तक बढ़ रहा है।

प्रदेश सरकार के प्रवक्ता का कहना है कि उत्तर प्रदेश में फ़ेस्टिवल इकॉनमी को गति देने में योगी सरकार में सुदृढ़ कानून-व्यवस्था निर्णायक कारक बनी है। प्रमुख पर्व-त्योहारों पर राज्य से लेकर जिला स्तर तक विशेष सुरक्षा प्लान लागू किए जाते हैं। संवेदनशील जिलों और धार्मिक नगरों में अतिरिक्त पुलिस व पीएसी बल की तैनाती, महिला सुरक्षा दल और दंगा नियंत्रण इकाइयों की सक्रिय मौजूदगी सुनिश्चित की जाती है। ड्रोन से रियल टाइम निगरानी, प्रमुख बाजारों व आयोजन स्थलों पर व्यापक सीसीटीवी कवरेज और इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम के जरिए पूरे सप्ताह 24 घंटे मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है। प्रशासन और व्यापारी संगठनों के अनुसार बेहतर सुरक्षा माहौल का सीधा असर बाजार पर दिखा है। होली, दीपावली और नवरात्र जैसे अवसरों पर कई प्रमुख बाजारों में सामान्य दिनों की तुलना में 30 से 50 प्रतिशत तक अधिक फुटफॉल दर्ज किया गया। भरोसेमंद कानून-व्यवस्था ने न सिर्फ लोगों को खुलकर पर्व-त्योहारों का उत्सव मनाने का अवसर दिया है

व्यापार मंडल पदाधिकारियों का कहना है कि पिछले नौ वर्षों में त्योहारों के दौरान बाजार गतिविधियों का दायरा स्पष्ट रूप से बढ़ा है। दीपावली, होली और नवरात्र जैसे प्रमुख अवसरों पर खुदरा बाजार में सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना अधिक कारोबार दर्ज किया जा रहा है। कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, सर्राफा, मिठाई, सजावटी सामग्री और पूजा उत्पादों की मांग में लगातार उछाल आया है। व्यापारिक संगठनों का दावा है कि संगठित प्रबंधन और बेहतर कानून-व्यवस्था के कारण ग्राहकों का भरोसा बढ़ा है, जिससे बिक्री के आंकड़े मजबूत हुए हैं।

त्योहारों के सांस्कृतिक आयोजनों के विस्तार का प्रभाव पर्यटन और सेवा क्षेत्र में भी दिखाई देता है। अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज और मथुरा जैसे शहरों में बड़े आयोजनों के दौरान होटल ऑक्यूपेंसी दर में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। परिवहन, टूर ऑपरेटर, टैक्सी, ई-रिक्शा और खानपान कारोबार में भी उछाल आया है। स्थानीय प्रशासन के अनुसार संगठित और सुरक्षित आयोजनों के कारण श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है, जिससे अस्थायी और स्थायी दोनों प्रकार के रोजगार के अवसर बढ़े हैं। अधिकारियों का मानना है कि कानून-व्यवस्था की सख्ती, प्रशासनिक समन्वय और त्योहारों के योजनाबद्ध विस्तार ने इन आयोजनों को केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उन्हें प्रदेश की आर्थिक गतिविधियों का सशक्त माध्यम बना दिया है।

पिछले कुछ वर्षों में त्योहारों के आयोजन में जनप्रतिनिधियों की भागीदारी उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में सांसदों, विधायकों और स्थानीय निकाय प्रतिनिधियों ने आयोजन समितियों के साथ समन्वय स्थापित कर तैयारियों की नियमित समीक्षा की है। प्रकाश व्यवस्था, सड़क मरम्मत, स्वच्छता, पेयजल, बैरिकेडिंग और स्थानीय संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने में उनकी सक्रिय भूमिका रही है। जनप्रतिनिधियों की भागीदारी ने आयोजनों को अधिक संरचित और उत्तरदायी स्वरूप दिया है।

# होली से पहले मिलावटखोरों पर प्रशासन का बड़ा एक्शन, जिलेभर में छापेमारी से मचा हड़कंप

❒ प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में मिठाई, खोया, पनीर, रिफाइंड तेल एवं अन्य खाद्य सामग्री बनाने और बेचने वाले प्रतिष्ठानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की गई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। आगामी होली पर्व को देखते हुए खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की टीम ने सोमवार को जनपदभर में व्यापक अभियान चलाया।

प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में मिठाई, खोया, पनीर, रिफाइंड तेल एवं अन्य खाद्य सामग्री बनाने और बेचने वाले प्रतिष्ठानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान कई स्थानों पर कालातीत व संदूषित खाद्य पदार्थ बरामद हुए, जिन्हें मौके पर ही नष्ट कराया गया।अभियान के तहत कुल 18 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया तथा विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। इस अचानक हुई कार्रवाई से मिलावटखोरों में हड़कंप की स्थिति बनी रही। गोला नगर पालिका क्षेत्र स्थित गायत्री स्वीट्स के निर्माण इकाई का निरीक्षण नायब तहसीलदार भानु प्रताप सिंह एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी ताहिर परवेज़ की मौजूदगी में किया गया। निरीक्षण के दौरान कारीगर निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप हेडगियर व ग्लव्स पहने मिले, फिर भी कर्मचारियों की नियमित मेडिकल जांच और पेस्ट कंट्रोल कराने के निर्देश दिए गए।यहां से खोया और सोयाबीन रिफाइंड तेल का नमूना लिया गया तथा करीब 13 लीटर रिफाइंड तेल (लगभग ?1690 मूल्य) को संदिग्ध पाए जाने पर सीज़ कर दिया गया। साथ ही काजू बर्फी का नमूना भी जांच हेतु संकलित किया गया।फरधान क्षेत्र के खजुआ शंकरपुर स्थित खोया-पनीर निर्माण इकाई से भी तैयार खोया का नमूना लिया गया।लखीमपुर शहर के बांके बिहारी स्वीट्स, रेवाड़ी स्वीट्स और माखन भोग स्वीट्स के कारखानों में उपजिलाधिकारी की उपस्थिति में मौके पर ही जांच किट से छेना एवं खोया आधारित मिठाइयों की गुणवत्ता जांची गई। खाद्य पदार्थ मानकों के अनुरूप पाए गए, हालांकि दुकानदारों को साफ-सफाई और व्यक्तिगत स्वच्छता व्यवस्था बेहतर करने की सख्त हिदायत दी गई।मोहम्मदी क्षेत्र के पश्चिमी लखापेड़ा स्थित न्यू विनय स्वीट हाउस से 46 पैकेट कालातीत बिस्किट (करीब ?5016) बरामद किए गए, जिन्हें तत्काल नष्ट कराया गया।इसी क्रम में जमशेद किराना स्टोर से 90 पैकेट एक्सपायर बिस्किट एवं 8 पैकेट नमकीन जब्त कर नष्ट किए गए। वहीं रजनीश किराना स्टोर से कालातीत चाय पत्ती और लगभग 20 किलो पुरानी रंगीन कचरी बरामद हुई, जिसे भी मौके पर नष्ट कराया गया।गोला के अलीगंज क्षेत्र में तीन मिठाई दुकानों पर खोया, पनीर और मिठाइयों की जांच की गई। गुणवत्ता संतोषजनक मिलने के बावजूद दुकानदारों को खाद्य सामग्री ढककर रखने तथा अखबार में मिठाई पैक न करने के निर्देश दिए गए।निघासन के सिंगाही रोड स्थित हनुमान डेयरी में निरीक्षण के दौरान परिसर में गंदगी और दीवारों पर जाले पाए गए। यहां रखी करीब 20 लीटर संदूषित चाशनी (?800 मूल्य) को मौके पर ही नष्ट कराया गया। साथ ही कुंदा (खोया) का नमूना लिया गया।पलिया रोड स्थित श्री राम स्वीट और श्री बालाजी स्वीट से भी खाद्य नमूने संकलित किए गए। एक प्रतिष्ठान में गंदी पानी टंकी मिलने पर पानी की सप्लाई अस्थायी रूप से सील कर सफाई कराने के निर्देश दिए गए।ढकेरवा के विशाल स्वीट हाउस, दिल्ली स्वीट तथा शाविर मिष्ठान भंडार में स्वच्छता व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए गए। बेहजम स्थित मुदित स्वीट्स और जायसवाल स्वीट्स से मिल्क केक व बर्फी के नमूने लिए गए, जबकि पलिया के भोला स्वीट हाउस से पनीर का नमूना जांच के लिए भेजा गया।एफएसडीए अधिकारियों ने बताया कि सभी खाद्य नमूनों को प्रयोगशाला परीक्षण हेतु भेज दिया गया है। रिपोर्ट में मिलावट या मानक उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# ईरान के सुप्रीम लीडर की शहादत पर सीतापुर के एकेडमिक और लिटरेरी सर्कल ने कड़ी प्रतिक्रिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ दीरमज़ान के पवित्र महीने में अमेरिका और इज़राइल का कायरता पूर्ण हमला दुनिया की शांति के लिए बड़ा खतरा : मस्त हफीज रहमानी

सीतापुर । ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई की शहादत की खबर से पूरी दुनिया समेत सीतापुर ज़िले के एकेडमिक, धार्मिक और लिटरेरी सर्कल में दुख की लहर दौड़ गई है।

इस दुखद घटना पर जमीयत उलेमा-ए-हिंद के ज़िला प्रेसिडेंट और मशहूर शायर मस्त हफीज रहमानी ने अपने स्टेटमेंट में इस कायरतापूर्ण हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है और इसे इंटरनेशनल कानूनों का साफ़ उल्लंघन बताया है।अपना गुस्सा और दुख ज़ाहिर करते हुए मस्त हफीज रहमानी ने कहा कि शांति और इबादत का पैगाम देने वाले रमज़ान के पवित्र महीने में अमेरिका और इज़राइल का यह हमला उनके क्रूर और कायराना चेहरे को दिखाता है। किसी देश के ताकतवर नेता को निशाना बनाना न सिर्फ उस देश की आज़ादी पर हमला है, बल्कि पूरी इंसानियत और दुनिया की स्थिरता को खतरे में डालने जैसा है। हम इस वहशी हरकत की निंदा करते हैं और इसे दुनिया की शांति के ताबूत में आखिरी कील मानते हैं। उन्होंने कहा कि यह हमला सिर्फ एक नेता की शहादत नहीं है, बल्कि ज्ञान, समझदारी और एक सोच को चुप कराने की नाकाम कोशिश है। इज़राइल और अमेरिका की यह ज़िद दुनिया को तीसरे विश्व युद्ध की ओर धकेल रही है। मस्त हफीज रहमानी ने आगे कहा कि युद्ध समस्याओं का हल नहीं बल्कि तबाही का रास्ता है। हम मांग करते हैं कि इस खून-खराबे और क्रूरता को तुरंत रोका जाए। उन्होंने भारत सरकार और इस्लामिक देशों समेत सभी शांति पसंद देशों से दखल देने की ज़ोरदार अपील की है। इस मौके पर मस्त हफीज रहमानी ने इस्लामिक दुनिया की चुप्पी पर सवाल उठाया और इस्लामिक देशों (OIC) और इंटरनेशनल कम्युनिटी से मदद की अपील करते हुए कहा कि सभी शांति पसंद और मुस्लिम देशों को एकजुट होकर इस हमले के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए और डिप्लोमैटिक लेवल पर कड़े कदम उठाने चाहिए। इस जंग को रोकने के लिए तुरंत दखल देना चाहिए ताकि इस इलाके में और बेगुनाहों का खून न बहे।

# एसपी ने जुलूस मार्ग का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने होली पर्व पी निकलने वाले बड़े-छोटे लाट साहब जुलूस मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने जुलूस मार्ग के प्रमुख चैराहों, संवेदनशील स्थलों, बाजार क्षेत्रों एवं मिश्रित आबादी वाले स्थानों का गहन निरीक्षण करते हुए सुरक्षा प्रबंधन की समीक्षा की और जुलूस रूट पर बैरिकेडिंग व्यवस्था, ड्यूटी प्वाइंट चिन्हांकन, यातायात डायवर्जन प्लान, भीड़ नियंत्रण के उपाय, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, ड्रोन कैमरों के माध्यम से सतत मॉनिटरिंग, पिकेट एवं मोबाइल पार्टियों की तैनाती आदि व्यवस्थाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने पुलिस बल को संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने, संदिग्ध व्यक्तियों, गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने तथा आयोजकों के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। कहा कि ड्यूटी के दौरान संयम, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने तथा किसी भी प्रकार की अफवाहध्भ्रामक सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उच्चाधिकारियों को अवगत कराने हेतु निर्देशित किया। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम को भी सक्रिय रहकर आपत्तिजनक एवं भ्रामक पोस्ट पर निगरानी रखने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे निर्धारित यातायात व्यवस्था का पालन करें तथा पुलिस प्रशासन का सहयोग प्रदान करें, जिससे जुलूस शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके। इस दौरान एसपी सिटी, एसपी देहात, सीओ सिटी, सीओ साइबर क्राइम, आरटीसी महिला रिक्रूट्स तथा थाना कोतवाली एवं थाना सदर बाजार पुलिस बल मौजूद रहा।

## रेलवे स्टेशन से बाइक चोरी करने वाले 02 गिरफ्तार, बाइक बरामद

शाहजहांपुर। जीआरपी पुलिस ने रेलवे स्टेशन परिसर से मोटर साइकिल चोरी करने वाले 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने चोरी की गई मोटर साइकिल भी बरामद की है।पुलिस के अनुसार, शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन परिसर से मोटर साइकिल चोरी हुई थी। इस संबंध में रविवार को जीआरपी थाना पर रिपोर्ट दर्ज की गई थी। आज जीआरपी पुलिस ने दो अभियुक्तों को मालगोदाम रोड पर बनी मजार के पास से गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने रेलवे स्टेशन परिसर से चोरी की गई मोटर साइकिल भी बरामद की। पकड़े गए अभियुक्त थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला खिरनीबाग का रहने वाला सावन मिश्रा पुत्र गोपी मिश्रा और थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला हाथीथान में हाफी मियां की मजार के पीछे रहने वाला मोहम्मद सुहेल पुत्र इंतजार है। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना जीआरपी के उपनिरीक्षक रजनीश कुमार शुक्ला के साथ का. आदेश कुमार, पुष्पेन्द्र सिंह और अनुज कुमार मौजूद रहे।

# तुलसीरामपुरवा में परंपरागत होलिका दहन पर रोक से बढ़ा तनाव, ग्रामीणों में उबाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जनपद के थाना धौरहरा क्षेत्र अंतर्गत तुलसी राम पुरवा गांव में इस वर्ष परंपरागत होलिका दहन स्थल पर प्रशासन द्वारा रोक लगाए जाने के बाद गांव का माहौल गरमा गया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि वर्षों से गांव के राधा-कृष्ण मंदिर के समीप निर्धारित स्थान पर ही होलिका दहन किया जाता रहा है, लेकिन इस बार प्रशासन ने अनुमति देने से इनकार कर दिया।ग्रामीणों के अनुसार, यह परंपरा कई दशकों से चली आ रही है और पिछले वर्ष भी उसी स्थान पर विधि-विधान से होलिका दहन संपन्न हुआ था। गांव के बुजुर्गों का कहना है कि मंदिर परिसर के पास निर्धारित स्थान को ही पवित्र मानकर हर साल होलिका जलाई जाती रही है, जिससे लोगों की धार्मिक आस्था जुड़ी हुई है।ग्रामीणों का आरोप है कि इस बार प्रशासन की ओर से परंपरागत स्थल बदलने का दबाव बनाया जा रहा है। उनका कहना है कि बिना किसी स्पष्ट कारण के परंपरा में बदलाव करना उचित नहीं है। गांव के युवाओं और महिलाओं ने भी इसे आस्था से जुड़ा विषय बताते हुए नाराजगी जताई है।एक ग्रामीण ने कहा, ल्लजब वर्षों से यहां शांति और सौहार्द के साथ कार्यक्रम होता आया है, तो इस बार अचानक रोक लगाने का क्या कारण है?ङ्कमामले में प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, जिससे ग्रामीणों में असमंजस और आक्रोश की स्थिति बनी हुई है। गांव में चर्चा है कि यदि समय रहते समाधान नहीं निकला तो स्थिति और तनावपूर्ण हो सकती है।कुछ ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार में धार्मिक परंपराओं को संरक्षण देने की बात कही जाती है, ऐसे में परंपरागत होलिका दहन पर रोक क्यों लगाई जा रही है। हालांकि, प्रशासन की ओर से अभी तक स्पष्ट कारण सार्वजनिक नहीं किया गया है।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि उनकी आस्था के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि पूर्व की भांति उसी स्थान पर होलिका दहन की अनुमति दी जाए, ताकि गांव में शांति और सौहार्द बना रहे।फिलहाल गांव में स्थिति संवेदनशील बनी हुई है और सभी की नजर प्रशासन के अगले कदम पर टिकी है।

# गन्ने के खेत में मिला बाघ का शव, इलाके में फैली सनसनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जनपद के गोला वन रेंज क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब इमलिया गांव के पश्चिम स्थित एक गन्ने के खेत में मृत बाघ मिलने की सूचना सामने आई। बाघ का शव मिलने की खबर फैलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई और पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार इमलिया गांव निवासी रावेंद्र पुत्र श्रीकृष्ण अपने खेत की ओर गए थे, तभी गन्ने के बीच उन्हें एक बाघ पड़ा दिखाई दिया। पास जाकर देखने पर बाघ मृत अवस्था में मिला। इसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी।सूचना मिलते ही गोला वन रेंज की वन विभाग टीम मौके पर पहुंची और क्षेत्र को घेराबंदी कर अपने कब्जे में ले लिया। अधिकारियों ने ग्रामीणों को खेत के पास जाने से रोकते हुए सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की।वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार मृत बाघ की उम्र लगभग 7 से 8 वर्ष के बीच आंकी जा रही है। प्रथम दृष्टया बाघ के शरीर पर किसी स्पष्ट चोट के निशान की पुष्टि नहीं हो सकी है, हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।बताया जा रहा है कि जिस क्षेत्र में बाघ का शव मिला है, वह जंगल से सटा इलाका है और पूर्व में भी वन्यजीवों की आवाजाही होती रही है। घटना के बाद आसपास के गांवों में भय का माहौल है और लोग खेतों में अकेले जाने से बच रहे हैं।वन विभाग द्वारा उच्चाधिकारियों को घटना की सूचना दे दी गई है। विशेषज्ञ टीम को बुलाकर शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम की प्रक्रिया कराई जा रही है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि बाघ की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई या फिर किसी अन्य वजह, जैसे करंट, जहर अथवा आपसी संघर्ष के कारण।वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा जंगल क्षेत्र के आसपास सतर्कता बरतें। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# हैंडबॉल प्रतियोगिता आयोजित, हरि कौशल त्यागी स्कूल ने बाजी मारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जिला ओलंपिक संघ की ओर से जिला स्तरीय बालक-बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बालिका वर्ग में हरि कौशल त्यागी स्कूल ने बाजी मारी। विजेताओं को सम्मानित किया गया।डॉ.सुदामा प्रसाद विद्यास्थली में हुए आयोजन में बालकों की छह व बालिकाओं की चार टीमों ने भाग लिया।

कड़े मुकाबले में बालिका वर्ग में हरिकौशल त्यागी स्कूल विजेता बना। जबकि स्पोर्ट्स स्टेडियम उपविजेता रहा। बालक वर्ग में स्पोर्ट्स स्टेडियम व चाणक्य स्पोर्ट्स अकादमी उप विजेता रहा। जिला क्रीड़ा अधिकारी एसपी बमनिया, जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष विनय गुप्ता, सचिव नरेंद्र त्यागी ने विजेता व उप विजेता टीमों को पुरस्कृत किया। नरेन्द्र त्यागी ने बताया कि उत्तरप्रदेश ओलंपिक संघ व भारतीय हैंडबॉल संघ के मुख्य कार्य अधिकारी आनंदेश्वर पांडेय व यूपी हैंडबॉल संघ के महासचिव अमित पांडेय के निर्देशन में पहली बार जिला स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता हुई। बताया कि जिला ओलंपिक संघ की देखरेख में जल्द जिला हैंडबॉल की नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा, साथ ही जिला प्रशासन से हैंडबॉल मैदान बनवाने की मांग की जाएगी। इस मौके पर पंकज सक्सेना, इरफान खान, सचिन प्रेमी, प्रमोद पांडेय, धीरज सक्सेना, निशांत कुमार, मुजाहिद खान, शकील, अजयपाल, अन्नू त्यागी, संजय, लालाराम का सहयोग रहा।

## पुलिस ने बरामद 151 मोबाइल उनके स्वामी को सौंप



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सर्विलांस सेल, एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम ने 151 मोबाइल फोन बरामद किए। एसपी ने बरामद मोबाइन उनके स्वामी के सुपुर्द किए। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 35 लाख रुपए बताई गई है। इस दौरान एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि गुम हुए मोबाइल फोन के संबंध में शिकायतकर्ताओं द्वारा संबंधित थाना अथवा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से शिकायत की जाती है। जिन पर सर्विलांस सेल द्वारा लगातार मॉनीटरिंग की जाती है। इसी क्रम में आज पुलिस लाइन सभागार में बरामद किए गए 151 मोबाइल फोन उनके स्वामियों को सुपुर्द किए गए। वहीं, मोबाइल फोन मिलने पर उनके स्वामियों ने शाहजहांपुर पुलिस की भूरि–भूरि प्रशंसा की और धन्यवाद दिया। एसपी ने लोगों से अपील की है कि वे भविष्य में अधिक सतर्कता बरतें, यदि किसी व्यक्ति का मोबाइल फोन खो जाता है या चोरी हो जाता है, तो वह तुरंत निकटतम थाना या सर्विलांस पुलिस को इसकी सूचना दें, ताकि पुलिस आवश्यक कार्यवाही कर सके। कहा कि गुम अथवा चोरी हुए मोबाइल फोन की सूचना तत्काल पोर्टल पर दर्ज कर मोबाइल को ब्लॉक कराएं, जिससे न केवल मोबाइल के दुरुपयोग पर प्रभावी रोक लगे, बल्कि तकनीकी सर्विलांस के माध्यम से उसकी शीघ्र एवं सुरक्षित बरामदगी संभव हो सके।

## बजरंग दल ने आयोजित किया होली रंगोत्सव कार्यक्रम



**शाहजहांपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विश्व हिंदू परिषद/ बजरंग दल शाहजीपुर महानगर ने सामाजिक समरसता होली रंगोत्सव कार्यक्रम का आयोजन माता सती देवी मंदिर विसरात पर किया। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन बजरंग दल महानगर संयोजक हर्षित गुप्ता ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर समरसता प्रमुख सुरेश राठौर जी ने की। मुख्य वक्ता के रूप में अश्नील सिंह जी (विभाग मंत्री,विश्व हिंदू परिषद) ने उपस्थित युवाओं को प्रेरणादायक एवं मार्गदर्शक उद्बोधन प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने एक–दूसरे को गुलाल लगाकर एवं गले मिलकर सामाजिक समरसता के भाव से होली की शुभकामनाएं दीं। मंच पर विशेष रूप से प्रांत मिलन प्रमुख हरीश प्रजापति जी,प्रांत विद्यार्थी प्रमुख अंकित मिश्रा जी 'सम्राट',महानगर मंत्री धर्मेंद्र सिंह, महानगर उपाध्यक्ष रमेश कोरी सहित महानगर पदाधिकारी एवं सभी प्रखंडों के समर्पित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भारतीय कृषक दल का गांधीवादी सत्याग्रह 71वें दिन भी जारी



**तिलहर/ शाहजहांपुर।** भारतीय कृषक दल के राष्ट्रीय महासचिव प्रमोद यादव जनसेवक के नेतृत्व में चल रहा गांधीवादी सत्याग्रह 71वें दिन भी जारी रहा। प्रमोद यादव ने बताया कि छुट्टा आवारा पशुओं की भीषण समस्या सहित जनहित उपेक्षा से ग्रामीणों और किसानो में भारी आक्रोश है। बताया कि आज ग्राम रतनपुर, जौरा भूड़, छिकरापुर, डडिया, रहदेवा, टीसूइ, रजपुरा, रैना, सलेमपुर खुर्द, नगरिया सहित जनपद के कई गांवों में किसान सत्याग्रह सतत विस्तार कर रहा है और सत्याग्रही शासन प्रशासन से धरातल पर कार्यवाही की मांग के लिए संकल्पित है। कहा कि जिम्मेदार अधिकारी व राजनेता समय रहते धरातल पर कार्यवाही करते हुए कृषि, किसान और गौवंश की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं करते हैं, तो 23 मार्च को खिरनीबाग मैदान शाहजहांपुर में सामूहिक गिरफ्तारी से प्रदेश व्यापी आंदोलन शुरू होगा।

# कफारा में होली गाड़ने को लेकर दो पक्षों में विवाद, प्रशासन की तत्परता से मामला शांत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जनपद के कफारा क्षेत्र में होली गाड़ने को लेकर गांव में उत्पन्न विवाद को प्रशासन की सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई से शांत करा दिया गया। समय रहते पुलिस व प्रशासन के हस्तक्षेप से संभावित तनाव टल गया और गांव में शांति व्यवस्था कायम रही।

जानकारी के अनुसार कफारा गांव में परंपरागत होलिका दहन स्थल को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद की स्थिति बन गई थी। एक पक्ष द्वारा होली को दूसरे स्थान पर गाड़े जाने का विरोध किया जा रहा था, जिससे गांव में तनाव बढ़ने लगा। मामला बढ़ने पर ग्रामीणों की भीड़ मौके पर एकत्र हो गई।स्थिति की सूचना मिलते ही कफारा चौकी से सब इंस्पेक्टर मोहन सिंह पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों पक्षों को समझाकर शांत कराया तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया।प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए गांव के संभ्रांत लोगों व दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों के साथ वार्ता की। बातचीत के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि होली को गांव के पारंपरिक होलिका दहन स्थल पर ही गाड़ा जाएगा। इसके बाद प्रशासन की मौजूदगी में पुनः निर्धारित स्थान पर विधि-विधान से होली स्थापित कराई गई।प्रशासन की तत्परता और पुलिस की सक्रिय भूमिका से विवाद पूरी तरह समाप्त हो गया तथा गांव में शांति और सौहार्द का माहौल कायम हो गया।पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि त्योहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनाएं और किसी भी विवाद की स्थिति में कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

# प्रशासन-पुलिस-आबकारी का चला हंटर, 21 मुकदमे दर्ज, 469 लीटर शराब और 2630 लीटर लहन नष्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जनपद में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री, तस्करी एवं परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से प्रशासन, पुलिस और आबकारी विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देश पर जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह के नेतृत्व में यह अभियान 20 फरवरी से 06 मार्च तक संचालित किया जा रहा है।

सोमवार को चलाए गए सघन प्रवर्तन अभियान के दौरान जनपद भर में कुल 21 अभियोग पंजीकृत किए गए। कार्रवाई के दौरान टीमों ने 469 लीटर अवैध शराब बरामद की, जबकि लगभग 2630 लीटर लहन (अवैध शराब बनाने का कच्चा पदार्थ) मौके पर नष्ट कराया गया।अभियान के अंतर्गत आबकारी निरीक्षक अमित कुमार (क्षेत्र-1 सदर) ने आबकारी स्टाफ एवं नकहा पुलिस चौकी के साथ संयुक्त टीम बनाकर थाना खीरी क्षेत्र के ग्राम लोनियांपुरवा, परसा, कादीपुर व ललूवापुरवा में दबिश दी। यहां संदिग्ध स्थानों से प्लास्टिक पाउचों में भारी मात्रा में कच्ची शराब, लहन तथा संचालित भट्ठियां बरामद कर मौके पर नष्ट की गईं।आबकारी निरीक्षक एच.एन. पाण्डेय (क्षेत्र-2 मोहम्मदी) ने मोहम्मदी पुलिस के साथ ग्राम मगरैना, पालचक, टेगुन, खुर्रमनगर एवं बौद्धी खुर्द में छापेमारी की। इस दौरान घरों व छिपाए गए स्थानों से कच्ची शराब और लहन बरामद कर नष्ट किया गया।आबकारी निरीक्षक राजेश कुमार (क्षेत्र-3 निघासन) ने थाना सिंगाही क्षेत्र के मांझा फार्म, मसूरहा जंगल व चौगुर्जी में कार्रवाई करते हुए कच्ची शराब व लहन बरामद किया तथा मौके से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।इसी क्रम में आबकारी निरीक्षक प्रभात तिवारी (क्षेत्र-4 पलिया) ने पलिया एवं मझगई थाना पुलिस के साथ बुद्धापुरवा, ढाकिन व बसंतापुर क्षेत्रों में दबिश देकर अवैध शराब बरामद की और एक व्यक्ति को शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया।आबकारी निरीक्षक अविनाश रावत (क्षेत्र-5 गोला) ने मैलानी पुलिस के साथ पहाड़नगर, सुनहरा भूड़, बरौछा, सरैया विलियम सहित कई गांवों में छापेमारी कर अवैध शराब व लहन बरामद कर नष्ट कराया।आबकारी निरीक्षक विजय चंद जायसवाल (क्षेत्र-6 मितौली) ने मितौली व मैगलगंज थाना क्षेत्रों के रुरवा व ककरहिया गांव में कार्रवाई करते हुए कच्ची शराब और लहन बरामद किया।वहीं आबकारी निरीक्षक अब्दुल अज़ीज़ (क्षेत्र-7 धौरहरा) ने धौरहरा पुलिस के साथ लहबड़ी नाला क्षेत्र में छापेमारी कर भारी मात्रा में कच्ची शराब, लहन व शराब बनाने के उपकरण बरामद कर नष्ट किए तथा एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# होली पर सुरक्षा को लेकर सात जोन में बांटा शहर, नो एंट्री लागू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। होली के मद्देनजर शहर को सात जोन में बांटा गया है। प्रमुख बाजारों में नो एंट्री लागू कर दी गई है। इसके अलावा जिले के दो स्थान अतिसंवेदनशील और 31 संवेदनशील घोषित किए गए हैं। सुरक्षा के लिहाज से जिले को छह जोन और 27 सेक्टरों में बांटा गया है। होली के मद्देनजर मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पुलिस के साथ पीएसी के जवान भी तैनात किए गए हैं। कई स्थानों पर खुफिया निगरानी के लिए सीसी कैमरे लगाए गए हैं। शहर में 25 प्वाइंट बनाए गए हैं। जहां अतिरिक्त पुलिस बल के तौर पर 23 दरोगा, एक इंस्पेक्टर, हेड कांस्टेबल, कांस्टेबल और होमगार्ड तैनात किए गए हैं। वहीं 21 क्यूआरटी भी लगाई गई हैं। जिले में 2422 स्थानों में होलिका दहन होगा। यहां सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। होली के मद्देनजर मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पुलिस के साथ पीएसी के जवान भी तैनात किए गए हैं। कई स्थानों पर खुफिया निगरानी के लिए सीसी कैमरे लगाए गए हैं। शहर में 25 प्वाइंट बनाए गए हैं। जहां अतिरिक्त पुलिस बल के तौर पर 23 दरोगा, एक इंस्पेक्टर, हेड कांस्टेबल, कांस्टेबल और होमगार्ड तैनात किए गए हैं। वहीं 21 क्यूआरटी भी लगाई गई हैं। जिले में 2422 स्थानों में होलिका दहन होगा। यहां सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। डीएम अवनीश राय और एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह स्वयं होली पर सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी में लगे हैं। डीएम के आदेश पर प्रत्येक जोन और सेक्टर में पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मुस्तैद रहेंगे। ग्रामीण क्षेत्र में सुरक्षा की कमान एसपी देहात डॉ. हृदेश कठेरिया संभालेंगे, जबकि शहर में एसपी सिटी विजयेंद्र द्विवेदी मुस्तैद रहेंगे। इनके अलावा संबंधित सर्किल के सीओ अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहेंगे। होली के दिन कहीं कोई अप्रिय घटना होने पर तुरंत सूचना उच्चाधिकारियों को दी जाएगी, जिससे अन्य स्थानों पर तैनात पुलिस या रिजर्व पुलिस को भेजा जा सकेगा। अति संवेदनशील और संवेदनशील इलाकों में विशेष सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। पिछले वर्ष में होली के दिन जिले में दो स्थानों पर विवाद हुआ था। पुलिस ने उन स्थानों को अपने ड्यूटी स्थल के रूप में शामिल कर लिया है। शहर में बड़े वाहनों की नो एंट्री शहर के मार्केट में बड़े वाहनों की नो एंट्री लागू कर दी गई। मुख्य बाजारों की ओर जाने वाले प्रत्येक रास्ते पर बैरियर लगाए गए हैं। बैरियर पर पुलिस तैनात की गई है। अन्य वाहनों के लिए रूट डायवर्जन कर दिया गया है। लावेला चौक से गोपी चौक, रजी चौक, पुरानी चुंगी, काली सड़क होते हुए आ जा सकेंगे। 2422 स्थानों पर होगा होलिका दहन जिले में 2422 स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा। कहीं पर खुराफात या विवाद न हो, इसके लिए प्रत्येक होलिका दहन स्थल पर दो-दो पुलिस कर्मी और होमगार्ड लगाए गए हैं। होली के दिन 32 स्थानों से जुलूस निकाले जाएंगे। इसके अलावा 12 स्थानों पर मेले लगेंगे। सैदपुर व पुंसगवां अतिसंवेदनशील, पीएससी रहेगी तैनात

सैदपुर में मुस्लिम बस्ती होने की वजह से पहले से ही यह अतिसंवेदनशील श्रेणी में शामिल रहा है। यहां दोनों समुदाय के लोग प्रेम से त्योहार मनाते हैं। इसी के साथ ही वजीरगंज के पुंसगवां में कई बार त्योहारों पर बड़ा बवाल हो जाने के कारण अतिसंवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। यहां विशेष पुलिस बल की हर साल तैनाती की जाती है। इस बार भी यहां सतर्कता के तौर पर पुलिस बल व क्यूआरटी की तैनाती की गई है। संवेदनशील स्थानों पर मोबाइल क्यूआरटी और पीएसी तैनात की गई है। हॉटस्पॉट चिह्नित कर अतिरिक्त फोर्स लगाई गई है, ताकि पर्व शांतिपूर्ण रूप से होली का त्योहार मनाया जा सके। सोशल मीडिया के माध्यम से सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। साथ ही सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक और भड़काऊ पोस्ट करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसलिए सोशल मीडिया पर कोई भी भड़काउ पोस्ट न डालें व किसी प्रकार की अफवाह न फैलाएं। ड्रोन कैमरों से की जाएगी निगरानी- संवेदनशील व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में सीसी कैमरों व ड्रोन कैमरों की सहायता से सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। असमाजिक तत्वों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए मुचलके से पाबंद कराया गया है। आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को चिन्हित करके उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। जिले में होली के त्योहार पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जगह-जगह पुलिस तैनात कर दी गई है। लोगों से कहा जा रहा है कि वे व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। इस बार खुराफातियों को बख्शा नहीं जाएगा। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। - विजयेंद्र कुमार द्विवेदी , एसपी सिटी होली और रमजान शांतिपूर्ण रूप से मनाए जाने के लिए प्रत्येक थाना स्तर पर ग्राम सुरक्षा समितियों, धर्मगुरुओं, संभ्रांत व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी मीटिंग आयोजित कर लोगों को पुलिस सहयोग के लिए प्रेरित किया गया है।

# इंटर कॉलेज में प्रवेश परीक्षा के छात्रों को पुरस्कार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कूरेभार/सुल्तानपुर। सैदखानपुर-कूरेभार में कक्षा 9 में प्रवेश के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए गए। इस परीक्षा में कुल 422 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया था। यह प्रवेश परीक्षा 22 फरवरी 2026 को आयोजित की गई थी, जिसमें कक्षा 8 में अध्ययनरत विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। पुरस्कार वितरण समारोह में परीक्षा में शामिल सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विशेष रूप से, 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया, जिनमें आरती वर्मा, दिव्या गुप्ता, कंचना विश्वकर्मा, खुशबू यादव और जानवी तिवारी प्रमुख थीं। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक बजरंगी प्रसाद यादव सहित अन्य अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में लाल बहादुर यादव, राज बहादुर यादव, राम उजागिर यादव, मेराज खान, सुभाष चंद्र मोहन, रंजीत यादव, शिवेंद्र सिंह, पूनम कनौजिया सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के प्रति निरंतर परिश्रम करने का संदेश दिया।

# गोरी तोहरे अंगन चंदन बिरवा झूलैं भौजी और देवरा

## जेहटा उसरहा के ग्राम प्रधान आवास पर आयोजित जबाबी फाग महोत्सव में उमड़ा जनसैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । फगुआ गायन उत्तर भारत की एक पारंपरिक और सांस्कृतिक पहचान है जो होली के त्योहार के दौरान गाई जाती है।फगुआ गीतों में ढोलक, मंजीरा, और कर्तल जैसे पारंपरिक वाद्यों का उपयोग किया जाता है। यह परंपरा न केवल सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत रखती है बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे को भी बढ़ावा देती है हाल के वर्षों में कुछ युवाओ द्वारा फगुआ गायन को पुनर्जीवित करने के प्रयास किये जा रहे हैं जिसमें युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक पहचान से जोड़ने का प्रयास कर रही हैं।विकास क्षेत्र सिंहपुर की ग्राम पंचायत जेहटा उसरहा के ग्राम प्रधान आशीष मिश्रा के आवास पर रविवार को जबाबी फाग महोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान की स्तुति करते हुये ''सुमिरन करौ आज भवानी का'' फगुआ गीत से किया गया। जबाबी फाग महोत्सव में ''फागुनवा बीता जाय सोनरवा मोरी पयलिया न लावा'' के साथ ही ''गोरी तोहरे अंगन चंदन बिरवा, झूलें भौजी औ देवरा'' का गायन किया।ग्राम प्रधान आशीष मिश्रा के आवास पर आयोजित जबाबी फाग महोत्सव में जमकर अबीर गुलाल के साथ ही पुष्पवर्षा हुई जिसमें सेमरौता की टीम ने अपना परचम लहराया।इस मौके पर प्रधान संघ के पूर्व अध्यक्ष श्रीकृष्ण मिश्रा, घनश्याम बाजपेयी,देवी शरण बाजपेई, राजेश पाण्डेय, सौरभ अवस्थी, मनोज बाजपेई,जटा शंकर शुक्ला, प्रेम शंकर मिश्रा,उमाकांत मिश्रा, राजेन्द्र तिवारी, राज कुमार पाण्डेय, कुलदीप मिश्रा, बद्री नारायण मिश्रा, हिमांशु अवस्थी, देवी शंकर मिश्रा,शशिकांत मिश्रा, प्रमोद वर्मा, मृदुल मिश्रा, राकेश मिश्रा, सत्य प्रकाश साहू, जगदीश त्रिवेदी,प्रशांत मिश्रा सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## वाराणसीः डोमरी 'शहरी वन' में हर महीने होगा 35 हजार लीटर 'जीवामृत' का छिड़काव

वाराणसी। उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी के गंगा नदी के किनारे स्थित डोमरी (सूजाबाद) में विकसित हो रहे 'शहरी वन' में अब केवल पौधों की संख्या ही नहीं, बल्कि उनकी वैज्ञानिक देखभाल और मिट्टी के उपचार के लिए भी वैज्ञानिक जुटे हुए है। 'शहरी वन' में लगाए गए 2.51 लाख पौधों को जीवित रखने और उन्हें जंगल की शक्ल देने के लिए जमीन की उर्वरता पर विशेष काम किया जा रहा है। आमतौर पर खराब मानी जाने वाली मिट्टी को उपजाऊ बनाने के लिए यहां 'मिट्टी रिपेयरिंग' का बड़ा अभियान चलाया गया है, जिसमें चार फीट गहरी खुदाई कर 100 टन कोकोपीट और 250 टन गाय के गोबर की खाद का वैज्ञानिक मिश्रण तैयार किया गया है। नगर निगम के जनसम्पर्क कार्यालय के अनुसार रोपे गए पौधों को नैसर्गिक खाद देने के लिए हर महीने 35,000 लीटर 'जीवामृत' का छिड़काव किया जा रहा है। मियावाकी विशेषज्ञ विशाल श्रीवास्तव के अनुसार, यह प्रक्रिया पहले छह महीने तक निरंतर चलेगी और अगले दो वर्षों तक अंतराल पर जारी रहेगी। जीवामृत मिट्टी में सूक्ष्मजीवों की संख्या बढ़ाता है, जिससे पौधों की जड़ें तेजी से गहराई पकड़ती हैं।

## कवि मुकेश कुमार दीक्षित को सम्मानित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी, संभल

संभल कैनविज टाइम्स संवाददाता। आज पंजाबी धर्मशाला चंदौसी में होली के अवसर पर साहित्य चेतना मंच चंदौसी एवं दिव्य गंगा सेवा मिशन हरिद्वार के संयुक्त तत्वाधान में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आदरणीय श्री गोरखनाथ भट्ट मुख्य विकास अधिकारी संभल रहे व विशिष्ट अतिथि श्रीमती लता वार्ष्णेय अध्यक्ष नगर पालिका परिषद चंदौसी रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती शालिनी रस्तोगी राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला दिव्यगंगा सेवा मिशन हरिद्वार ने की कार्यक्रम में कवियों ने अपनी अपनी रचनाओं के माध्यम से लोगों को आनंदित किया। इस अवसर पर चंदौसी के कवि ,लेखक ,अध्यापक व दिव्य गंगा सेवा मिशन साहित्यिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश कुमार दीक्षित 'शिवांश' के साथ-साथ सुखपाल सिंह गौर वरिष्ठ कवि ,अतुल कुमार शर्मा, ज्ञान प्रकाश उपाध्याय, दिनेश पाल सिंह , ज्ञान सिंह प्रीत कर सिखा राम रावत,बुलबुल ,एडवोकेट विकास मिश्रा, संजय सृजन, अपूर्व प्रताप सिंह, विवेक कुमार त्रिपाठी, अंजलि वर्मा, शांति राणा, शांति शिवाय दीक्षित श्रेष्ठ आदि सभी कवियों को मुख्य विकास अधिकारी, संभल श्री गोरखनाथ भट्टजी के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एड0 विकास मिश्रा ने किया।

## शराब पीकर न चलाएं वाहन : हरिओम

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। एआरटीओ हरिओम ने बताया कि होली प्यार भरे रंगों का त्योहार है। इस दिन लोग प्रेम से एक-दूसरे को नीले-पीले रंगों से सराबोर करते हैं। एक-दूसरे को मिष्ठान, गुजिया और अन्य पकवान खिलाकर गले मिलते हैं। कुछ शरारती शराब पीकर गाड़िया तेज रफ्तार में दौड़ाते हैं। इससे लोग अक्सर हादसे का शिकार हो जाते हैं। पिछले साल होली पर करीब 20 हादसे हुए थे, जिनमें छह लोगों की जान गई थी। होली पर किसी के घर में अनहोनी न हो, इसके लिए पुलिस अधिकारियों की ओर से अपील की गई है कि वे शराब पीकर वाहन न चलाएं। बाइक चलाते समय हेलमेट और कार में सीट बेल्ट जरूर लगाएं।

## पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर, चाट विक्रेता की मौत, एक गंभीर

बदायूं बिजनौर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बदायूं हाईवे पर रविवार की दोपहर विधायक आशुतोष मौर्य के पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार चाट विक्रेता की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला संख्या एक निवासी मोनू (19) पुत्र प्रेमपाल और लालाराम बाइक से गांव खैरी की ओर से अपने घर की ओर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक पेट्रोल पंप के निकट पहुंची, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर जमा हुए लोगों ने पुलिस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्सी में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखते हुए राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार, रास्ते में मोनू ने दम तोड़ दिया, जबकि लालाराम की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक, मोनू तहसील गेट पर चाट-पकौड़ी का ठेला लगाकर परिवार का पालन-पोषण करता था। उसकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। क्राइम इंस्पेक्टर वीके मौर्य ने बताया कि पिकअप गाड़ी को कब्जे में ले लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## सामौर बाबा महोत्सवः भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा, पद्मश्री कवि सुनील जोगी एवं कन्हैया मित्तल होंगे प्रमुख आकर्षण

फिरोजाबाद। जनपद के सिरसागंज स्थित ग्राम करहरा की पावन धरती पर 05 से 11 मार्च तक सात दिवसीय सामौर बाबा महोत्सव का भव्य आयोजन होगा। महोत्सव में भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा, पद्मश्री कवि सुनील जोगी, कन्हैया मित्तल होंगे प्रमुख आकर्षण होंगे। प्रदेश की समृद्ध विरासत, लोक परंपराओं और कलात्मक उत्कृष्टता को समर्पित इस महोत्सव का आयोजन जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद, जिला प्रशासन और सामौर बाबा धाम ट्रस्ट के संयुक्त प्रयास से किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'सामौर बाबा महोत्सव के दौरान विशाल देवी जागरण, कवि सम्मेलन, शिव नृत्य नाटिका, शिव डमरू नृत्य, संगीतमय प्रस्तुतियां एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, जो क्षेत्र की समृद्ध परंपराओं को विशिष्ट मंच प्रदान करेंगी। फिरोजाबाद जनपद के प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक वैभव से परिपूर्ण सामौर बाबा धाम की पृष्ठभूमि में यह आयोजन आगंतुकों को अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतिदिन शाम 07 बजे से आयोजित होगा।'

लखबीर लक्खा बांधेंगे समां, कवि करेंगे मंत्रमुग्ध

सामौर बाबा महोत्सव के सात दिवसीय आयोजन में जहां एक ओर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा बिखरेगी, वहीं कवि सम्मेलन के माध्यम से साहित्य और शब्द-साधना की सरिता भी प्रवाहित होगी। महोत्सव में 07 मार्च को विशाल देवी जागरण के अंतर्गत लोकप्रिय भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा की प्रस्तुति सांगीतिक समां बांधेगी। वहीं, 08 मार्च को विशाल कवि सम्मेलन में पद्मश्री सुनील जोगी, हेमंत पांडेय, राम भदावर, गौरव चौहान, मुकेश मणिकांचन, पद्मिनी शर्मा और योगिता चौहान जैसे ख्यातिप्राप्त कवि अपनी ओजस्वी और हास्य-व्यंग्यपूर्ण रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। महोत्सव में 09 मार्च को एक के बाद एक आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से वातावरण भक्तिमय हो उठेगा। वाराणसी के दिव्या श्रीवास्तव समूह द्वारा शिव नृत्य नाटिका का मंचन होगा, जबकि प्रयागराज का रुद्राक्ष बैंड अपनी संगीतमय प्रस्तुति से समां बांधेगा। वहीं, उत्तराखंड के नाद समूह द्वारा भव्य शिव डमरू नृत्य प्रस्तुत कर महोत्सव को विशेष आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान की जाएगी। 10 मार्च को भजन संध्या में कन्हैया मित्तल भक्तिमय प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर करेंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'फिरोजाबाद की धरती पर आयोजित सामौर बाबा महोत्सव हमारी समृद्ध विरासत को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से स्थानीय कलाकारों, साहित्यकारों और युवा प्रतिभाओं को सशक्त मंच मिले तथा क्षेत्रीय पर्यटन को नई पहचान प्राप्त हो।

# प्रतिभा खोज परीक्षा में मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कूरेभार/सुल्तानपुर। कूरेभार स्थित श्री कृष्ण इंटरमीडिएट कॉलेज में आयोजित प्रतिभा खोज परीक्षा के उपरांत उच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें विद्यालय में अध्ययन हेतु विशेष सुविधाएं प्रदान करने की घोषणा भी की गई। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रबंधक बजरंगी प्रसाद यादव ने बताया कि विद्यालय के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में इस वर्ष को सिल्वर जुबली वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में विशेष प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। उन्होंने बताया कि परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को विद्यालय में निशुल्क प्रवेश दिया जाएगा। लेकिन यह निशुल्क प्रक्रिया उन्ही विद्यार्थियों के लिए मान्य होगी जो परीक्षा फल की घोषणा अथवा पुरस्कार वितरण के दिन तक सीट कन्फर्मेशन शुल्क जमा करेंगे केवल सीट कन्फर्मेशन शुल्क के रूप में ?500 निर्धारित किया गया है। प्रबंधन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। विद्यालय प्रशासन के अनुसार प्रतिभा खोज परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों के बीच लगभग ?53,000 की पुरस्कार राशि वितरित की गई। मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई तथा उन्हें विद्यालय से जुड़कर उत्कृष्ट शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। सबसे चर्चित बात पुरस्कार वितरण में यह रही की परीक्षा में असफल होने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों के उत्साह एवं सम्मान समारोह के साथ सम्पन्न हुआ।

# पूर्वजों की माटी से जुड़ावः भालेसुलतान वंशजों ने उमरा पहुंच किया दर्शन-पूजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। पूर्वजों की धरती के प्रति श्रद्धा और गहरा जुड़ाव सोमवार को उस समय देखने को मिला, जब प्रयागराज जनपद की तहसील सोरांव क्षेत्र के ग्राम पूरब नारा, पश्चिम नारा व मुद्पुर से जुड़े क्षत्रिय भालेसुलतान वंशज बल्दीराय तहसील अंतर्गत उमरा गांव पहुंचे।बताया गया कि उनके पूर्वज पौली ग्राम से अपरिहार्य कारणों से सोरांव क्षेत्र में जाकर बस गए थे। पीढ़ियों बाद भी अपने मूल स्थान के प्रति आस्था और लगाव बना रहा। इसी भावना से शिव प्रताप सिंह, उनके सुपुत्र शुभम सिंह एडवोकेट हाईकोर्ट इलाहाबाद, मुन्नू सिंह प्रधान,दिनेश सिंह, शक्ति सिंह, मगनदीप सिंह सहित अन्य परिजन उमरा पहुंचे।वंशजों ने सर्वप्रथम अमर शहीद स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद ऋषि वाटिका में पहुंचकर अवधेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में भैरों साहेब के दर्शन किए। तत्पश्चात भालेसुलतान कुलदेवी बैकुंठी देवी मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उमरा निवासी ओंकार सिंह विभाकर ने अपने आवास पर सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर सुरेंद्र बहादुर सिंह, शिव शंकर सिंह, वरुण प्रकाश सिंह,केडी तिवारी व कृतंजय सिंह समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम के दौरान पूर्वजों की स्मृतियों को साझा करते हुए पारिवारिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का संकल्प भी दोहराया गया।

## पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में डिलीवरी के बाद पीएचसी में महिला की हालत बिगड़ गई। जिसे सदर चिकित्सालय रेफर कर दिया। सोमवार को परिजन महिला को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। बिवांर थानाक्षेत्र के चंदौली अहीर गांव निवासी जितेंद्र की पत्नी मोहनी (30) नौ माह के गर्भ से थी। महिला को प्रसव पीड़ा होने से परिजन एएनएम से जान पहचान होने पर कल्ला गांव के पीएचसी में ले जाकर भर्ती करा दिया। सोमवार को एएनएम मधु ने तेज दर्द होने पर आक्सीप्रोसीन का इंजेक्शन दिया। थोड़ी देर बाद महिला ने बच्ची को जन्म दिया। तभी महिला को तेज घबराहट के साथ आंखें पलटा दी। महिला की हालत गंभीर होने पर आनन फानन में सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजन निजी वाहन से महिला को सदर अस्पताल ले गए। जहां अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। मृतका अपने पीछे एक नवजात व दो बच्चियों को रोते-बिलखते छोड़ गई है। देवर जयहिंद ने बताया कि कल्ला गांव में जान पहचान होने पर डिलीवरी के लिए बिवांर पीएचसी न लाकर कल्ला गांव के पीएचसी में ले गए हैं।

# उमरी में गौरैया आओ मेरे देश में अभियान चलाया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कूरेभार/सुल्तानपुर। कटका क्लब सामाजिक संस्था के द्वारा उमरी (नगरहवा) सुदनापुर बाजार में गौरैया आओ मेरे देश में अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश प्रभारी ऋषभदेव शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में मुख्यवक्ता शिक्षक साहित्यकार सर्वेश कांत वर्मा ने बताया कि तेजी से बढ़ते शहरीकरण और पर्यावरणीय बदलावों के कारण गौरैया की संख्या में भारी गिरावट आई है। हमें अपने आसपास के पर्यावरण को अनुकूल बनाकर, पेड़-पौधे लगाकर और पक्षियों के लिए पानी और दाने की व्यवस्था करके इनके संरक्षण में योगदान देना चाहिए।

इस मौके पर शिखा शुक्ला सहायक अध्यापिका प्राथमिक विद्यालय नरायनपुर ने बताया कि गौरैया के तेजी से लुप्त होने के कई कारण हैं। सीसा रहित पेट्रोल के उपयोग से जहरीले यौगिक पैदा हुए हैं जो उन कीटों को नुकसान पहुंचाते हैं, जिन पर गौरैया भोजन के लिए निर्भर हैं। शहरीकरण ने उनके प्राकृतिक घोंसले के स्थान भी छीन लिए हैं। शहरीकरण ने उनके प्राकृतिक घोंसले के स्थानों को छीन लिया है। वहीं राजकीय इंटर कॉलेज के वरिष्ठ शिक्षक लालमणि दुबे ने संस्था कि अभियान सराहना करते हुए कहा कि हम सभी का नैतिक दायित्व है गौरैया को बचाना। कार्यक्रम का संचालन संस्था अध्यक्ष डॉ सौरभ मिश्र विनम्र ने किया। आए अतिथियों के प्रति ऋषभदेव शुक्ला ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर बृजेन्द्र मिश्र ,विभु शुक्ला,रमेश कुमार शुक्ला, मनोज कुमार ,राम शंकर शुक्ला, आशीष शुक्ला, राघवेंद्र शुक्ला, सुशांत,रवि शंकर शुक्ला अविरल, सौम्य, राजकुमारी शुक्ला, कन्हैयालाल शुक्ला दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## ईरान युद्ध में फंसे लोगों के परिजनों से समन्वय के लिए जौनपुर में इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर स्थापित

जौनपुर। ईरान में उत्पन्न युद्ध जैसी स्थिति को देखते हुए उत्तर प्रदेश के जौनपुर में जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। जनपदवासियों की सहायता और समन्वय के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट परिसर में सोमवार को इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर स्थापित किया गया है। साथ ही 9454417117 हेल्पलाइन नंबर तत्काल प्रभाव से सक्रिय कर दिया गया है।

## सूचना

मैंने अपनी पुत्री का नाम KINJAL से बदलकर KINJAL SINGH रख लिया है। भविष्य में मेरे पुत्री को उसके नये नाम KINJAL SINGH से जाना वह पहचान जाये।

**अजय पाल सिंह पुत्र श्री तेज सिंह निवासी म0न0-S-13, रिजर्व पुलिस लाइन, बदायूं**

# आईजी ने देवीपाटन परिक्षेत्र के थाना प्रभारियों के साथ की वर्चुअल बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । पुलिस महानिरीक्षक अमित पाठक देवी पाटन परिक्षेत्र गोण्डा द्वारा पुलिस अधीक्षक ब लरामपुर विकास कुमार के साथ पुलिस अधी क्षक कार्यालय बलरामपुर में राजपत्रित अधि कारियों की उपस्थिति में थाना प्रभारियों के साथ वर्चुअल गोष्ठी आयोजित कर आगामी त्यो हारों(होली, चैत्र नवरात्रि,रामनवमी, रमजान एवं ईद) के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था की समीक्षा की गई।आईजी के द्वारा निर्देशित किया गया कि त्योहारों के दौरान जुलूस,शोभायात्राएं पूर्व निर्धा रित मार्ग व समयानुसार ही हों,संवेदनशील व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में नियमित फ्लैग मार्च, सीसीटीवी व ड्रोन से निगरानी, वीडियो ग्राफी,यातायात व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा अवै ध शराब बिक्री पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।पूर्व विवादों के आधार पर त्योहार रजिस्ट र अद्यतन कर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती बिना अनुमति डीजे,लाउडस्पीकर पर प्रतिबंध, ध्वनि मानकों का पालन तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक,भड़काऊ पोस्ट पर त्वरित वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।होलिका दहन केव ल निर्धारित स्थलों पर करने तथा नई परंपरा प्रारंभ न करने के भी निर्देश दिए गए।पीस कमे टी बैठकों,जनसंवाद,युवाओं को जागरूक कर ने डायल 112 व स्थानीय थाना को तत्काल सू चना देने की अपील करते हुए अधिकारियों को सक्रिय पुलिसिंग एवं खुफिया तंत्र सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए गए।साथ ही आदिशक्ति मां पाटे श्वरी मंदिर मेले के दृष्टिगत मेला कंट्रोल रूम,सी सीटीवी कंट्रोल रूम,पुलिस सहायता केंद्र,बैरि यर एवं पार्किंग सहित सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। आईजी अमित पाठक ने स्पष्ट किया कि शांति व्यवस्था भंग करने अथवा साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।तदुपरान्त आईजी द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत भीड़ भाड़ वाले स्थानों,प्रमुख बाजारों एवं मिश्रित आबा दी वाले संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।इस दौ रान अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय, क्षे त्राधिकारी नगर ज्योतिश्री,क्षेत्राधिकारी ललिया

डी.के .श्रीवास्तव,क्षे त्रा धिका री उतरौला राघवेन्द्र सिंह,क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर डॉ.जितेन्द्र कुमार व अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# खजूर वाली मस्जिद में तरावीह मुकम्मल अमन-ओ-अमान के लिए हुई दुआ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। मुक़द्दस माह-ए-रमज़ान के 11वें रमज़ान को खजूर वाली मस्जिद में तरावीह की नमाज़ ख़ुशगवार और रूहानी माहौल के बीच मुकम्मल हो गई। रमज़ान का पाक महीना 30 दिनों तक चलता है, जिसमें मुसलमान रोज़ा रखकर इबादत, सब्र और आत्म-सुधार का पैग़ाम अपनाते हैं। इस मौके पर बड़ी तादाद में नमाज़ियों ने शिरकत की और पूरे एहतिराम व ख़ुशू-ख़ुज़ू के साथ कुरआन पाक की तिलावत सुनी। तरावीह की इमामत मौलाना अकबर साहब ने अदा की। उनकी पुर-असर और दिलनवाज़ तिलावत ने मस्जिद के माहौल को इबादत की गहराई से भर दिया। हर रकअत के साथ मौजूद लोगों के दिलों में अकीदत और सुकून की कैफियत और बढ़ती गई। मस्जिद के मुअज्जिन मोहम्मद लारैब ने अज़ान व अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभाली। वहीं तरावीह में नियमित रूप से शिरकत करने वालों में मौलाना इन्कलाब अशरफी, मास्टर मंजूर, फुस्सन साहब, सैय्यद जमाल अख्तर, याकूब अली गल्ला वाले, मुन्नन, हफीज, गौस उमर, अजीज, पप्पू बाबा, मोहम्मद नसीरूद्दीन सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस मौके पर नाते पाक भी पढ़ी गई, जिससे माहौल और भी रूहानी व भावुक हो उठा। तरावीह मुकम्मल होने पर मस्जिद के इमाम साहब ने विशेष दुआ कराई, जिसमें मुल्क में अमन-ओ-अमान, भाईचारे और इंसानियत की भलाई के लिए खास तौर पर दुआएं मांगी गईं। इमाम साहब ने अपने बयान में फरमाया कि रमज़ान सिर्फ रोज़ा रखने का नाम नहीं, बल्कि आत्म-सुधार, सब्र और आपसी मोहब्बत को मजबूत करने का महीना है। नमाज़ियों ने इस मौके को अपने लिए खुशनसीबी करार देते हुए कहा कि रमज़ान की ये बरकत भरी रातें इबादत और आत्मिक उन्नति का बेहतरीन जरिया हैं। रमज़ान का यह रूहानी सफर यूं ही जारी है, जहां इबादत के साथ-साथ समाज में मोहब्बत और एकता का पैग़ाम भी मजबूत हो रहा है।

# एक रुपए को लेकर दुकानदार और ग्राहक में जमकर मारपीट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले के करनैलगंज परसपुर रोड पर बाबूराम पेट्रोल पंप के पास सोमवार देर शाम सिगरेट खरीदने को लेकर दुकानदार और ग्रा हकों के बीच मारपीट हो गई है।एक रुपए कम देने और दुकानदार द्वारा मांगने पर शुरू हुई क हासुनी ने हिंसक रूप ले लिया।इस घटना में ती न ग्राहक और एक दुकानदार घायल हो गए,जि न्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र क रनैलगंज ले जाया गया।मारपीट में दुकानदार इंस्पेक्टर गोस्वामी और ग्राहक अमन पांडेय, आकाश पांडेय तथा आनंद पांडेय को चोटें आई हैं।बताया जा रहा है कि अमन पांडेय अ पने दो दोस्तों के साथ इंस्पेक्टर गोस्वामी की दुकान पर सिगरेट खरीदने गए थे अमन पांडेय ने दुकानदार को एक रुपए कम दिए,जिस पर दुकानदार ने कम पैसे लेने से इनकार कर दिया इसी बात पर दोनों पक्षों में कहासुनी और फिर मारपीट हुई।घटना के बाद दुकानदार इंस्पेक्टर गोस्वामी ने ग्राहक अमन पांडेय,आकाश पांडेय और आनंद पांडेय के खिलाफ तहरीर दी है,वहीं ग्राहक अमन पांडेय ने भी दुकानदार इंस्पेक्टर गोस्वामी और अन्य लोगों के खिलाफ मारपीट की शिकायत दर्ज कराई है।करनैलगंज कोतवा ली पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।करनैलगंज कोत वाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि दोनों पक्षों की तरफ से मिली तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। उन्होंने पुष्टि की कि सिगरेट के एक रुपए को लेकर विवाद शुरू हुआ था।सभी घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार कराया गया है और पु लिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । स्थानीय श्री दयानन्द बाल विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रद र्शनी में स्कूली बच्चों ने अपनी प्रतिभा से विज्ञा न के चमत्कारों को जीवंत कर दिया।इस दौरान नन्हे वैज्ञानिकों के नवाचार को देख अतिथियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की प्रदर्श नी का मुख्य अवलोकन नगर पालिका अध्यक्ष डॉ.सत्येंद्र कुमार सिंह और डीएवी इंटर कॉलेज के विज्ञान अध्यापक शैलेंद्र सिंह ने किया।अति थियों ने प्रत्येक स्टाल पर जाकर बच्चों से उनके मॉडलों की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से चर्चा की और उनके आत्मविश्वास की प्रशंसा की।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामबाबू कसौधन,मंत्री विश्वनाथ केसर वानी,प्रबंधक संजय प्रजापति और सचिव अम्ब रीश कसौधन ने बच्चों का मार्गदर्शन किया।प्रद र्शनी में विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने अपने कौ शल का प्रदर्शन किया छात्रों ने किडनी वर्किंग मॉडल और ज्ञानेंद्रियों के माध्यम से शरीर की आंतरिक और बाहरी कार्यप्रणाली को बखूबी समझाया।कक्षा सात की छात्राओं ने मिट्टी के भीतर बीज से पौधा बनने की पूरी यात्रा को एक विस्तृत मॉडल के माध्यम से जीवंत किया। कक्षा 6 के छात्रों ने 'पृथ्वी और चंद्रमा का घूर्ण न' तथा कक्षा 4 के बच्चों ने 'दिन और रात' के चक्र को प्रदर्शित कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।सतेन्द्र कुमार सिंह ने बच्चो से कहा कि ऐसी प्रदर्शनियों से छात्रों में रटने के बजाय 'सीखने और करने' की भावना विकसित होती है।विद्यालय प्रबंधन ने सफल आयोजन के लिए शिक्षकों और छात्र-छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। प्रबंध समिति ने कार्यक्रम आयोजन के लिए विद्यालय प्रधानाचार्य नेहा तिवारी उप प्रधानाचार्य संध्या गुप्ता रजनी प्रजापति खुशी कसौधन सभासद अंजू जीनत बानो ईदा कुरैशी आशुतोष तिवारी हेमंत प्रजापति जफर प्रीति मोदनवाल मिथि लेश तिवारी मानसी नंदनी अध्यापिकाओं सहित सैकड़ो छात्र अभिभावक मौजूद रहे।

# चोरी की बकरी के साथ दो युवक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी । थाना शिवरतनगंज पुलिस ने गांव कुसुम्भी से बकरी चोरी करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिनके कब्जे से चोरी की गई बकरी बरामद हुई है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को थाना शिवरतनगंज के थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्रा मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर बकरी चोरी के मामले में लक्ष्मी प्रसाद पुत्र शत्रोघन व अर्जुन उर्फ टन्ना पुत्र भुल्ली निवासीगण ग्राम कुसुम्भी मजरे टिकरी थाना शिवरतनगंज को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से बकरी को बरामद किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में युवकों ने बताया कि बीती सत्ताइस जनवरी को उन दोनों लोगों ने उक्त बकरी को कुसुम्भी टिकरी गांव से चोरी किया था। मौका देखकर वह दोनों आज इस बकरी को बेचने के लिये जा रहे थे।

# होली रमजान पर घर लौटे परदेशियों के बनेंगे आयुष्मान कार्ड

## 15 दिन में अवशेष परिवारों को कवर करने का लक्ष्य, पंचायत सहायक भी निभाएंगे जिम्मेदारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । होली और रमजान के अवसर पर गांव-घर लौटे प्रवासी परिवारों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने विशेष अभियान तेज कर दिया है। जिन परिवारों में अब तक एक भी सदस्य का आयुष्मान कार्ड नहीं बना है, उन्हें चिन्हित कर 15 दिन के भीतर कम से कम एक सदस्य का कार्ड बनवाने का लक्ष्य तय किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि जिले में 91 प्रतिशत परिवारों के आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं, शेष 38000 परिवारों की अलग सूची तैयार कर सभी ब्लॉक चिकित्सा अधीक्षकों, खंड विकास अधिकारियों और एडीओ पंचायत को उपलब्ध करा दी गई है। आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों, एएनएम, सीएचओ, पंचायत सहायकों और कोटेदारों को भी सूची सौंपी गई है, ताकि घर-घर संपर्क कर पात्र लाभार्थियों का कार्ड बनाया जा सके। सीएमओ ने बताया कि अवशेष परिवारों के कई मामलों में मृतक अथवा विवाहित पुत्री का नाम सूची में होने जैसी विसंगतियों के कारण लक्ष्य प्राप्ति में कठिनाई आ रही है। ऐसे मामलों को खाद्य एवं पूर्ति विभाग के साथ समन्वय कर सुधारा जा रहा है। 90 दिन के विशेष अभियान के बाद संशोधित सूची शासन स्तर पर भेजी जाएगी, ताकि अपात्र नाम हटाकर पात्र परिवारों को योजना से जोड़ा जा सके। उन्होंने बताया अब तक जनपद में लगभग 10.17 लाख आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं शेष 7 के लगभग पात्र लाभार्थियों के कार्ड बनाने की प्रगति जारी है जिसकी नियमित निगरानी की जा रही है। हाल ही में सम्पन्न हुए जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चंद्र ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया है कि त्योहारों में गांव आए लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने में पंचायत सहायक सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर विशेष सहयोग से शत-प्रतिशत पात्र परिवारों को योजना का लाभ दिलाया जाए। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने भी जनपदवासियों से अपील की है कि होली और रमजान पर घर लौटे परिवार अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्र, कॉमन सर्विस सेंटर या पंचायत भवन पर संपर्क कर आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड गंभीर बीमारी की स्थिति में पांच लाख रुपये तक के निःशुल्क उपचार का सुरक्षा कवच है, इसलिए कोई भी पात्र परिवार इससे वंचित न रहे।

# हिन्दी साहित्य सुरभि संस्थान की मासिक बैठक में काव्य गोष्ठी व हुड़दंग कार्यक्रम का भव्य आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। हिन्दी साहित्य सुरभि संस्थान की मासिक बैठक के अंतर्गत काव्य गोष्ठी एवं होली विशेष हुड़दंग कार्यक्रम का मनमोहक आयोजन प्रतिष्ठित समाजसेवी व उद्योगपति संरक्षक आदेश अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. आनन्द अग्रवाल ने की, जबकि रंगारंग संचालन डॉ. दिनेश चंद्रा ने प्रभावशाली ढंग से किया। संस्थान के अध्यक्ष धर्मेन्द्र कान्त श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही का दायित्व श्रृंगार रस के कवि डॉ. दिनेश चंद्रा को सौंपा। काव्य गोष्ठी का शुभारंभ वीर रस के कवि धीरेंद्र सिंह चंदेल द्वारा मां शारदे की वंदना से किया गया। उनकी सारगर्भित कविता की उपस्थित साहित्य प्रेमियों ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की। कार्यक्रम में डॉ. अशोक गुप्ता, डॉ. आनन्द अग्रवाल, प्रेम नाथ मिश्र, डॉ. अनिता शुक्ला, डॉ. वीरांगना कान्त, खुशब शर्मा, ई. अशोक सिंह, आदेश अग्रवाल, प्रकाश वीर गुप्ता, सत्य नारायण सिंह, नरेश अग्रवाल, उमेश चन्द्र शाह, अभिलाष श्रीवास्तव एवं आनन्द श्रीवास्तव ने अपनी-अपनी रचनाएँ प्रस्तुत कीं। कुछ कवियों ने स्वलिखित काव्य पाठ किया तो कुछ ने अन्य रचनाकारों की कृतियाँ एवं अपने अनुभवों को होली के काव्य रंग और हुड़दंग की उमंग से सराबोर कर दिया। बैठक का शुभारंभ वंदे मातरम् से किया गया। अतिथियों को होली की टोपी पहनाकर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। बैठक में सुरेश चौधरी, मुक्तेश्वर पोद्दार, ओम प्रकाश पोद्दार, रजनीकांत मिश्र, राजेन्द्र प्रकाश मित्तल, डॉ. विशेष सिंह, जसवंत मिश्र, अजय अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। सभी ने शानदार व्यवस्था के लिए श्री आदेश अग्रवाल के प्रयासों की सराहना की।

# होली त्योहार व रमजान माह के दृष्टिगत डीएम व एसपी ने किया फ्लैग मार्च



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । होली त्योहार व रमजान माह के दृष्टिगत जनपद में चुस्त-दुरुस्त कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से रविवार को देर शाम जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह द्वारा नगर क्षेत्रांतर्गत व थाना रिसिया में पैदल गश्त व फ्लैग मार्च किया गया। होली त्यौहार व रमजान माह के दृष्टिगत जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा त्यौहारों को सकुशल सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु डीएम व एसपी द्वारा पुलिस बल के साथ नगर क्षेत्र के मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए प्रमुख मार्गो पीपल तिराहा से घंटाघर चौकी होते हुए समस्त शहर क्षेत्र तथा थाना रिसिया क्षेत्र के मिश्रित आबादी वाले संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च/एरिया डोमिनेशन किया गया। पैदल गश्त के दौरान आमजन को आश्वस्त किया गया कि बहराइच पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर है।

जनपद में शांति व्यवस्था भंग करने वाले अवाछंनीय तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन व डायल-112 को दें। होली पर्व को सकुशल संपन्न कराने हेतु पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है तथा सोशल मीडिया पर भी सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं प्रेम के साथ होली का पर्व मनाएं तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

## आज संचालित रहेगी ओ.पी.डी. व ओ.टी. सेवाएं

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्राचार्य, महाराजा सुहेल देव स्वशासी राज्य चिकित्सामहाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय, बहराइच प्रो. डॉ. संजय खत्री ने बताया कि होली त्योहार के दृष्टिगत 02 व 03 मार्च 2026 को ओ.पी.डी. व ओ.टी. सेवाएं संचालित रहेंगी। जबकि 04 मार्च 2026 ओ.पी.डी. व ओ.टी. सेवाएं स्थगित/बंद रहेंगी। प्राचार्य डॉ. खत्री ने बताया कि 02 से 04 मार्च 2026 तक इमरजेन्सी सेवाएं आमजनमानस के लिए पूर्व की भांति चौबिसों घण्टे संचालित रहेंगी।

## सुरक्षित होली के लिए प्रशासन अलर्ट, हेल्पलाइन नंबर जारी

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । रंगों के उत्सव को सुरक्षित, संयमित और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने पुख्ता इंतज़ाम किए हैं। होली के दौरान किसी भी अप्रत्याशित घटना पर त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए 24 घंटे संचालित विशेष कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय कुमार ने बताया कि दुर्घटना, स्वास्थ्य आपात स्थिति या किसी भी तरह की परेशानी होने पर नागरिक तुरंत एम्बुलेंस सेवा 108 पर कॉल करें। इसके अतिरिक्त, जिला कंट्रोल रूम के लैंडलाइन नंबर 05252-232417 और मोबाइल नंबर 8542871325 पर भी चौबीसों घंटे संपर्क किया जा सकता है।

प्राप्त सूचना पर संबंधित विभागों को तत्काल अलर्ट कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

त्योहार के मद्देनज़र स्वास्थ्य विभाग, पुलिस और आपदा प्रबंधन की संयुक्त टीमें हाई अलर्ट पर हैं। सीएमओ ने बताया सभी सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में इमरजेंसी सेवाएं सुचारु रखने, पर्याप्त दवाओं की उपलब्धता और चिकित्सकीय स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित की गई है। संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त निगरानी की व्यवस्था भी की गई है, ताकि किसी भी स्थिति को समय रहते नियंत्रित किया जा सके।

जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने आमजन से अपील की है कि होली को भाईचारे और जिम्मेदारी के साथ मनाएं। रासायनिक रंगों के अत्यधिक उपयोग से बचें, शराब पीकर वाहन न चलाएं और अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी भी आपात स्थिति में बिना विलंब हेल्पलाइन नंबरों पर सूचना दें।

## वृद्धाश्रम में तिहत्तर बुजुर्गों का हुआ नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला अस्पताल असैदापुर की टीम द्वारा सोमवार को गौरीगंज स्थित वृद्धाश्रम में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. पितांबर कनौजिया ने वृद्धाश्रम में आवासित बुजुर्गों के स्वास्थ्य की जांच की तथा उन्हें रोगानुसार आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराईं। शिविर के दौरान कुल तिहत्तर वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकीय परामर्श देते हुये डॉ. कनौजिया ने बुजुर्गों को नियमित रूप से हल्का फुल्का व्यायाम करने, प्रतिदिन टहलने तथा पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि संतुलित दिनचर्या और सावधानी से स्वास्थ्य बेहतर रखा जा सकता है। नि:शुल्क दवा एवं परामर्श प्राप्त कर वृद्धजन संतुष्ट एवं प्रसन्न दिखाई दिये।

# होली की भीड़ का फायदा उठा रहे डग्गामारों पर चला प्रशासन का डंडा

## 54 की क्षमता वाली बस में ठूंस-ठूंस कर भरे थे 106 यात्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। होली के त्योहार पर घर लौटने वाले यात्रियों की मजबूरी का फायदा उठाना डग्गामार बस संचालकों को भारी पड़ गया है। सोमवार को पीलीभीत के असम चौराहे पर परिवहन विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए मौत का सफर करा रही एक निजी बस को सीज कर दिया। इस कार्रवाई से अवैध रूप से वाहन चलाने वाले संचालकों में हड़कंप मच गया है।

54 की जगह 106 यात्रीः जान जोखिम में डालकर हो रहा था सफर एआरटीओ वीरेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ सड़क सुरक्षा के मद्देनजर चेकिंग अभियान पर थे। इसी दौरान उन्होंने हरिद्वार से लखीमपुर जा रही एक निजी बस को रोका। जब बस के अंदर की जांच की गई, तो अधिकारी भी दंग रह गए। बस की बैठने की क्षमता मात्र 54 यात्रियों की थी, लेकिन उसमें 106 यात्री ठसाठस भरे हुए थे। हालत यह थी कि बस के अंदर पैर रखने तक की जगह नहीं बची थी और दर्जनों यात्री अपनी जान की परवाह किए बिना बस की छत पर बैठकर सफर कर रहे थे। मोड़ या ढलान पर ऐसी स्थिति में बस के पलटने का गंभीर खतरा बना हुआ था।

एआरटीओ की संवेदनशीलताः यात्रियों के लिए कराया बसों का इंतजाम बस को सीज किए जाने के बाद होली पर घर जा रहे यात्री बीच रास्ते में फंस गए और परेशान होने लगे। यात्रियों की इस समस्या को देखते हुए एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने संवेदनशीलता दिखाई। उन्होंने तुरंत मौके पर दो अन्य बसों का प्रबंध करवाया और सभी 106 यात्रियों को सुरक्षित उनके गंतव्य लखीमपुर की ओर रवाना किया। अधिकारी की अपील ''सुरक्षित घर जाएं, जान जोखिम में न डालें''

कार्रवाई के बाद मीडिया से बात करते हुए एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने स्पष्ट संदेश दिया। ''त्योहारों का समय है और लोग अपनों के पास पहुंचने की जल्दी में हैं, लेकिन जान जोखिम में डालकर सफर करना कतई उचित नहीं है। हम यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आमजन से अपील है कि वे डग्गामार और ओवरलोड वाहनों में न बैठें। सुरक्षित घर जाएं और परिवार के साथ खुशी से होली मनाएं।

# एनएसएस से सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित होती है: बाल चंद्र सिंह

## राणा प्रताप पीजी कॉलेज में एनएसएस के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। राणा प्रताप पीजी कॉलेज सुलतानपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की तीनों इकाइयों द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामयी वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों तथा गणमान्य अतिथियों की सक्रिय उपस्थिति रही।

समारोह के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के अध्यक्ष संजय सिंह एडवोकेट ने अपने संबोधन में जीवन के चार पुरुषार्थ-धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की विस्तार से व्याख्या करते हुए विद्यार्थियों को संतुलित, नैतिक एवं सेवा भाव से युक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की सशक्त पाठशाला है, जो युवाओं को समाज के प्रति जिम्मेदार बनाती है। महाविद्यालय के प्रबंधक बाल चंद्र सिंह ने कहा कि एनएसएस शिविर विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करता है। उन्होंने स्वयंसेवकों से समाज के वंचित वर्गों के उत्थान हेतु निरंतर कार्य करने का आह्वान किया। राणा प्रताप विधि महाविद्यालय के प्रबंधक योगेश सिंह ने युवाओं की राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए स्वच्छता, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण तथा महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में सक्रिय भागीदारी निभाने का संदेश दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डी.के. त्रिपाठी ने जीवन में अनुशासन के महत्व को रेखांकित करते हुए शिविरार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रमाधिकारी वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने शिविर की गतिविधियों एवं उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि शिविर का मुख्य लक्ष्य सेवा, संस्कार एवं सामाजिक समरसता की भावना को विकसित करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत स्वयंसेविका संजना यादव द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई, जबकि शिविरार्थियों के सामूहिक भक्ति गीतों ने वातावरण को भावपूर्ण बना दिया। स्वयंसेविका तान्या गुप्ता ने शिविर के अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस कार्यक्रम ने उनमें आत्मविश्वास और नेतृत्व कौशल का विकास किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रभात श्रीवास्तव एवं स्वयंसेविका संजना यादव ने संयुक्त रूप से किया, जबकि आभार ज्ञापन कार्यक्रमाधिकारी डॉ. विभा सिंह ने व्यक्त किया। इस अवसर पर सभासद रमेश सिंह 'टिन्नू', महाविद्यालय के प्राध्यापक-प्राध्यापिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण उपस्थित रहे। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# चौकी इंचार्ज ने मुसहर बस्ती में बांटे होली के रंग, बच्चों और परिवारों में खुशी का माहौल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। राहुलनगर चौकी इंचार्ज कन्हैया पाण्डेय ने मुसहर बस्ती में होली का त्योहार मनाया। उन्होंने जरूरतमंद बच्चों और परिवारों के बीच अबीर-गुलाल, पिचकारी, रिफाइन तेल, चीनी और चिप्स जैसी सामग्री वितरित की। इस पहल से बस्ती के लोगों के चेहरों पर खुशी देखी गई। पुलिस की गाड़ी बस्ती में पहुँचते ही बच्चों में उत्साह देखा गया। बच्चे कन्हैया भैया आ गए कहकर उनका स्वागत करने लगे। कुछ बच्चों ने सलामी दी, जबकि अन्य उत्सुकता से उनसे मिलने आए। महिलाओं और बुजुर्गों ने भी चौकी इंचार्ज का अभिवादन किया। सामग्री वितरण के दौरान कन्हैया पाण्डेय ने बच्चों से प्रेम और सद्भाव के साथ होली मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहारों का महत्व तभी है जब सभी घरों में खुशियां हों और कोई भूखा न रहे। यह पहली बार नहीं है जब चौकी इंचार्ज कन्हैया पाण्डेय ने इस तरह की पहल की है। इससे पहले भी वह सर्दियों में कंबल वितरण, बरसात में राहत सामग्री और अन्य अवसरों पर जरूरतमंदों को आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराते रहे हैं। उनके इन प्रयासों की स्थानीय स्तर पर सराहना होती रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जब पुलिस केवल कानून व्यवस्था तक सीमित न रहकर सामाजिक कार्यों में भी भागीदारी करती है, तो जनता का विश्वास बढ़ता है। मुसहर बस्ती के एक बुजुर्ग ने इस पहल को पुलिस और समुदाय के बीच संबंधों को मजबूत करने वाला बताया। पुलिस की छवि को लेकर समाज में विभिन्न धारणाएं हैं। हालांकि, इस तरह के मानवीय प्रयासों से पुलिस के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होता है। जब पुलिसकर्मी जरूरतमंदों के त्योहारों में शामिल होते हैं, तो यह उनके कर्तव्य के साथ-साथ सामाजिक जुड़ाव को भी दर्शाता है। राहुलनगर क्षेत्र में कन्हैया पाण्डेय की यह पहल सराहनीय मानी जा रही है। यह अन्य पुलिसकर्मियों के लिए भी एक उदाहरण प्रस्तुत करती है कि कानून-व्यवस्था के साथ-साथ सामाजिक संवेदनशीलता भी पुलिसिंग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

## डीएफओ ने जारी किया आदेश, भड़के किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष, जताया विरोध

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।डीएफओ भरत कुमार डीके ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व क्षेत्र से गुजरने वाले मार्गों पर रात्रि के दौरान पूर्ण प्रतिबंध के संबंध में 28 जनवरी को आदेश जारी किया था। आदेश की जानकारी मिलते ही भारतीय किसान यूनियन युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष गुरदीप सिंह गोगी भड़क गए उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से वन विभाग को साफ लफ्जों में कह दिया है।कि यह आदेश यहां नहीं चलेगा यह वन विभाग की तानाशाही है। हम इसका पूरे तरीके से विरोध करते हैं। जनता जनार्दन से बड़ा कोई नहीं है। किसानों के अधिकतर कार्य जिला मुख्यालय से ही होते रहते हैं। जिला मुख्यालय से तीन तहसीलें लगी हुई है। बीसलपुर, पूरनपुर, कलीनगर जिला अध्यक्ष ने साफ शब्दों में कह दिया है। कि पहले प्रशासन से बात करेंगे बात अगर बनती हैं तो ठीक नहीं बनती है तो तारीख रखी है हमने 7 मार्च

**हमारे खेत हमारी जमीन यहां यह तानासाही नहीं चलेगी बिल्कुल भी : गुरदीप सिंह गोगी जिला अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन टिकैत युवा प्रकोष्ठ**

जिलाधिकारी कार्यालय के सामने सभी साथी लोग एकत्र होगे और अनिश्चितकाल के लिए धरना प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि अधिकतर कार्य रात को ही संपन्न होते हैं।विवाह समारोह भी रात्रि के समय होते हैं।किसान भी अपने द्वारा उगाई गई फसलों को अक्सर सुबह के समय मंडी समिति में लेकर जाते हैं। किसान अपना धान तुलवाकर अपने घरों को जब निकलते हैं। तब भी रात का हो जाती है।

अधिवक्ताओं से सलाह लेने के लिए भी अधिकतर रात्रि के समय ही जाया जाता है। किसानों की बिना किसी राय और सलाह से वन विभाग ने इतना बड़ा कदम उठा उठा दिया है।इस आदेश के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन लंबी लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है।

## समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता ने नवनिर्मित प्रतिष्ठान का फीता काटकर किया उद्घाटन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू ने 129 विधानसभा पूरनपुर में पहुंच कर नगर पंचायत कलीनगर के निवासी राम प्रवेश यादव द्वारा नई सरिया-सीमेंट की दुकान का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने व्यापारी राम प्रवेश यादव के नए व्यापार की सफलता की कामना करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि उनका यह व्यवसाय निरंतर प्रगति करे। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश भारती, पप्पू यादव,बेबी सिंह यादव सहित नगर पंचायत के दर्जनों लोग उपस्थित रहे है।

## महिलाओं ने खेली होली

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता । इन दिनों होली का रंगोत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। ब्रज की होली के भी अनेक रंग हर रोज भक्तों को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। जनपद की महिलाओं ने अपार खुशी के साथ होली खेली और एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाया। महिलाओं ने 'सब जग होरी, ब्रज होरा' की कहावत को चरितार्थ करते हुए।बड़े ही उत्साह के साथ एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी है।दूर-दराज से आई इन महिलाओं ने होली के इस अनोखे आनंद का हिस्सा लिया हैं। लगातार कई दिनों से कार्यालय एवं विद्यालयों में एक दूसरे को रंग लगाकर होली का त्यौहार मनाया जा रहा हैं।

## पुलिस अधीक्षक ने चेकिंग एवं पैदल गशत कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। सहायक पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी सदर नताशा गोयल द्वारा होली पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से थाना न्यूरिया क्षेत्रान्तर्गत उत्तर प्रदेश/उत्तराखण्ड बॉर्डर पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान आबकारी विभाग एवं थाना न्यूरिया पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों एवं वस्तुओं की गहन तलाशी ली गई। बॉर्डर क्षेत्र में आवागमन करने वाले दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की सघन जांच कर संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखी गई।चेकिंग अभियान के उपरांत थाना न्यूरिया क्षेत्र के भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बाजारों तथा चिन्हित संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गशत की गई। स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों से संवाद स्थापित कर त्योहार को आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई। महोदया द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई तथा थानाध्यक्ष न्यूरिया को प्रभावी गशत, सतत निगरानी एवं त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए है।

## कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष के निधन पर राहुल गांधी ने परिजनों से दूरभाष पर वार्ता कर बंधाया ढांढस

अमेठी । कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता योगेंद्र मिश्रा के निधन पर नेता प्रतिपक्ष एवं रायबरेली के सांसद राहुल गांधी ने परिजनों से दूरभाष पर वार्ता कर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया है और सोमवार को पैतृक गांव में आयोजित अंतिम संस्कार में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों सहित हजारों की संख्या में लोगों ने नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पूर्व जिलाध्यक्ष योगेंद्र मिश्रा को संगठन के प्रति निष्ठावान, संघर्षशील और वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध नेता बताते हुये उनके निधन को कांग्रेस परिवार के लिए अपूरणीय क्षति बताया तथा परिवार को इस कठिन समय में धैर्य और संबल प्रदान करने की कामना की। उनकी इस संवेदनशील बातचीत से परिजनों को भावनात्मक शक्ति मिली।दिवंगत योगेंद्र मिश्रा के निधन की सूचना मिलते ही अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा ने तत्काल परिवार से दूरभाष पर वार्ता कर गहरी संवेदना व्यक्त की तथा हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। योगेंद्र मिश्रा ने छात्र राजनीति से सार्वजनिक जीवन की शुरुआत की और ब्लॉक युवक कांग्रेस महासचिव से लेकर युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष (सुलतानपुरऽअमेठी), प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस, जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष, पटसन सलाहकार बोर्ड के सदस्य तथा वर्तमान में प्रदेश महासचिव उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी जैसे अनेक महत्वपूर्ण दायित्वों का निष्ठा, ईमानदारी और निर्भीकता के साथ निर्वहन किया। उन्होंने सिद्धांतों और संगठन की विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया।राजनीति के साथ-साथ वे खेलों के भी बड़े संरक्षक रहे। उनके द्वारा आयोजित ऐतिहासिक क्रिकेट टूर्नामेंटों में केंद्रीय मंत्री कैप्टन सतीश शर्मा सहित अनेक पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ियों की सहभागिता रही। समाज के सभी वर्गों और सभी राजनीतिक दलों से उनका व्यवहार सदैव सौहार्दपूर्ण, मृदुभाषी और सम्मानजनक रहा।अंतिम संस्कार में प्रसिद्ध कथावाचक विनय शास्त्री, गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह,पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी, राजेश श्रीवास्तव, कर्ण कुमार बाजपेयी,रोहित सिंह, राम लखन शुक्ला, नदीम अशरफ जायसी, ब्लॉक प्रमुख राजेश विक्रम सिंह, प्रदीप सिंघल, राम उदित यादव, सदाशिव यादव, उदयभान सिंह बबलू, शशिकांत तिवारी, अनिल सिंह सहित अमेठी संसदीय क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।योगेंद्र मिश्रा अपने पीछे छोटे भाई संतोष मिश्रा, बहनें सुषमा शुक्ला एवं प्रतिमा त्रिपाठी, बड़े पुत्र अंकित मिश्रा तथा छोटे पुत्र अंशुमान मिश्रा सहित शोकसंतप्त परिवार छोड़ गए हैं। उनका निधन अमेठी ही नहीं, बल्कि प्रदेश की राजनीति और सामाजिक जीवन के लिए अपूरणीय क्षति है।

# होली पर घर वापसी बनी आफतः निजी बस संचालकों की लूट और जोखिम भरा सफर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। रंगों का त्योहार होली करीब आते ही परदेस में कमाने गए लोगों की घर वापसी शुरू हो गई है, लेकिन यात्रियों की इस मजबूरी का फायदा निजी बस संचालक जमकर उठा रहे हैं। पीलीभीत जिले के जहानाबाद, पूरनपुर और अमरिया क्षेत्र में संचालित होने वाली निजी बसों में न केवल सुरक्षा मानकों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, बल्कि यात्रियों की जेब पर भी डाका डाला जा रहा है।

मनमाना किराया और जान जोखिम में डालकर सफर जयपुर और दिल्ली जैसे महानगरों से पीलीभीत आने वाली निजी स्लीपर बसों की स्थिति बेहद चिंताजनक है। यात्रियों ने शिकायत की है कि बस संचालक और परिचालक उनसे तय किराए से 200 से 300 रुपये अतिरिक्त वसूल रहे हैं। ओवरलोडिंग की इंतहाः 52-55 सीटों वाली बसों में 70 से अधिक यात्रियों को ठूस-ठूस कर भरा जा रहा है।

गैलरी में सफरः हालत यह है कि स्लीपर सीट का पैसा देने के बावजूद यात्रियों को बस की गैलरी में बैठकर सफर करना पड़ रहा है। बढ़ा हुआ किरायाः जो किराया 10 दिन पहले तक 500 रुपये था, वह अब 800 रुपये तक पहुँच गया है। पूरनपुर से दिल्ली का किराया भी 1100 से बढ़ाकर 1800 रुपये तक वसूला जा रहा है।

यात्रियों की जुबानीः मजबूरी और मनमानी का खेल सफर करके लौटे यात्रियों ने अपनी आपबीती साझा करते हुए बस संचालकों की पोल खोलीः ''परिचालक ने स्लीपर सीट के नाम पर 700 रुपये लिए, लेकिन पूरी रात गैलरी में बैठकर आना पड़ा। एक-एक सीट पर 5-5 लोगों को बैठाया जा रहा है।'' ममता, यात्री ''मैंने फरदिया पीलीभीत जाने के लिए 700 रुपये दिए थे, लेकिन ड्राइवर ने मुझे बीच रास्ते जहानाबाद में ही उतार दिया।'' – नाजिम, यात्री ट्रेनों का भी बुरा हालः पैर रखने की जगह नहीं केवल बसें ही नहीं, बल्कि रेलवे स्टेशनों पर भी भारी भीड़ उमड़ रही है। रविवार को गोरखपुर एक्सप्रेस के पीलीभीत प्लेटफॉर्म पर पहुँचते ही अफरा-तफरी का माहौल दिखा। यात्री जनरल कोच में सीट पाने के लिए खिड़कियों और दरवाजों से सामान सिर पर रखकर घुसते नजर आए। भारी भीड़ के कारण धक्का-मुक्की आम बात हो गई है।

निरीक्षण में खामियांः आरएम ने लगाई फटकार परिवहन निगम की व्यवस्थाओं का जायजा लेने रविवार को आरएम दीपक चौधरी स्थानीय डिपो पहुँचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कई अनियमितताएं पाईं:

बसों के संचालन में भारी लापरवाही मिली। ड्यूटी स्लिप और बसों के माइलेज (एवरेज) में बड़ा अंतर पाया गया। वर्कशॉप की स्थिति संतोषजनक न होने पर उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई और तत्काल सुधार के निर्देश दिए। रूट सामान्य किराया वर्तमान किराया होली पर जयपुर से जहानाबाद ?500 ?700 - ?800 दिल्ली से पूरनपुर ?1100 ?1800 यात्री क्षमता 55 सीट, 70+ यात्री है।

## होली के त्यौहार पर कैश की किल्लत से जूझते रहे नागरिक

तिलोई अमेठी । होली के त्यौहार पर हर व्यक्ति को बाजार में खरीददारी करनी है लेकिन तिलोई तहसील क्षेत्र के एटीएम में कैश नही है का बोर्ड लगा है और बैंकों में चार दिनों का अवकाश होने का कारण ग्राहकों को निराश होना पड़ रहा है अब ऐसी दशा में आम आदमी के सामने मुसीबतों का पहाड़ फाट पड़ा है लेकिन गांवों के गरीबों व जरुरतमंदों की सुनने वाला कोई नही है।तहसील तिलोई क्षेत्र के कस्बा सेमरौता, तिलोई,मोहनगंज, शिवरतनगंज, इन्हौना,अहोरवा भवानी सहित अन्य कस्बों में स्थापित बैंकों के एटीएम पूरी तरह से हाथ खड़े कर चुके हैं अधिकांश जगहों पर कैश नही है का बोर्ड भी लगा दिया गया है। होली के त्यौहार पर बैंको में बीती एक फरवरी से चार फरवरी तक अवकाश घोषित होने के कारण ग्राहक कैश न होने का रोना रोते नजर आये अब ऐसी दशा में आखिर यह ग्राहक कहां जाय इनकी व्यथा भी कोई सुनने वाला नही है। सोमवार को बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा सेमरौता के एटीएम बूथ पर पैसों की निकासी नही हो रही थी।

## होली के त्यौहार पर आपसी मतभेद भुलाकर एक दूसरे के साथ साझा करें खुशियां : डीएम

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। होली के त्यौहार पर जनपद में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने हेतु जिलाधिकारी संजय चौहान ने समस्त जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख, शांति और समृद्धि की कामना की है। उन्होंने कहा कि होली रंगों, उमंग और आपसी भाईचारे का प्रतीक पर्व है, जिसे प्रेम, सद्भाव और पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया जाना चाहिये। डीएम संजय चौहान ने अपने संदेश में कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सामुदायिक समरसता का भी प्रतीक है। यह पर्व हमें आपसी मतभेद भुलाकर एक दूसरे के साथ खुशियां साझा करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे पर्व के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने यह भी कहा है कि कोई भी व्यक्ति ऐसा कार्य न करे जिससे किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचे या सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो। जबरन रंग न लगाएं, कीचड़ या गंदगी किसी पर न फेंके तथा तेज आवाज में डीजे या ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग निर्धारित मानकों के अनुरूप ही करें। साथ ही मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहें और वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतें। जिलाधिकारी संजय चौहान ने अभिभावकों से भी अपील करते हुये कहा कि अपने बच्चों को सुरक्षित ढंग से होली खेलने के लिये प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी और शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। प्रशासन सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिये पूरी तरह सतर्क एवं प्रतिबद्ध है।

## अनियंत्रित ट्रक पलटा, चालक सुरक्षित

जयसिंहपुर/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । गल्ला लादकर जिला मुख्यालय जा रही ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड्ड में पलट गई। गनीमत रही कि चालक बाल-बाल बच गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। जानकारी के अनुसार दोस्तपुर थाना क्षेत्र के बनी गांव से सोमवार सुबह गल्ला लादकर ट्रक दोस्तपुर-बरौंसा मार्ग से जिला मुख्यालय की ओर जा रही थी। जैसे ही ट्रक जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के नुमाये गांव के पास पहुंची, चालक का संतुलन बिगड़ गया और वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड्ड में पलट गया। हादसे में ट्रक चालक गुड्डू (40) पुत्र बाबूलाल निवासी सुल्तानपुर को मामूली चोटें आईं। आसपास के लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उसे ट्रक से बाहर निकाला और इलाज के लिए बिरसिंहपुर स्थित सौ बेड अस्पताल भिजवाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया। बिरसिंहपुर चौकी प्रभारी प्रेम नारायण राजपूत ने बताया कि चालक नशे की हालत में था। फिलहाल उसे आंशिक चोट आई है और मामले की जांच की जा रही है।

# दर्जनों मुकदमों का आरोपी अमित भोजवाल पर कार्रवाई क्यों नहीं

## लूट पॉक्सो व चोरी जैसे मामलों के बावजूद खुलेआम घूमने से उठे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। जिले के बीसलपुर क्षेत्र में कई संगीन मामलों में नामजद आरोपी अमित कुमार भोजवाल पर अब तक कठोर कार्रवाई न होने से स्थानीय लोगों में रोष और चर्चा का माहौल है। हत्या के प्रयास, एससी/एसटी एक्ट, लूट, धोखाधड़ी और अन्य गंभीर धाराओं समेत दर्जनों मुकदमे दर्ज होने के बावजूद आरोपी के खुलेआम घूमने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, अमित कुमार भोजवाल पुत्र श्रीराम भोजवाल निवासी मोहल्ला दुबे वार्ड नंबर 5, कस्बा व थाना बीसलपुर के खिलाफ वर्ष 2016 से लेकर 2025 तक विभिन्न धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। इनमें मारपीट, धमकी, धोखाधड़ी, एससी/एसटी एक्ट और अन्य गंभीर अपराध शामिल हैं। हाल ही में बीसलपुर कोतवाली में दर्ज मुकदमा संख्या 306/25 में भी उसका नाम सामने आया है, जिसमें हत्या के प्रयास, बलवा और एससी/एसटी एक्ट की धाराएं लगाई गई हैं।

हाल ही के एक मामले अनुसार, जांच में सामने आया कि एक गोलीकांड की घटना को झूठा साबित कराने की साजिश में उसका नाम शामिल था, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया था। इसके अलावा, स्थानीय लोगों के अनुसार हाल ही में बीसलपुर में एक पिज्जा दुकान पर हुई लूट के मामले में भी उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। वहीं बरेली जनपद में वाहन चोरी से संबंधित मामले में भी उसका नाम सामने आने की बात कही जा रही है। इसके बावजूद आरोपी के खिलाफ जिला बदर जैसी सख्त कार्रवाई न होने पर सवाल उठ रहे हैं।

क्षेत्र के लोगों का कहना है कि इतने अधिक आपराधिक मामलों में नाम आने के बाद भी आरोपी का खुलेआम घूमना कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बना हुआ है। लोगों ने आशंका जताई है कि कहीं न कहीं उसे राजनीतिक या अन्य संरक्षण मिल रहा है, जिससे उस पर सख्त कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

फिलहाल, क्षेत्र में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं, ताकि कानून का भय बना रहे और क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रह सके।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, अस्पताल पहुँचने से पहले तोड़ा दम

पीलीभीत।जनपद के बिलसंडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम भैंनपुरा में सोमवार की सुबह एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद से गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है और पुलिस प्रशासन मामले की गहनता से जांच कर रहा है।मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह हिमांशु वर्मा की पत्नी माधुरी की तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजनों के मुताबिक, स्थिति गंभीर होने पर वे उसे आनन-फानन में बीसलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले गए। हालांकि, अस्पताल के द्वार तक पहुँचते-पहुँचते काफी देर हो चुकी थी। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने प्राथमिक परीक्षण के बाद माधुरी को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि जब महिला को केंद्र लाया गया, तब उसके शरीर में किसी भी तरह की हलचल नहीं थी।जहरीले पदार्थ के सेवन की आशंका ?बीसलपुर सरकारी अस्पताल ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए बिलसंडा थाना पुलिस को तत्काल मेमो भेजकर सूचना दी। अस्पताल द्वारा जारी मेमो में उल्लेख किया गया है कि महिला को मृत अवस्था में लाया गया था।

## फायरिंग और अधेड़ को कुचलने की कोशिश का आरोपित 25 हजार का इनामी हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

कानपुर । बर्रा स्थित मैगी प्वाइंट के पास फायरिंग करने और अधेड़ को कुचलने के प्रयास के मामले में गुजैनी पुलिस ने सोमवार को 25 हजार के इनामी हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपित के खिलाफ शहर के विभिन्न स्थानों में 39 मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि बीती 17 नवंबर की रात जूही कला स्थित वीरा मैगी प्वाइंट पर देर रात तोड़फोड़ और फायरिंग कर इलाके में दहशत फैलाई गई थी। सूचना पर पुलिस ने जब घटनास्थल का मुआयना किया तो उन्हें मौके से कई कारतूस के खोखे भी बरामद हुए थे। इसके अलावा कई वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए थे। पुलिस की जांच में पता चला कि इलाके में दहशत फैलाने वाला कोई और नहीं बल्कि गुजैनी का रहने वाला मनोज सिंह है। जिस पर शहर के तमाम थाना क्षेत्रों में 39 मुकदमे दर्ज हैं। कुछ समय पहले ही वह ढाई साल बाद जेल से बाहर आया था और नशे की हालत में उसने एक बुजुर्ग को कुचलने का प्रयास किया था। जिसका सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हुआ था। इसके बाद पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश कर रही थी। इसी बीच मुखबिर की सटीक सूचना पर उसे गुजैनी के एकता पार्क से गिरफ्तार कर लिया गया।

## सम्पादकीय

# भारत की सतरंगी संस्कृति का पर्व

रंगों और मस्ती का उत्सव होली आती है तो प्रकृति भी इस समय खिल जाती है और मन भी। देश के अलग-अलग हिस्सों में इससे जुड़ी रोचक परंपराएं हैं। होली का उल्लेख प्राचीन मंदिरों, लोक कथाओं और पौराणिक ग्रंथों में भी है। इसके साथ खान-पान, संगीत, दस्तकारी और लोक कलाओं की रिवायतें जुड़ी हैं। होली के रंग अमीर-गरीब का भेद व वैर-भाव भुलाकर सभी को बराबरी पर लाते हैं। यह पर्व सामाजिक सद्भाव का प्रतीक है। होली रंगों का त्योहार है, पर केवल रंग उड़ाने या मौज मस्ती तक सीमित नहीं है। अवध के इलाके में परंपरा है कि होली के बाद सब एक-दूसरे के गले मिलते हैं। यह क्रम करीब एक पखवाड़े तक चलता है। हरेक परिवार अपने पड़ोस के हरेक घर में होली मिलने जाता है। पड़ोसी उनके घर आते हैं। यह क्रम करीब एक पखवाड़े तक चलता है। ऐसी परंपराएं होली को सामाजिक मेलजोल का सबसे बड़ा त्योहार बनाती हैं। पूरे देश में ऐसा ही कुछ किसी न किसी रूप में और किसी न किसी परंपरा के साथ होता है। यह कई दिन चलने वाली गतिविधि है, जो चार महीनों की ठंडक के कारण उपजी निष्क्रियता को तोड़ने का काम करती है। पूरे देश के अलग-अलग हिस्सों में इससे जुड़ी रोचक परंपराएं हैं, जो केवल रंग बिखेरने से ही नहीं जुड़ी है। इसके साथ खान-पान, संगीत, दस्तकारी और लोक कलाओं की जबर्दस्त परंपराएं जुड़ी हुई हैं। होली के रंग ऊंच-नीच, अमीर-गरीब, जाति और धर्म के बंधनों को तोड़कर, वैर-भाव भूलकर सभी को समान धरातल पर लाते हैं। यह पर्व सामाजिक सद्भाव और दोस्ताना समाज की स्थापना करता है। वसंत पंचमी से ही फाग और धमार का गाना प्रारंभ हो जाता है। प्रकृति भी इस समय खिली हुई होती है। सरसों के पीले फूल धरती को रंग देते हैं। गेहूं की बालियां निकल आती हैं। आम पर बौर फूलने लगते हैं। किसान खुश होकर गीत गाते हैं। यह त्योहार सभी पृष्ठभूमि के लोगों को एक साथ लाता है, जाति, पंथ और उम्र की बाधाओं को पार करते हुए एकता और समुदाय की भावना को बढ़ावा देता है। क्षमा और मेल-मिलाप को प्रोत्साहित करता है। खुशी की बेलाग अभिव्यक्ति और कड़वाहटों को भुला देने का दिन। जब हम इसके इतिहास पर जाते हैं, तब पता लगता है कि यह देश के सबसे पुराने त्योहारों में से एक है। इतिहासकारों के अनुसार आर्यों में इस पर्व का प्रचलन था। विंध्य क्षेत्र के रामगढ़ से प्राप्त ईसा से 300 वर्ष पुराने एक अभिलेख में होली मनाए जाने का उल्लेख मिलता है। जैमिनी के पूर्व मीमांसा-सूत्र और कथा गृह्य-सूत्र, नारद पुराण और भविष्य पुराण में भी इसका उल्लेख मिलता है। सातवीं शताब्दी के राजा हर्ष ने अपनी रचना 'रत्नावली' में होलिकोत्सव का उल्लेख किया है। ग्यारहवीं सदी में फारस से आए विद्वान अल-बिरूनी ने भी अपनी पुस्तकों में होली मनाने का उल्लेख किया है। मध्ययुग में देश में जब मुस्लिम आबादी भी बढ़ी, तब भी यह केवल हिंदू आबादी तक सीमित पर्व नहीं रहा। उर्दू के सैकड़ों शायरों ने होली को रूपक बनाकर रचनाएं लिखी हैं। नजीर अकबराबादी की नज्म है, जब फागुन रंग झमकते हों तब देख बहारें होली कीध और दफ के शोर खड़कते हों तब देख बहारें होली कीध्परियों के रंग दमकते हों तब देख बहारें होली की खुम, शीशे, जाम, झलकते हों तब देख बहारें होली की। विभाजन की तमाम तल्खियों के बावजूद आज भी पाकिस्तान में होली खेली जाती है, कट्टरपंथियों और सरकार के भारी विरोध के बावजूद। मुगल पेंटिंगों में होली के दृश्य मिलेंगे। इसे 'ईद-ए-गुलाबी' या 'आब-ए-पाशी' कहा जाता था। इन पेंटिंगों में बादशाहों, बेगमों और दरबारी महिलाओं को रंग, पिचकारी और संगीत के साथ उत्सव मनाते हुए देखा जा सकता है। ये मिनिएचर पेंटिंग 18वीं सदी के दौरान, विशेषकर मुहम्मद शाह और बहादुर शाह जफर के समय में, बहुत प्रसिद्ध हुईं। अवध के नवाब, विशेषकर वाजिद अली शाह, गंगा-जमुनी तहजीब के तहत धूमधाम से होली मनाते थे। वे गुलाल, इत्र और चांदी की पिचकारियों से रंग खेलते थे और ठुमरी गाते थे। होली की जीवंत कल्पना प्राचीन मंदिरों की दीवारों पर भी मिलती है।

# होली: आध्यात्मिक चेतना एवं वैज्ञानिक दृष्टि का सांस्कृतिक उत्सव

होली का मूल प्रेरक प्रसंग प्रह्लाद और होलिका की कथा से जुड़ा है। यह कथा केवल पौराणिक आख्यान नहीं, बल्कि गहन प्रतीकात्मक संदेश है। प्रह्लाद अटूट श्रद्धा और सत्यनिष्ठा के प्रतीक हैं, जबकि होलिका अहंकार और दुराग्रह का प्रतिनिधित्व करती है। होलिका-दहन हमें यह सिखाता है कि अंततः विजय सत्य की होती है और अहंकार की ज्वाला स्वयं को ही भस्म कर देती है। जब हम होलिका की अग्नि प्रज्वलित करते हैं, तो उसका वास्तविक अर्थ बाहरी लकड़ियों को जलाना नहीं, बल्कि अपने भीतर के क्रोध, ईर्ष्या, द्वेष और अहं को दग्ध करना है। यदि यह आंतरिक शुद्धि नहीं हुई, तो होली केवल एक सामाजिक आयोजन बनकर रह जाएगी। रंगों का आध्यात्मिक अर्थ भी अत्यंत गहरा है। भारतीय संस्कृति में प्रत्येक रंग का अपना भाव है। लाल ऊर्ज़ा और प्रेम का प्रतीक है, पीला ज्ञान और पवित्रता का, हरा जीवन और समृद्धि का, नीला अनंत आकाश और व्यापक चेतना का। जब हम एक-दूसरे को रंग लगाते हैं, तो मानो यह घोषणा करते हैं कि हम भेदभाव की सीमाएँ मिटाकर एकात्मता का अनुभव करेंगे। रंग हमें सिखाते हैं कि विविधता ही जीवन का सौंदर्य है।

होली केवल रंगों का खेल नहीं, बल्कि भारतीय जीवन-दर्शन की सजीव अभिव्यक्ति है। यह वह पर्व है जो मनुष्य को उसके भीतर झाँकने का अवसर देता है और याद दिलाता है कि जीवन का वास्तविक सौंदर्य बाहरी आडंबर में नहीं, बल्कि अंतःकरण की निर्मलता में निहित है। समय के प्रवाह में होली के स्वरूप में अनेक परिवर्तन आए हैं। कहीं यह उत्सव उल्लास का माध्यम बना, तो कहीं उच्छृंखलता का पर्याय भी दिखाई देने लगा। छेड़खानी, मादक पदार्थों का सेवन, मारपीट और मर्यादा का उल्लंघन जैसी प्रवृत्तियां इस पावन पर्व की आत्मा के विपरीत हैं। वस्तुतः सही अर्थों में होली का अर्थ शालीनता का अतिक्रमण नहीं, बल्कि आंतरिक विकारों का दहन और संबंधों का पुनर्जीवन है। आवश्यकता इस बात की है कि हम होली के आध्यात्मिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक आयामों को समझें और समसामयिक संदर्भों में उसे एक नई गरिमा और जीवंतता प्रदान करें। होली का मूल प्रेरक प्रसंग प्रह्लाद और होलिका की कथा से जुड़ा है। यह कथा केवल पौराणिक आख्यान नहीं, बल्कि गहन प्रतीकात्मक संदेश है। प्रह्लाद अटूट श्रद्धा और सत्यनिष्ठा के प्रतीक हैं, जबकि होलिका अहंकार और दुराग्रह का प्रतिनिधित्व करती है। होलिका-दहन हमें यह सिखाता है कि अंततः विजय सत्य की होती है और अहंकार की ज्वाला स्वयं को ही भस्म कर देती है। जब हम होलिका की अग्नि प्रज्वलित करते हैं, तो उसका वास्तविक अर्थ बाहरी लकड़ियों को जलाना नहीं, बल्कि अपने भीतर के क्रोध, ईर्ष्या, द्वेष और अहं को दग्ध करना है। यदि यह आंतरिक शुद्धि नहीं हुई, तो होली केवल एक सामाजिक आयोजन बनकर रह जाएगी। रंगों का आध्यात्मिक अर्थ भी अत्यंत गहरा है। भारतीय संस्कृति में प्रत्येक रंग का अपना भाव है। लाल ऊर्ज़ा और प्रेम का प्रतीक है, पीला ज्ञान और पवित्रता का, हरा जीवन और समृद्धि का, नीला अनंत आकाश और व्यापक चेतना का। जब हम एक-दूसरे को रंग लगाते हैं, तो मानो यह घोषणा करते हैं कि हम भेदभाव की सीमाएँ मिटाकर एकात्मता का अनुभव करेंगे। रंग हमें सिखाते हैं कि विविधता ही जीवन का सौंदर्य है। अलग-अलग रंग मिलकर ही इंद्रधनुष बनाते हैं; उसी प्रकार विभिन्न समुदायों, विचारों और संस्कृतियों का समन्वय ही समाज को समृद्ध बनाता है। यही होली का सांस्कृतिक संदेश है-विविधता में एकता। वैज्ञानिक दृष्टि से भी होली का विशेष महत्व है। यह पर्व फाल्गुन पूर्णिमा को आता है, जब शीत ऋतु का समापन और ग्रीष्म ऋतु का आरंभ होता है। यह संक्रमण काल शरीर की प्रतिरोधक क्षमता के लिए संवेदनशील समय होता है। परंपरागत रूप से होलिका-दहन की अग्नि के समीप बैठना और उसकी ऊष्मा ग्रहण करना स्वास्थ्य की दृष्टि से लाभकारी माना गया। प्राचीन काल में टेसू के फूलों, चंदन, हल्दी और प्राकृतिक गुलाल से बने रंगों का प्रयोग किया जाता था, जिनमें औषधीय गुण होते थे। वे त्वचा को लाभ पहुँचाते थे और संक्रमण से भी रक्षा करते थे। आज रासायनिक रंगों के दुष्प्रभावों ने इस परंपरा को चुनौती दी है। अतः आवश्यक है कि हम प्राकृतिक और पर्यावरण-अनुकूल रंगों की ओर लौटें। विकसित भारत की संकल्पना में स्वच्छता, हरित जीवनशैली और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता का जो आग्रह है, वह होली के पारंपरिक स्वरूप से पूर्णतः सामंजस्य रखता है। सांस्कृतिक दृष्टि से होली भारतीय समाज की सामूहिक चेतना का उत्सव है। यह वह अवसर है जब सामाजिक भेदभाव की दीवारें कमजोर पड़ती हैं और अपनत्व का रंग गहरा होता है। गाँवों में फाग-गीतों की गूंज, चौपालों पर हास-परिहास, नगरों में सांस्कृतिक आयोजन-ये सब सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करते हैं। होली का एक स्वरूप वह भी है, जब लोग पुराने मनमुटाव भुलाकर गले मिलते हैं और संबंधों को नया आयाम देते हैं। यह पर्व संवाद और समरसता का सेतु बन सकता है, बशर्ते हम इसकी मूल भावना को समझें। आज के वैश्वीकरण के युग में नई पीढ़ी आधुनिकता को प्रगति का पर्याय मानती है। आधुनिकता स्वागतयोग्य है, किंतु यदि वह मूल्य-विस्मृति का कारण बन जाए, तो समाज का संतुलन बिगड़ सकता है। बुरा न मानो होली है का अर्थ किसी की गरिमा को ठेस पहुँचाना नहीं, बल्कि हँसी-खुशी के साथ आत्मीयता बाँटना है। महिलाओं के सम्मान, सार्वजनिक मर्यादा और सामाजिक उत्तरदायित्व का ध्यान रखते हुए होली मनाना ही सच्ची भारतीयता है। यदि उत्सव के नाम पर उच्छृंखलता बढ़े, तो वह हमारे सांस्कृतिक आत्मसम्मान के विपरीत है। नई पीढ़ी को यह समझाना होगा कि आनंद और अनुशासन एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सांस्कृतिक आत्मविश्वास की नई यात्रा पर अग्रसर है। ल्लनया भारतङ्क और ल्लविकसित भारतङ्क की परिकल्पना केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्ज़ागरण से भी जुड़ी है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारतीय परंपराओं, योग, आयुर्वेद और त्योहारों की बढ़ती प्रतिष्ठा इस परिवर्तन का संकेत है। होली जैसे पर्व विश्वभर में भारतीय संस्कृति की पहचान बन रहे हैं। यदि इन्हें शालीनता, पर्यावरण-संवेदनशीलता और आध्यात्मिक चेतना के साथ प्रस्तुत किया जाए, तो यह भारत की सॉफ्ट पावर को और सुदृढ़ कर सकते हैं। यह समय है जब हम अपने त्योहारों को केवल मनोरंजन तक सीमित न रखकर उन्हें सांस्कृतिक कूटनीति और सामाजिक जागरण का माध्यम बनाएं। नई विश्व-व्यवस्था में जहाँ तकनीकी प्रगति के साथ मानसिक तनाव और सामाजिक दूरी भी बढ़ रही है, वहाँ होली जैसे उत्सव मानवीय संबंधों को पुनर्स्थापित करने का अवसर देते हैं। डिजिटल युग में लोग आभासी संवाद में अधिक और प्रत्यक्ष संवाद में कम समय दे रहे हैं। होली हमें प्रत्यक्ष मिलन, स्नेह-स्पर्श और सामूहिक उल्लास की अनुभूति कराती है। यह सामाजिक एकाकीपन को दूर करने का भी माध्यम बन सकती है। यदि हम इस अवसर पर समाज के वंचित वर्गों, वृद्धजनों और जरूरतमंदों के साथ रंग साझा करें, तो यह उत्सव करुणा और सेवा की भावना को भी सशक्त करेगा। आवश्यकता है कि होली को नशामुक्त, पर्यावरण-अनुकूल और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाने का सामूहिक संकल्प लिया जाए। विद्यालयों, सामाजिक संस्थाओं और धार्मिक संगठनों के माध्यम से होली के मूल संदेश को प्रचारित किया जा सकता है। फाग-गीत, लोकनृत्य, कवि-सम्मेलन और सामूहिक प्रार्थना जैसे आयोजनों से इस पर्व को नई दिशा दी जा सकती है। जब होली केवल रंगों तक सीमित न रहकर विचारों का उत्सव बनेगी, तभी उसका वास्तविक उद्देश्य पूर्ण होगा। निश्चित तौर पर होली हमें यह सिखाती है कि बाहरी रंग क्षणिक हैं, किंतु आंतरिक प्रेम और सद्भाव शाश्वत हैं। यदि हम अपने भीतर के अहंकार को जला दें और हृदय में करुणा का रंग भर दें, तो हर दिन होली बन सकता है। विकसित भारत का स्वप्न तभी साकार होगा जब आर्थिक उन्नति के साथ सांस्कृतिक चेतना भी समानांतर चले। आइए, इस होली पर हम यह संकल्प लें कि मर्यादा का उल्लंघन नहीं, मर्यादा का उत्सव मनाएँगे; विभाजन नहीं, विश्वास का रंग फैलाएँगे; और उच्छृंखलता नहीं, उत्साह और सद्भाव का संदेश देंगे। जब होली का रंग हमारे चरित्र और आचरण में उतर जाएगा, तभी यह पर्व वास्तव में सार्थक और प्रेरणादायी बन सकेगा। –ललित गर्ग




# जीएसटी संग्रह ने फिर दिखाया भारत की आर्थिक ताकत को

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच एक बार फिर कर संग्रह के ताजा आंकड़ों ने सकारात्मक संकेत दिए हैं। फरवरी 2026 में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में 8.1 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज होना यह बताता है कि घरेलू मांग, आयात गतिविधियों और कर ढांचे की स्थिरता मिलकर अर्थव्यवस्था को मजबूत आधार दे रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि यह बढ़त उस समय सामने आई है जब सरकार ने हाल ही में जीएसटी दरों में कटौती और टैक्स ढांचे को सरल बनाने जैसे बड़े सुधार लागू किए हैं।

फरवरी 2026 में जीएसटी संग्रह 8.1 प्रतिशत बढ़कर 1.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया, जोकि पिछले वर्ष इसी महीने 1.69 लाख करोड़ रुपये था। यह वृद्धि इस बात का संकेत है कि देश की आर्थिक गतिविधियों में निरंतर विस्तार हो रहा है। विशेष रूप से आयात और घरेलू खपत दोनों में तेजी ने कर संग्रह को मजबूती दी है।यह आंकड़ा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि वैश्विक स्तर पर आर्थिक चुनौतियां और आपूर्ति शृंखला में अनिश्चितता बनी हुई है। ऐसे माहौल में भारत का राजस्व संग्रह स्थिर वृद्धि दिखा रहा है, जोकि आर्थिक मजबूती का स्पष्ट संकेत है। जीएसटी संग्रह में वृद्धि का एक बड़ा कारण घरेलू मांग में सुधार रहा है। फरवरी में घरेलू सकल राजस्व 5.3 प्रतिशत बढ़कर करीब 1.36 लाख करोड़ रुपये रहा।यह संकेत देता है कि उपभोक्ता खर्च में धीरे-धीरे तेजी आ रही है। त्योहारों के बाद भी खपत का स्तर मजबूत बना रहना इस बात की पुष्टि करता है कि भारत की आंतरिक मांग अर्थव्यवस्था के लिए एक स्थायी इंजन बन चुकी है। खासतौर पर खुदरा बाजार, सेवा क्षेत्र और विनिर्माण गतिविधियों में सुधार का असर कर संग्रह पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। फरवरी के आंकड़ों में एक और उल्लेखनीय पहलू आयात से मिलने वाले कर राजस्व में तेज वृद्धि है। आयात से प्राप्त सकल राजस्व 17.2 प्रतिशत बढ़कर 47,837 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। यह वृद्धि दो महत्वपूर्ण संकेत देती है; पहला, भारत में औद्योगिक उत्पादन और उपभोग के लिए कच्चे माल और उत्पादों की मांग बढ़ रही है; दूसरा, वैश्विक व्यापार में भारत की भागीदारी सक्रिय बनी हुई है। सितंबर 2025 में सरकार ने जीएसटी ढांचे में बड़ा बदलाव करते हुए करीब 375 वस्तुओं पर कर दरें घटा दी थीं। इसके साथ ही चार टैक्स स्लैब को घटाकर दो प्रमुख स्लैब 05 प्रतिशत और 18 प्रतिशत कर दिया गया।सुधार लागू होने के शुरुआती महीनों में संग्रह में हल्की गिरावट देखी गई थी। नवंबर 2025 में जीएसटी संग्रह घटकर 1.70 लाख करोड़ रुपये रह गया था। लेकिन इसके बाद अर्थव्यवस्था ने तेजी से संतुलन स्थापित किया और दिसंबर में संग्रह 1.74 लाख करोड़ रुपये तथा जनवरी में 1.93 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। फरवरी के आंकड़े इस बात की पुष्टि करते हैं कि कर दरों में कटौती के बावजूद राजस्व स्थिर बना हुआ है। वित्त वर्ष 2025-26 की शुरुआत से फरवरी तक कुल जीएसटी संग्रह 20.27 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। यह पिछले वर्ष की समान अवधि के 18.71 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 8.3 प्रतिशत अधिक है।उच्च आधार के बावजूद इतनी वृद्धि यह दर्शाती है कि कर संग्रह में संरचनात्मक मजबूती आ रही है।यह प्रवृत्ति यह भी बताती है कि डिजिटल कर प्रणाली, ई-इनवॉइसिंग और बेहतर अनुपालन जैसे कदमों का देश भर में सकारात्मक प्रभाव दिखाई दे रहा है। फरवरी के जीएसटी संग्रह में केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) 37,473 करोड़ रुपये और राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) 45,900 करोड़ रुपये रहा। वहीं इंटीग्रेटेड जीएसटी (आईजीएसटी) 1,00,236 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। यह वितरण इस बात को दर्शाता है कि केंद्र और राज्यों के बीच कर साझेदारी संतुलित तरीके से आगे बढ़ रही है। फरवरी में सरकार ने 22,595 करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10.2 प्रतिशत अधिक है। रिफंड प्रणाली का तेज और पारदर्शी होना निर्यातकों और उद्योगों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इससे उनकी नकदी प्रवाह की समस्या कम होती है और व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलती है। रिफंड को घटाने के बाद शुद्ध जीएसटी संग्रह 1.61 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 7.9 प्रतिशत अधिक है।

## सेहत मंत्र

# सिर्फ प्यास लगने पर ही पीना चाहिए पानी, ज्यादा पानी पीना भी हो सकता है नुकसानदायक: वैज्ञानिक

पानी पीना हमारे शरीर के लिए कितना जरूरी है, ये बात आपसे छिपी नहीं है। पानी न सिर्फ शरीर को हाइड्रेट रखता है, बल्कि कई तरह के बॉडी फंक्शन्स के लिए बेहद जरूरी होता है। आपको जानकर हैरानी हो सकती है कि आपके शरीर के कुल वजन का 60% भार सिर्फ पानी का होता है। यानी पानी हमारे शरीर की मूलभूत जरूरतों में से एक है। एक्सपर्ट्स सलाह देते हैं कि हर व्यक्ति को एक दिन में कम से कम 2 लीटर यानी 8 ग्लास पानी जरूर पीना चाहिए। मगर क्या आप भी पानी की बताई गई मात्रा को पूरा करने के लिए जबरदस्ती पानी पीते हैं? अगर हां, तो रुकिए! वैज्ञानिकों ने हाल में ही पानी पीने से जुड़ा एक नया शोध किया है, जिसमें कुछ महत्वपूर्ण बातें सामने आई हैं। पानी हमारे शरीर के लिए इसलिए जरूरी है क्योंकि हम जो भी भोजन करते हैं, उससे मिलने वाले पोषक तत्वों को शरीर के अलग-अलग अंगों के सेल्स तक पहुंचाने का काम पानी करता है। पानी के द्वारा ही हमारे शरीर में मिनरल्स (खनिज तत्व), विटामिन्स, एमिनो एसिड्स और ग्लूकोज का अवशोषण होता है। अगर शरीर में पानी की कमी हो जाए, तो हेल्दी और पौष्टिक चीजें खाने के बावजूद आपके शरीर को पोषक तत्व नहीं मिल पाएंगे। इसके अलावा पानी की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका यह है कि ये शरीर में मौजूद गंदगी और जहरीले पदार्थों (टॉक्सिन्स) को मूत्र के रूप में बाहर निकालने के लिए बेहद जरूरी है। ऊपर बताए गए फायदों के कारण ही बहुत सारे लोग दिनभर जबरदस्ती पानी पीते रहते हैं। मगर वैज्ञानिकों ने नए अध्ययन के बाद ऐसा न करने की सलाह दी है। दरअसल वैज्ञानिकों ने खोज की है कि आपको तभी पानी पीना चाहिए, जब आपको प्यास लगे। बिना प्यास के पानी पीने से कई बार शरीर में पानी की अधिकता हो जाती है, जो कि अलग तरह की स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकती है। इस नई रिसर्च को नेशनल एकडमी ऑफ साइंस द्वारा किया गया है। रिसर्च के लिए वैज्ञानिकों की टीम ने अलग-अलग प्रतिभागियों के समूहों को 2 तरह से पानी पीने की हिदायत दी।

## धर्म मंत्र

# शनिवार के दिन करें यह 4 आसान टोटके शनि देव और हनुमानजी की बरसेगी कृपा

शनिवार का दिन भगवान शनि देव का रहता हैं। लेकिन अधिकांश लोगो को यह कम ही पता होगा की शनिवार का दिन श्रीराम भक्त और अत्यंत बलशाली भगवान हनुमानजी का भी रहता हैं। जिस भी व्यक्ति पर इन दोनों की कृपा हो जाएं वह भवसागर पार हो जाता हैं। शनि देव की दृष्टि से मनुष्य धन-धान्य से पूर्ण हो जाता हैं तो महाबली हनुमान की दृष्टि से मनुष्य के दुश्मन अपने आप खत्म होते जाते हैं। शनिदेव और हनुमान जी की लाभकारी दृष्टि और उनका आशीर्वाद पाने हेतु शनिवार को यह 4 टोटके करें। जिससे आपके जीवन में बदलाव के साथ सारे दुःख दर्द दूर हो जाएंगे एवं अटका हुआ धन तथा धन लाभ मिलने लगेगा। आज हम आपको यह 4 टोटके बता रहें हैं जिन्हें आप शनिवार के दिन अवश्य करें। भगवान शनि देव बड़े ही दयालु हैं। जो भी भक्त उनको सच्चे मन से याद करता है शनिदेव उनको अपना आशीर्वाद प्रदान करते हैं। अगर आपको शनि देव की साढ़ेसाती और ढैय्या या कोई अन्य दोष हो तो शनिवार को पीपल के पेड़ के नीचे दोनों हाथों से स्पर्श करके पीपल के पेड़ की सात परिक्रमा करें। यह आप हर शनिवार करेंगे तो ज्यादा अच्छा रहेगा। याद रहें कि पीपल की परिक्रमा के दौरान आप ''? शं शनैश्चराय नमः'' का जप अवश्य करें। शनिवार को शनि देव के साथ ही भगवान हनुमानजी की भी पूजा करें। शनिवार की शाम को मछलियों को दाना डालें तथा चीटियों को आटा खिलाए। इससे शनि देव व हनुमानजी की कृपा से आपके भाग्य खुल जाएंगे।

## पर्यटन



# बर्लिन: अतीत में लिपटा एक आधुनिक शहर

बर्लिन के टेगेल हवाई अड्डे पर विमान के उतरने भर की देर थी कि कुछ ही देर में एयरोब्रिज उसके सीने से आ जुड़ा और चंद मिनटों में ही हम भी बाहर थे। मगर बाहर तो एयरोब्रिज से निकले थे। अब हैरानगी इसे लेकर थी कि मुश्किल से तीस मीटर चलने के बाद ही हम हवाईअड्डे से भी बाहर पहुंच चुके थे! इससे पहले कि कुछ समझ में आता, हमारी टैक्सी भी सामने थी। मुस्तफा ने मेरे हाथ से लगेज लिया, डिक्की में लादा और हमारी मंजिल की तरफ लेकर चल पड़ा। करीब डेढ़ सौ किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ती मर्सिडीज की सवारी करते हुए हमारा दिमाग इसी सवाल से गुत्थमगुत्था था कि दुनिया के आधुनिकतम कहलाने वाले शहरों में शुमार बर्लिन का एयरपोर्ट इतना छुटका कैसे हो सकता है? मुस्तफा ने इस राज पर से पर्दा उठाते हुए बताया कि टेगेल की बनावट षट्कोणीय है, जिसकी वजह से कई बार विमान और सड़क की दूरी मामूली ही बचती है। सुविधा के मामले में इसका कोई तोड़ नहीं हो सकता। यह तो पहली ही शाम थी, अभी हमें ऐसे ही और भी कई आश्चर्यों से रूबरू होना था। बर्लिन के क्रिसमस बाजारों से मिलने इस तरफ चले आए थे। सुना था कि यूरोप में क्रिसमस की धड़कनें देखनी हों, तो जर्मनी एक बार जरूर आना चाहिए। पॉल-रॉबेसन स्ट्राबे पर हमारा एयरबीएनबी बुक था और यहां तक पहुंचने में करीब 20 मिनट लगे। हवाईअड्डे से चले थे, तो आसमान पर बादलों के साए जमा थे। जब यहां पहुंचे तो बूंदाबांदी शुरू हो चुकी थी। एक तो रात का वक्त, अनजाना शहर और उस पर बारिश के उन छींटों में भीगते हुए सामने इंडियन रेस्टोरेंट से अपने अड्डे की चाबी भी लेनी थी। इस बीच, मुस्तफा को हम विदा कर चुके थे। चौथी मंजिल पर हमारा अपार्टमेंट था, जिस तक पहुंचने की लिफ्ट का वजूद हमें कहीं नहीं दिखाई दिया। थकान खास नहीं थी और यूरोप में घुमक्कड़ी की आदतों के चलते लगेज भी ज्यादा नहीं था, तो भी सीढ़ियों पर सांस फुलाते हुए चढ़ना अखरा था। बहरहाल, अपना घर देखकर मन झूम उठा। दो बेडरूम, एक बड़ा-सा लिविंग रूम, किचन, बॉलकनी और इन सबको आपस में जोड़ने वाला गलियारा मस्त था।

# प्रदेश में गौहत्या तो दूर, गौ माता को कोई खरोंच भी नहीं लगा सकता : केशव प्रसाद मौर्य

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को 'गो प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध' आंदोलन का अधिकार, लखनऊ आने में कोई रोक-टोक नहीं: केशव प्रसाद मौर्य



वाराणसी। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज वाराणसी दौरे पर ज्योतिष्पीठाधीश्वर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के 'गो प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध' आंदोलन को लेकर बड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा शंकराचार्य जी को आंदोलन करने का पूरा अधिकार है और उनके लखनऊ आगमन पर किसी प्रकार की रोक-टोक नहीं है।

सोमवार को वाराणसी दौरे पर आए उपमुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा, ल्लवह शंकराचार्य हैं, संत हैं। शंकराचार्य कहीं भी जाएंगे, हम उनका स्वागत करेंगे। मैं भी रामभक्त होने के नाते उनका स्वागत करूंगा।ङ्क शंकराचार्य द्वारा दिए गए इस बयान कि 'उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक गौहत्या होती है' पर प्रतिक्रिया देते हुए उपमुख्यमंत्री मौर्य ने कहा कि प्रदेश में गौहत्या तो दूर, ल्लगौ माता को कोई खरोंच भी नहीं लगा सकता। किसी हत्यारे की औकात नहीं है।ङ्क उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि कोई गौ माता को नुकसान पहुंचाने का प्रयास करेगा तो सरकार उसे बख्शेगी नहीं।

मौर्य ने स्वयं को गौभक्त बताते हुए कहा कि उन्होंने पूर्व में भी गौ संरक्षण के लिए कई आंदोलन किए हैं। गौ तस्करों और ऐसे तत्वों को पता है कि हम उनके साथ कैसा व्यवहार करेंगे । शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ दर्ज मुकदमे को लेकर अखिलेश यादव की प्रतिक्रिया पर पलटवार करते हुए उपमुख्यमंत्री ने उन्हें ल्लढोंगीङ्क करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा शासनकाल में रामभक्तों का दमन किया गया और गौ तस्करों को संरक्षण मिला। एक सवाल के जबाब में उन्होंने कहा कि 2047 तक भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी रहेगी। कोई भी विपक्षी गठबंधन इसे डिगा नहीं पाएगा। उपमुख्यमंत्री मौर्य वाराणसी में सरकारी सरस मेले में हिस्सा लेने पहुंचे थे।

### महाराजा अग्रसेन संगठन ने धूमधाम से मनाया होली उत्सव

मुरादाबाद। महाराजा अग्रसेन संगठन मुरादाबाद की ओर से पंचायत भवन में सोमवार को भव्य होली उत्सव कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाराजा अग्रसेन जी की आरती के साथ हुआ। उसमें दिल्ली से आए कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांधा। कार्यक्रम में गणेश वंदना, शिव-पार्वती होली, राधा-कृष्ण लीला, मयूर नृत्य, लठ्ठमार होली, फूलों की होली आकर्षण का केंद्र रही। सभी अग्रबंधुओं ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। मुरादाबाद शहर के अग्र समाज के डॉ. दिशांतर गोयल, सीए गौरव अग्रवाल, सीए नितिन अग्रवाल व अनिल अग्रवाल को सम्मानित किया गया। सरप्राइज सवालों के साथ लकी ड्रा भी निकाले गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महिला प्रकोष्ठ संयोजिका एकता अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य नीति अग्रवाल, आंचल अग्रवाल, ममता मित्तल, विशाखा मित्तल, शिखा अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, रचना अग्रवाल, डा. सुगंधा अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, पल्लवी अग्रवाल, अनुराधा अग्रवाल आदि ने सहयोग दिया। कार्यक्रम में कई सेल्फी प्वाइंट बनाए गए थे। इसका समाज के लोगों ने खूब आनंद लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपक अग्रवाल व संयोजन हिमांशु अग्रवाल, महामंत्री अमोल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नितिन मित्तल ने किया। इस दौरान नगर विधायक रितेश गुप्ता, मेयर विनोद अग्रवाल, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल, अल्पना रितेश गुप्ता, अजय गुप्ता, अनुज मित्तल, राजीव अग्रवाल, अजय अग्रवाल, दीपक अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# आलू लदी ट्रैक्टर-ट्राली ने मारी टक्कर, एक की मौत



बाराबंकी जिले के रामनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा है। सोमवार की देर शाम कस्बा रामनगर के मोहल्ला धमेड़ी एक निवासी 25 वर्षीय गौरी शंकर यादव पुत्र सहज राम यादव किसी कार्य से मरकामऊ बाइक से जा रहा था। जब वह ग्राम नथना पुल के पास पंहुचा उसी समय आलू लदी ट्रैक्टर ट्राली के जोरदार टक्कर से गौरी शंकर बाइक सहित सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे तत्काल एम्बुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रामनगर प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडे ने बताया कि शव को आवश्यक लिखा पढ़ी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना कारित करने वाले ट्रैक्टर ट्राली व चालक को पकड़ लिया गया है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है ।

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में खेली गई होली

मुरादाबाद। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से मुरादाबाद सिविल लाइंस सेंटर पर बीके आशा दीदी के सौजन्य से होली का पर्व बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। होली का आध्यात्मिक रहस्य आशा दीदी, ज्योतिष विज्ञान नवग्रह अनुसंधान केंद्र के संचालक ज्योतिष आचार्य पंडित अखिलेश पांडे ने बताया। उन्होंने बताया कि होली का अर्थ है पवित्रता शुद्धता, अंदर स्वच्छता दूसरा अर्थ है। होली का अर्थ में प्रभु की हो गई अर्थात आत्मा परमात्मा की बन गई होली, बीती सो बीती का मतलब पुरानी बीती बातें ऐसे भूल जाएं। इसके साथ-साथ ब्रह्माकुमारी संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका ह्रदय मोहिनी दादी का स्मृति दिवस भी मनाया गया। बीके निर्दोष दीदी ने बताया कि दादी हृदय मोहनी 8 वर्ष की अल्प आयु में ब्रह्माकुमारी संस्था में जुड़ गई थी। इनका जीवन त्याग और तपस्या से परिपूर्ण था। इस मौके पर राजीव, नितेश, लखन, सुमित, मधु आदि उपस्थित रहीं।

### महिला चौकीदार नन्ही की हत्या में फरार मुख्य सुपारी किलर शिवा उर्फ बिट्टू मुठभेड़ में गिरफ्तार

मुरादाबाद। मुरादाबाद महानगर के थाना मझोला क्षेत्र में बीते दिनों बुजुर्ग महिला चौकीदार नन्ही की गोली मारकर हत्या करने वाले मुख्य सुपारी किलर शिवा उर्फ बिट्टू को पुलिस ने सोमवार को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। घायल आरोपित को पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। इस मामले में चार आरोपित मोहम्मद सानिब सैफी, इमरान शानिब और इरफान पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके है। मामले में फरार सुपारी लेने वाले मुख्य आरोपित बिट्टू की तलाश में पुलिस जुटी हुई थी।पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि बीती 24 फरवरी सोमवार की शाम मझोला थाने के पास एक प्लॉट में कुंदरकी के ऊंचाकाली निवासी महिला नन्ही की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। महिला करीब 15 साल से इस प्लॉट में चौकीदारी करती थी। नन्ही के बेटे महबूब ने भगतपुर के उदावाला रोशनपुर निवासी मोहम्मद शानिब सैफी को मौके पर ही दबोच लिया था। उससे पूछताछ के बाद पुलिस कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए आगे बढ़ी और भोजपुर के मोहल्ला नावपुर निवासी शानिब, इमरान को भी दबोच लिया था। तीनों से पूछताछ की तो पता चला कि हत्या की सुपारी भोजपुर निवासी बिट्टू उर्फ शिवा ने इरफान से ली थी। 24 फरवरी को पुलिस ने इरफान निवासी ऊंचाकाली थाना कुंदरकी को भी गिरफ्तार कर लिया था। मामले में फरार सुपारी लेने वाले मुख्य आरोपित बिट्टू की तलाश में पुलिस जुटी हुई थी।

पूछताछ में पता चला था कि नन्ही ने अपनी बेटी की शादी गांव में लियाकत के साथ की थी। लियाकत का अपने भाई रियासत और भतीजे इरफान से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इरफान ने बताया था कि नन्ही अपनी बेटी और दामाद की वजह से उनके घर में हर मामले में दखलअंदाजी करती थी। इरफान को यह बात पसंद नहीं थी। इसलिए उसने सुपारी देकर हत्या कराई थी।

एसपी सिटी ने आगे बताया कि आज तड़के मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना मझोला पुलिस ने थाना क्षेत्र में हाइवे पर घेराबंदी कर रखी थी। इसी दौरान तभी महिला चौकीदार नन्ही की गोली मारकर हत्या करने के आरोप में फरार चल रहे मुख्य सुपारी किलर आरोपित शिवा उर्फ बिट्टू बाइक पर आता दिखाई दिया तो पुलिस ने रोकने का प्रयास किया जिसके बाद आरोपित ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी और उसे मौके पर ही पकड़ लिया गया।

### देवरिया में चेकिंग के दौरान दो गौ तस्कर गिरफ्तार

देवरिया। भाटपाररानी थाना पुलिस ने सोमवार को वाहन की चेकिंग के दौरान दो गौ तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने टाटा मैजिक वाहन पर लदे 03 गोवंशीय पशु को मुक्त कराया हैं। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने बताया कि भाटपाररानी थाना पुलिस ने एक सूचना के आधार पर विशुनपुर रेलवे अंडर पास के पास से घेराबंदी कर दो गौ तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान बिहार राज्य के रहने वाले विजय यादव और देवरिया जिले पुरैना निवासी मदन अंसारी के रूप में हुई है। पुलिस ने इन तस्करों के पास से बरामद चार पहिया वाहन पर लदे एक गाय और दो बछड़ों को मुक्त कराया है। इन दोनों तस्करों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है।

### बागपत की मिट्टी से उपजे उत्पाद अब विदेशों तक होंगे निर्यात : जिलाधिकारी

बागपत। जिलाधिकारी अस्मिता लाल सोमवार को कंडेरा गांव स्थित एम्ब्रोसिया नेचुरल प्रोडक्ट्स इंडिया लिमिटेड के ल्लबागपत टू द वर्ल्ड: कनेक्टिंग इंडियन फॉर्म्स टू इंटरनेशनल मार्केटङ्क कार्यक्रम में शामिल हुई। यहां जिलाधिकारी ने बागपत के कृषि उत्पादों की पहली निर्यात खेप को औपचारिक रूप से रवाना किया। बागपत के उत्पात अब विदेशों तक जाएंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाना, कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देना और स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाना यही हमारा प्रयास है। बागपत की पहचान एक कृषि प्रधान जिले के रूप में रही है, लेकिन अब यहां के उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं—जैसे कृषि अवसंरचना को मजबूत करने, कोल्ड चेन और प्रसंस्करण इकाइयों के विकास, तथा निर्यात प्रोत्साहन कार्यक्रमों का लाभ किसानों और उद्यमियों को मिल रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, सूक्ष्म सिंचाई योजनाओं और कृषि यंत्रीकरण के माध्यम से किसानों की उत्पादन क्षमता बढ़ी है। इसी के साथ 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' जैसी पहल और निर्यात उन्मुख कृषि नीति ने स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त किया है। कम्पनी प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम के दौरान बताया कि एम्ब्रोसिया नेचुरल प्रोडक्ट्स इंडिया लिमिटेड आधुनिक प्रसंस्करण तकनीकों का उपयोग करते हुए अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों का पालन कर रही है। विशेष रूप से ल्लआईक्यूएफ (इंडिविजुअल क्विक फ्रीजिंग) तकनीक के माध्यम से फलों और सब्जियों को अत्यंत कम समय में फ्रीज किया जाता है। जिससे उसकी ताजगी, स्वाद, रंग और पोषण तत्व सुरक्षित रहते हैं। यह तकनीक वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल का कहना है कि निर्यात उन्मुख कृषि से फसल विविधीकरण को बढ़ावा मिलेगा। पारम्परिक गन्ना और अनाज फसलों के साथ-साथ फल एवं सब्जी उत्पादन में वृद्धि होगी। इससे भूमि की उत्पादकता बढ़ेगी और किसानों की आय में स्थिरता आएगी। जैविक एवं प्राकृतिक खेती को भी प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में उत्पादों की स्वीकार्यता और बढ़ेगी। कार्यक्रम के अंत में उन किसानों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने उच्च गुणवत्ता की उपज उपलब्ध कराकर इस पहल में योगदान दिया।

# होली प्रेम का त्यौहार, नशामुक्त होकर प्रेम से खेलें होली : देवकीनंदन महाराज

मथुरा। वृन्दावन प्रियाकांत जु मंदिर पर हाइड्रोलिक पिचकारी से सतरंगी होली खेली गयी। दूर-दराज स्थानों से वृन्दावन आये श्रद्धालु भक्तों पर देवकीनंदन महाराज ने टेसू का रंग बरसाया तो वे फागुन की मस्ती में झूमने लगे। ब्रज के होली गीतों के बीच फूलों की होली से शुरू हुये महोत्सव में लड्डू-जलेबी के बाद लठ्ठों से लठामार होली खेली गयी। देवकीनंदन महाराज ने नशामुक्त त्यौहार मनाने की अपील करते हुये सभी को होली की बधाई दी ।

छटीकरा मार्ग स्थित प्रियाकान्तजु मंदिर पर सोमवार को प्रसिद्ध हाईड्रोलिक होली खेली गयी। मंदिर संस्थापक देवकीनंदन महाराज ने मंदिर के गर्भगृह में प्रियाकान्तजु विग्रह को गुलाल लगाकर होली की शुरूआत की । मंदिर प्रांगण में बनाये गये मंच पर राधा-कृष्ण स्वरूपों के साथ ब्रज के गोप-ग्वालों ने



हास-परिहास के साथ ब्रज के रसिया गाये । राधा-कृष्ण की मधुर मनुहार और सवांदों से भक्त निहाल होते रहे। मधुर भजनों पर नाचते गाते श्रद्धालुओं के बीच देवकीनंदन महाराज ने लड्डू-जलेबी लुटाये । राधा-कृष्ण स्वरूपों ने फूलों से एक दूसरे के साथ होली खेली । यह पुष्प भक्तों पर भी बरसाये गये ।

इसके पश्चात बरसाने की लठामार होली के दर्शन हुये । मंदिर में चारों ओर रंग-बिरंगा गुलाल उड़ने लगा तो सारा वातावरण सतरंगी हो गया।

देवकीनंदन महाराज ने मंदिर अट्टालिका से हजारों श्रद्धालुओं के हुजूम पर टेसू का रंग बरसाया तो, भीनी-भीनी खुश्बू से फागुन की मस्ती दिखने लगी। 'मेरो खोय गयो बाजूबंद रसिया होरी में....' मैं तो होरी खेलूं रसभरी, प्रियाकान्तजु संग...' जैसे भजनों भक्तों ने खूब ठुमके लगाये। नाचते हुये भक्तों पर हाईड्रोलिक पिचकारी से रंग बरसता तो सभी झूमकर राधे-राधे के जयकारे लगाने लगते । इस मौके पर देवकीनंदन महाराज ने सनातन बोर्ड की मांग दोहराते हुये कहा कि हमें सनातन त्यौहारों, धार्मिक स्थलों एवं प्राचीन परम्पराओं के लिये सनातन बोर्ड की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि ऐसे समय में जब विश्व में मार-काट मची हुयी है, भारत में लोग होली के रंगों में आनंद मना रहे हैं। कहा कि होली पर किसी को जबरन रंग न लगायें । यह प्रेम का त्यौहार है, नशामुक्त होकर होली का पर्व मनायें । इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त सीपी पाठक, सीडीओ पीके शुक्ला, मंदिर सचिव विजय शर्मा, देवांश महाराज, रवि रावत, प्रमोद गुप्ता, सतीश गर्ग, वीर सिंह, मुकेश पाण्डेय, योगेश शर्मा आदि मौजूद रहे ।

### देवरियाः पुलिस ने अवैध देशी शराब के साथ एक आरोपित को किया गिरफ्तार

देवरिया । बिहार में पूर्णता शराब प्रतिबंध के चलते उत्तर प्रदेश से होली पर्व पर शराब तस्करी के मामले में बढ़ गए हैं। इसी क्रम में थाना खामपार पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक आटो से भारी मात्रा में देशी शराब पकड़ी है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपित को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक संजीव समन ने सोमवार को बताया कि होली पर्व को देखते हुए यूपी और बिहार राज्यों की सीमावर्ती इलाकों में सख्ती बढ़ा दी गई है। इस दौरान अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान ल्लआपरेशन प्रहारङ्क के तहत खामपार थाना पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने सूचना के आधार पर खैराट पुल के पास एक तीन पहिया ऑटो (रजि. नं. यूपी 52 एटी 2060) की तलाशी ली। तलाशी में वाहन से 12 पेटी अवैध देशी शराब (ब्रांडऽबन्टी बबली), 108 लीटर बरामद की गई। एसपी ने बताया कि आटो के साथ जिले के थाना भाटपार अतंगर्त लक्ष्मणपुर निवासी अखिलेश गोड़ पुत्र रामसनेही गोड़ को गिरफ्तार किया गया है।आरोपित से पूछताछ में पता चला है कि बरामद शराब बिहार ले जाकर होली पर सप्लाई करनी थी।

# मिलिशौती सिटी, रोमानिया के मेयर ने काशी इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की कार्यप्रणाली देखी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

वाराणसी। रोमानिया के मिलिशौती सिटी के मेयर वासिले कारारे सोमवार को उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी (काशी) पहुंचे। वाराणसी में प्रवास के दौरान मेयर वासिले कारारे ने सिगरा स्थित ल्लकाशी इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटरङ्क में भ्रमण किया और यहां के कार्यप्रणाली के बारे में उत्सुकता दिखाई।

नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने मेहमान मेयर को सेंटर के मुख्य कंपोनेंट जैसे सिटी सर्विलांस, फ़ेशियल रेकग्निशन सिस्टम, इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, पब्लिक एड्रेस एवं वेरिएबल मैसेज सिस्टम, बीट मैपिंग आदि की जानकारी और कार्यप्रणाली को बताया। नगर आयुक्त व सीईओ, वाराणसी स्मार्ट सिटी हिमांशु नागपाल ने बताया कि किस प्रकार धर्म नगरी काशी में भारी संख्या में पर्यटक, श्रद्धालु एवं दर्शनार्थी आते हैं तथा उनको एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान किए जाने के लिए किस प्रकार वाराणसी नगर निगम एवं संपूर्ण जिला प्रशासन कार्यरत है। इसके पहले नगर आयुक्त व सीईओ, वाराणसी स्मार्ट सिटी हिमांशु नागपाल ने कमांड सेंटर में मेयर, मिलिशौती सिटी का गर्मजोशी से स्वागत किया। अंगवस्त्रम, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न देकर अभिनंदन भी किया। इस दौरान अपर नगर आयुक्त संगम लाल, मुख्य महाप्रबंधक अमरेंद्र तिवारी, मुख्य अभियंता आर.के. सिंह, प्रबंधक (आईटी) राहुल तिवारी सहित अन्य अफसर भी मौजूद रहे। रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान मिलिशौती सिटी के मेयर ने भारतीय छात्रों की मदद की थी बताते चले वर्ष 2022 के रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान, रोमानिया के मिलिशौती सिटी के मेयर वासिल कारारे ने वहां फंसे हुए भारतीय छात्रों की सहायता के लिए मानवीय प्रयासों में बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने अपने समुदाय के स्पोर्ट्स हॉल को एक अस्थायी आश्रय गृह में बदल दिया, जहाँ कुल 1,500 छात्रों के रहने की व्यवस्था की गई।

### फाल्गुन पूर्णिमा पर मां शीतला का भव्य श्रृंगार, चंद्र ग्रहण के दौरान बंद रहेंगे कपाट

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि एवं साप्ताहिक श्रृंगार के अवसर पर मां शीतला चौकियां धाम में मां शीतला का भव्य श्रृंगार विधि-विधान से संपन्न हुआ। सोमवार दोपहर माता रानी का अलंकरण कर मध्यान्ह विश्राम आरती एवं पूजन पंडा परिवार के उपाध्यक्ष विजय पंडा द्वारा संपन्न कराया गया। मंदिर परिवार के मुक्तेश्वर पंडा ने भी भव्य आरती के साथ पूजन किया। पूर्णिमा के कारण भोर से ही दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं, जो देर शाम तक जारी रहीं। हवन-पूजन और जयकारों से पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। मंगलवार को पड़ने वाले चंद्र ग्रहण के संबंध में महंत विवेकानंद पंडा ने बताया कि चौकियां धाम में सूतक काल में पट बंद रखने की परंपरा प्राचीन काल से नहीं है। ग्रहण काल से 12 घंटे पूर्व सूतक काल प्रारंभ माना जाता है, किंतु केवल ग्रहण के मूल समय में ही कपाट बंद किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार को माता रानी का श्रृंगार कर दोपहर 3 बजे विश्राम आरती होगी। इसके बाद रात्रि 8 बजे तक कपाट बंद रहेंगे। ग्रहण का मूल प्रभाव शाम 3:20 बजे से प्रारंभ होकर 6:47 बजे तक रहेगा। रात्रि 8 बजे के बाद गर्भगृह एवं मंदिर परिसर का शुद्धिकरण कर पुनः कपाट खोल दिए जाएंगे और दर्शन-पूजन प्रारंभ कर दिया जाएगा। रंगों के उत्सव होली के अवसर पर महंत विवेकानंद पंडा ने देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए माता रानी से सभी के स्वस्थ, प्रसन्न और दीर्घायु जीवन की कामना की। उन्होंने आपसी द्वेष भूलकर प्रेम और सद्भाव के साथ जीवन में प्रगति के रंग भरने का संदेश दिया।

### भक्त प्रह्लाद की पूजा-अर्चना कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रवाना की भव्य शोभायात्रा

गोरखपुर । श्री श्री होलिका दहन उत्सव समिति, पाण्डेयहाता गोरखपुर द्वारा आयोजित पारंपरिक नरसिंह (शोभायात्रा) यात्रा का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भक्त प्रह्लाद की विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती कर किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने रथ (शोभायात्रा) को रवाना किया तथा उपस्थित श्रद्धालुओं एवं भक्तों के साथ फूलों की होली भी खेली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए समिति को शताब्दी वर्ष के अवसर पर विशेष बधाई दी। उन्होंने कहा कि पाण्डेयहाता की यह ऐतिहासिक परंपरा वर्ष 1927 से निरंतर परंपरागत तरीके से संचालित हो रही है, जो गोरखपुर की सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत का महत्वपूर्ण प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रही। आयोजन स्थल एवं शोभायात्रा मार्ग पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान एडीजी जोन गोरखपुर मुथा अशोक जैन, डीआईजी रेंज एस. चनप्पा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, मंडलायुक्त अनिल ढींगरा, जिलाधिकारी दीपक मीणा, नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल सहित कैंट एवं कोतवाली क्षेत्राधिकारी एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, सांसद रवि किशन, विधायक विपिन सिंह, विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र सिंह, भाजपा महानगर संयोजक राजेश गुप्ता सहित होलिका दहन समिति के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धा, उल्लास एवं पारंपरिक आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला।

# आधुनिकता की चकाचौंध में बुन्देलखण्ड से गायब हो रहें परंपरागत होली फागों के बोल

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में आधुनिकता की चकाचौंध के मध्य होली के फागों के बोल गायब हो गए हैं कभी चौपाले बसंत पंचमी से फागों से गुंजायमान हो उठती थी और रंग पंचमी तक फंागो की गांव-गांव धूम रहती थी। अब ऐसा कहीं नहीं है, युवा वर्ग फागों के बोलों से अनजान है। युवा वर्ग को यह भी मालूम नहीं है कि कितने प्रकार की फागें गाई जाती हैं। इससे बुजुर्ग फाग गायक आहत हैं।

सुमेरपुर ब्लॉक के विदोखर पुरई के मशहूर फाग गायक शिवनाथ सविता ने बताया कि बुंदेलखंड में चौकड़िया, छंद, दहकवा, बृजवासी, खड़ी फाग एवं बड़ी फाग विधा की फागें गाई जाती हैं अब इन फागों को गाने वाले विलुप्त होते जा रहे हैं अभी कुछ गांवों में होली के फाग निकालने की परंपरा विद्यमान है लेकिन आपसी भाईचारे, सद्भाव, प्रेम का अभाव होने से यह परंपरा सिमटती जा रही है। फाग गायक रणविजय सिंह ने बताया कि ज्यादातर गायक कवि ईश्वरी रचित फागे गाते हैं। इसके अलावा बुंदेलखंड में कवि गंगाधर, कवि जितेंद्र, सुखराम शतक, नन्हे सिंह, दशरथ रचित फागें भी गाई जाती हैं। बयोवृद्ध सीताराम सिंह ने बताया कि यमुना पट्टी गांवों में बड़ी फागों के गायन का चलन है जबकि ब्लाक क्षेत्र के पश्चिमी एवं दक्षिणी दिशा में बसे गांवों में चौकड़िया, छंद, दहकवा, बृजवासी, खड़ी फाग की गायकी का चलन है। मशहूर फाग गायक अमर सिंह ने चौकड़िया, छंद, दहकवा, बृजवासी, खड़ी फागों के बोलो को बताते हुए कहा कि छंद फाग दोहा के अंतरा से शुरू होकर छंद के साथ समाप्त होती है। इसको कुछ इस तरीके से गायक गाते हैं। भंग. दंग झूमत फिरत करत परस्पर जंग, आज ललन होरी करन, नाहक पिलई भंग। संग शखा लिए बाल, झोरी भरभर गुलाल, मेरा कियो ऐसा हाल सरबोर किया पिया, लाल पियर बैजाना प्याजी पतरंग दिखलाया। चौकड़िया फाग को गायक ऐसे प्रस्तुत करते हैं। भीगी फिरत राधिका रंग में, मनमोहन के संग में। दहकवा के बोल कुछ यूं होते हैं गिरधारी लाल, बनवारी लाल गिरवर. गिरवर गिराधरी। बृजवासी फागुन के साथ चौत्र मास में भी गाने का रिवाज बुंदेलखंड में है। होली में बृजवासी के बोल कुछ इस तरह से हैं। मगरोकट नार पराई छैल, जशोदा के अनोखे नंदलाला। खड़ी फाग कुछ यूं गाया जाता है। दोऊ बाजे पैजाना पावन मा, सुधर नार के आवन मां। लेकिन अब इन फागों के गाने वालो की संख्या नगण्य होती जा रही है। युवा वर्ग का रुझान फागों की तरफ नहीं है बल्कि फिल्मी गानों की ओर है। यही कारण है कि बसंत पंचमी से फागों से गुलजार होने

# न्यूजीलैंड सीरीज के बाद संजू को दबाव दूर करने के लिए ब्रेक की जरूरत थी: गंभीर

एजेंसी



कोलकाता। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि संजू सैमसन निर्विवाद रूप से प्रतिभा के धनी हैं, लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला में उनके खराब प्रदर्शन ने टीम प्रबंधन को टी20 विश्व कप से पहले उन पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिए उन्हें आराम देना पड़ा। सैमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल जैसे मैच में दबाव में नाबाद 97 रन की पारी खेली जिससे भारत ने यह मैच जीतकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। गंभीर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक सवाल के जवाब में कहा, ''निश्चित रूप से न्यूजीलैंड के खिलाफ उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। इसलिए उन्हें विश्राम देना जरूरी हो गया था क्योंकि आप उन्हें उस दबाव वाली स्थिति से बाहर निकालना चाहते थे। एशिया कप में बल्लेबाजी क्रम में नीचे भेजे जाने से सैमसन की लय बिगड़ गई थी। इसके बाद सैमसन को न्यूजीलैंड के खिलाफ पूरी श्रृंखला खेलने का मौका मिला, लेकिन पांच पारियों में उनका स्कोर 10, 6, 0, 24, 6 रहा जिसके बाद आलोचकों ने उनके करियर के अंत की भविष्यवाणी कर दी थी। टी20 विश्व कप में भारत के पहले मैच में अमेरिका के खिलाफ सैमसन को अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली, लेकिन अभिषेक शर्मा की खराब सेहत के कारण उन्हें नामीबिया के खिलाफ मैच में टीम में जगह दी गई, हालांकि बाद में उन्हें फिर से टीम से बाहर कर दिया गया। रिंकू सिंह के साथ हुई एक दुखद घटना (उनके पिता का निधन) और शीर्ष क्रम में बाएं हाथ के बहुत अधिक बल्लेबाजों की मौजूदगी को देखते हुए टीम प्रबंधन ने सैमसन को सलामी बल्लेबाज के रूप में टीम में रखने का फैसला किया। कोच से पूछा गया कि उन्होंने सैमसन के साथ किस तरह की बातचीत की ताकि वह सही मानसिक स्थिति में रहे, इस पर गंभीर ने कहा, ''मैं सभी से बात करता हूं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस टीम में शामिल सभी खिलाड़ी विश्वस्तरीय हैं और इसीलिए वे देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। हम जानते थे कि संजू कितना प्रतिभाशाली है। बहुत कम बल्लेबाजों ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तीन शतक लगाए हैं। इसलिए हम जानते थे कि वह कितने प्रतिभाशाली हैं। उन्होंने कहा, ''हमें पता था कि जब भी हमें विश्व कप में उनकी जरूरत पड़ेगी तो वह अच्छा प्रदर्शन करेंगे। गंभीर का मानना है कि वेस्टइंडीज के खिलाफ उनकी मैच विजेता पारी की नींव जिम्बाब्वे के खिलाफ पिछले मैच में रिंकू की जगह लेने के बाद खेली गई उनकी 15 गेंदों में 24 रन की तेज पारी के दौरान पड़ी थी। उन्होंने कहा, ''जिम्बाब्वे के खिलाफ उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। शुरुआती तीन ओवरों में हमें मनचाही शुरुआत मिली। आज भी जिम्बाब्वे के खिलाफ जहां से उन्होंने छोड़ा था, वहीं से अपनी पारी आगे बढ़ाई। हम संजू से यही उम्मीद करते हैं कि वह लगातार ऐसा ही प्रदर्शन करें। सैमसन की पारी की सबसे बड़ी खासियत उनका स्ट्राइक रेट था। उनका स्ट्राइक रेट लगभग 200 (194) था, फिर भी ऐसा कभी नहीं लगा कि वे ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर रहे हों। गंभीर भी इस बात से सहमत थे। भारतीय कोच ने कहा, ''वह आक्रामक अंदाज में नहीं खेले। उन्होंने सामान्य शॉट लगाए। मैंने उन्हें गेंद को जोर से मारते हुए भी नहीं देखा। यही उनकी प्रतिभा है। गंभीर ने कहा, ''जब आपको पता होता है कि खेल पर आपका पूरा नियंत्रण है और आप अच्छा महसूस कर रहे हैं तो आप नेट पर गेंद को बहुत अच्छे से हिट करना शुरू कर देते हैं। उन्होंने कहा, ''वह विश्वस्तरीय खिलाड़ी है। वह शानदार प्रतिभा का धनी है।

## मैंने फोन और सोशल मीडिया बंद कर दिया और अंतरात्मा की आवाज सुनी: सैमसन

एजेंसी

कोलकाता। भारत के सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने अपने फोन और सोशल मीडिया अकाउंट बंद कर दिए ताकि खराब फॉर्म के दौर में भी उनका आत्मविश्वास न डगमगाए और आखिर में उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 विश्व कप के करो या मरो मैच में मैच विजेता पारी खेलकर लय हासिल कर ली। सैमसन ने रविवार को यहां खेले गए सुपर आठ के मैच में 50 गेंदों में 97 रन बनाए, जिसमें 12 चौके और चार छक्के शामिल हैं। उनकी इस पारी की बदौलत भारत ने जीत हासिल करके सेमीफाइनल में जगह बनाई सुपर आठ के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका से भारत की करारी हार के बाद इस 31 वर्षीय खिलाड़ी को सलामी बल्लेबाजी के रूप में अंतिम एकादश में शामिल किया गया था। सैमसन ने रविवार को यहां भारत की पांच विकेट से जीत के बाद स्टार स्पोर्ट्स से कहा, ''मैंने अपने शॉट चयन पर लगातार काम किया। मैं बहुत अधिक बदलाव नहीं करना चाहता था क्योंकि मुझे पता था कि मैंने उसी तरह से खेलते हुए पहले अच्छा प्रदर्शन किया है। इसलिए मैंने खुद पर भरोसा बनाए रखा, अपना फोन बंद कर दिया, सोशल मीडिया से दूर रहा और अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनी। मुझे खुशी है कि मैंने एक ऐसे मैच में अच्छा प्रदर्शन किया जो बहुत खास था। सैमसन ने असल में अकेले दम पर भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया। इस बीच उन्हें कप्तान सूर्यकुमार यादव (18) और तिलक वर्मा (27) का कुछ साथ मिला। उन्होंने



कहा, ''यह थोड़ा मुश्किल लक्ष्य था। हमारी बल्लेबाजी की मजबूती को देखते हुए मुझे लग रहा था कि ईडन गार्डन्स में ओस पड़ने पर 196 रन के लक्ष्य का पीछा करना थोड़ा आसान हो जाएगा, लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से यह चुनौतीपूर्ण हो गया। सैमसन ने कहा, ''यहीं पर मेरे अनुभव ने अहम भूमिका निभाई। मुझे अच्छी शुरुआत मिली, लेकिन जब विकेट गिरते रहे तो मुझे लगा कि मुझे मैच का सकारात्मक अंत करना होगा। उन्होंने कहा, ''आप हमेशा ऐसा प्रदर्शन करना चाहते हैं लेकिन हमेशा ऐसा नहीं होता है। इसलिए मुझे खुशी है कि इस मैच में मैंने अच्छा प्रदर्शन किया। जब आप दबाव वाली परिस्थितियों में लक्ष्य का पीछा कर रहे होते हैं तो आप अलग-अलग विकल्प अपनाते हैं और जोखिम भरे विकल्पों पर विचार करने के बजाय अधिक बाउंड्री लगाते हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में निराशाजनक प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए सैमसन ने अपनी तकनीक में किए गए बदलावों के बारे में बताया। उन्होंने कहा, ''यह मानवीय प्रकृति है कि हम अक्सर नकारात्मक सोच से शुरुआत करते हैं, जैसे, 'क्या मैं ऐसा कर सकता हूं। मुझे नहीं लगता कि मैं ऐसा कर सकता हूं।'

## सभी चाहते थे कि संजू अच्छा प्रदर्शन करे: गावस्कर

एजेंसी



नयी दिल्ली। अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर का कहना है कि संजू सैमसन इतने अच्छे इंसान हैं कि हर कोई चाहता है कि वह अच्छा प्रदर्शन करें और वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 विश्व कप में खेली गई उनकी निर्णायक पारी ने उनके प्रशंसकों पर से भी दबाव कम कर दिया होगा। सैमसन ने रविवार रात कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच में नाबाद 97 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम में कहा, ''97 रन की इस नाबाद पारी ने न सिर्फ संजू सैमसन पर से बड़ा बोझ हटा दिया है बल्कि उन लोगों पर से भी बोझ उतार दिया है जो जानते हैं कि वह कितने बेहतरीन खिलाड़ी रहे हैं। उनके करियर में उतार-चढ़ाव आए हैं। वह बहुत ही अच्छे इंसान हैं। हर कोई चाहता है कि वह अच्छा प्रदर्शन करें। विश्व कप से पहले सैमसन का प्रदर्शन खराब रहा था। वह बड़ी पारी नहीं खेल पा रहे थे। गावस्कर नेकहा, ''सभी भारतीय प्रशंसक इस बात से खुश होंगे कि इस ईमानदार क्रिकेटर को वह सफलता मिली है जिसका वह हकदार है। अब भारत गुरुवार को मुंबई में सेमीफाइनल में इंग्लैंड का सामना करेगा। गावस्कर ने कहा, ''करो या मरो के मैच में मैन ऑफ द मैच बनना सपना सच होने जैसा है। मैच विजेता पारी खेलने के बाद संजू के चेहरे पर भाव साफ झलक रहे थे। वह शतक से सिर्फ तीन रन दूर थे और अगर वह शतक तक पहुंच जाते तो यह शानदार होता।

## अफगानिस्तान के भारत दौरे का कार्यक्रम घोषित जून में न्यू चंडीगढ़ करेगा पहले टेस्ट की मेजबानी

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को अफगानिस्तान के भारत दौरे के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। न्यू चंडीगढ़ का मैदान जून में एक ऐतिहासिक पल का गवाह बनने जा रहा है। यह मैदान 6 से 10 जून के बीच भारत और अफगानिस्तान के बीच खेले जाने वाले एकमात्र टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। इसके साथ ही न्यू चंडीगढ़ भारत का 31वां टेस्ट वेन्यू बन जाएगा। यह मुकाबला अफगानिस्तान के भारत दौरे का हिस्सा होगा। अब तक इस मैदान पर आईपीएल मैच, एक पुरुष टी-20 अंतरराष्ट्रीय और कुछ महिला वनडे मुकाबले खेले जा चुके हैं, लेकिन यह पहला अवसर होगा जब यहां पांच दिवसीय टेस्ट मैच आयोजित किया जाएगा। मैच की




शुरुआत प्रतिदिन सुबह 9:30 बजे (भारतीय समयानुसार) होगी। अफगानिस्तान का यह दौरा केवल टेस्ट मैच तक सीमित नहीं रहेगा। टेस्ट के बाद दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज भी खेली जाएगी। पहला वनडे 14 जून 2026 को धर्मशाला में, दूसरा 17 जून को लखनऊ में और तीसरा 20 जून को चेन्नई में आयोजित होगा। तीनों वनडे मुकाबले दोपहर 1:30 बजे से शुरू होंगे। अफगानिस्तान ने आखिरी बार भारत में 2024 में द्विपक्षीय सीरीज खेली थी, जो तीन मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला थी। भारत में दोनों टीमों के बीच अब तक केवल एक टेस्ट मैच खेला गया है, जो 2018 में बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में आयोजित हुआ था।

**अफगानिस्तान का भारत दौरा कार्यक्रम**

एकमात्र टेस्ट: 6–10 जून, न्यू चंडीगढ़ सुबह 9:30 बजे

पहला वनडे: 14 जून, धर्मशाला दोपहर 1:30 बजे

दूसरा वनडे: 17 जून, लखनऊ दोपहर 1:30 बजे

तीसरा वनडे: 20 जून, चेन्नई दोपहर 1:30 बजे

## गुकेश की गलती से अब्दुसत्तोरोव की एक और जीत

प्राग (चेक गणराज्य)। विश्व चैंपियन डी गुकेश अच्छी स्थिति में होने के बावजूद प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव में नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से हार गए। एक महीने पहले भी टाटा स्टील मास्टर्स के दौरान अच्छी स्थिति में होने के बावजूद गुकेश अब्दुसत्तोरोव से हार गए थे। लेकिन यहां पांचवें दौर की बाजी में एक समय ऐसा लग रहा था कि वह आसानी से जीत हासिल कर लेंगे। काले मोहरों से खेलते हुए उन्होंने अच्छा खेल दिखाया लेकिन समय की कमी के कारण आखिर में उन्हें अंक गंवाना पड़ा। इस बीच नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर जॉर्डन वैन फोरेस्ट ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जो पांच मैचों में अपनी चौथी जीत के बाद लाइव रेटिंग में विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने पांचवें दौर में अमेरिका के हैंस मोके नीमन को हराया। भारत के मौजूदा चैंपियन अरविंद चिदंबरम को पांच मैचों में अपनी तीसरी हार का सामना करना पड़ा।

## सिंधु का ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप से बाहर रहना तय, लक्ष्य पर होगी नजर

एजेंसी



बर्मिंघम। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु का मंगलवार से यहां शुरू होने वाली अखिल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप से बाहर रहना तय है क्योंकि अमेरिका के ईरान पर हमले के बाद खाड़ी क्षेत्र में हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण वह दुबई में फंस गई हैं। खिलाड़ियों के यात्रा संबंधी बाधाओं ने सुपर इस 1000 प्रतियोगिता की तैयारियों को बुरी तरह प्रभावित किया है। सिंधु शनिवार से दुबई में फंसी हुई हैं क्योंकि ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों और उसके बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई के कारण उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। सिंधु और उनके कोच इंडोनेशिया के इरवानस्याह आदि प्रतामा दुबई में फंसे हुए हैं। वह उनके ठहरने के स्थान के करीब हुए विस्फोट में बाल-बाल बच गए थे। खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ने के कारण उन्हें बाद में एक सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। भारतीय स्टार खिलाड़ी को पहले दौर में थाईलैंड की सुपानिडा कटेथोंग का सामना करना था, लेकिन दुबई के हवाई क्षेत्र और हवाई अड्डे के बंद रहने के कारण उन्हें टूर्नामेंट से हटना पड़ेगा। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) भी स्थिति पर कड़ी नजर रख रहा है तथा देर से पहुंचने वाले खिलाड़ियों की मदद करने के लिए तैयार है। सिंधु की टूर्नामेंट में भागीदारी अभी अनिश्चित है, लेकिन भारत के कुछ अन्य खिलाड़ी सिंगापुर और अफ्रीका के वैकल्पिक मार्गों से बर्मिंघम पहुंच गए हैं। हालांकि यह देखना बाकी है कि लंबी और थका देने वाली यात्रा उनकी तैयारियों को कितना प्रभावित करेगी। भारत के शीर्ष पुरुष एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन और उभरते युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी यात्रा संबंधी किसी भी तरह की समस्या के बिना यहां पहुंच गए हैं। लक्ष्य का पहले दौर में मुकाबला चीन के विश्व के नंबर एक खिलाड़ी शी यु ची से होगा, जबकि आयुष इंडोनेशिया के अलवी फरहान के खिलाफ खेलेंगे। लक्ष्य के लिए पहले दौर की चुनौती बड़ी मुश्किल होगी क्योंकि वह चीन के खिलाड़ी से पिछले पांच मुकाबलों में से चार में हार चुके हैं। आयुष को भी फरहान से पांच मुकाबलों में से तीन में हार का सामना करना पड़ा है, जिसमें जनवरी में इंडोनेशिया मास्टर्स का मुकाबला भी शामिल है। महिला एकल वर्ग में मालविका बंसोड़ को तोक्यो ओलंपिक चैंपियन चीन की चेन युफ़ेई के खिलाफ कड़ी शुरुआती चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

## मध्य पूर्व में सैन्य हमलों के बाद तनाव से कच्चे तेल के दाम में 7.60 फीसदी की उछाल

एजेंसी

नई दिल्ली। मध्य पूर्व में युद्ध तेज होने के बाद कच्चे तेल की कीमत में 7 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। क्रूड आयल के भाव में ये उछाल अमेरिका-इजरायल के ईरान पर किए गए सैन्य हमलों के बाद आया है। वैश्विक बाजार में सोमवार को ब्रेंट क्रूट तेल की कीमत 7.60 फीसदी बढ़कर 78.41 डॉलर प्रति बैरल रही, जबकि अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड का वायदा भाव 7.19 फीसदी बढ़कर 71.86 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। इसी बीच पेट्रोलियम निर्यातक देशों के प्रमुख संगठन ओपेक ने अगले महीने से कच्चे तेल के उत्पादन बढ़ाने पर अपनी सहमति जताई है। सऊदी अरब और रूस के नेतृत्व में प्रमुख सदस्य प्रतिदिन 2 लाख 6 हजार बैरल अतिरिक्त उत्पादन करेंगे। विश्लेषकों का कहना है कि मध्य पूर्व यानी पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के



कारण वैश्विक वायदा बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी बनी हुई है। इस क्षेत्र में तेल आपूर्ति बाधित होने की आशंका से कारोबारियों ने खरीदारी बढ़ा दी है। एक रिपोर्टों के अनुसार यदि होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधान जारी रहता है, तो ब्रेंट क्रूड की कीमत 90 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जा सकती है। व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष की स्थिति में कच्चे तेल के दाम 100 डॉलर प्रति बैरल से भी अधिक जा सकते हैं। मध्य पूर्व में लंबे समय तक तनाव बने रहने से परिवहन और समुद्री बीमा लागत बढ़ सकती है। खाड़ी क्षेत्र के समुद्री मार्ग बाधित हो सकते हैं, जिससे व्यापार संतुलन पर अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### मॉडर्न पाइथियन गेम्स में भाग लेगा भारत

**नयी दिल्ली।** मॉडर्न पाइथियन गेम्स में तब नया इतिहास रचा जाएगा जब भारत बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के पहले युवा डेल्फ़िक गेम्स में युवा कलाकारों का अपना पहला राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल भेजेगा। भारत का 65 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल 22 मार्च को किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक के लिए रवाना होगा, जो वर्तमान में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की अध्यक्षता कर रहा है। यह पहला अवसर है जबकि भारतीय टीम अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं की तर्ज पर आयोजित किए जा रहे इन खेल में भाग लेगी। भारतीय दल में 41 युवा कलाकार भी शामिल हैं। इनमें से दिल्ली के 21, हिमाचल प्रदेश के 10, कर्नाटक के चार तथा उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड और हरियाणा के एक एक कलाकार शामिल हैं। प्रतिभागी लोक संगीत, नृत्य, गायन, पॉप संगीत, डीजे कला, दृश्य कला, कला और शिल्प तथा पियानो सहित विभिन्न विधाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

### एसजेएफआई का राष्ट्रीय सम्मेलन नयी दिल्ली में

**नयी दिल्ली।** भारतीय खेल पत्रकार महासंघ (एसजेएफआई) का राष्ट्रीय सम्मेलन 13 से 16 मार्च तक यहां आयोजित किया जाएगा। पिछले 30 वर्षों में पहला अवसर होगा जबकि एसजेएफआई का वार्षिक सम्मेलन राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित किया जाएगा। दिल्ली खेल पत्रकार संघ (डीएसजेए) इस सम्मेलन की मेजबानी करेगा जिसमें एसजेएफआई अपनी स्थापना की स्वर्ण जयंती भी मनाएगा। इससे यह सम्मेलन अधिक महत्वपूर्ण बन गया है। एसजेएफआई को खेल पत्रकारों की वैश्विक संस्था इंटरनेशनल स्पोर्ट्स प्रेस एसोसिएशन (एआईपीएस) से मान्यता प्राप्त है और यह उससे संबद्ध है। राष्ट्रीय सम्मेलन में उत्तर, पूर्व, पश्चिम और दक्षिण क्षेत्रों के खेल पत्रकार तथा भारतीय खेल, प्रशासन और प्रसारण जगत की प्रमुख हस्तियां हिस्सा लेंगी। इस चार दिवसीय कार्यक्रम में एक भविष्य खेल सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें खेल पत्रकारों के अलावा शीर्ष प्रशासक और ओलंपिक के दिग्गज खिलाड़ी भाग लेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान जेके बोस अंतर–क्षेत्रीय टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट, एसी बाली टेबल टेनिस टूर्नामेंट, आधुनिक पाइथियन गेम्स आदि का आयोजन भी किया जाएगा।

### अशोक लेलैंड की वाहन बिक्री फरवरी में 24 प्रतिशत बढ़कर 22,157 इकाई रही

**नयी दिल्ली।** वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता अशोक लेलैंड की फरवरी, 2026 में कुल बिक्री 24 प्रतिशत बढ़कर 22,157 इकाई रही। पिछले साल इसी महीने में कंपनी ने 17,903 वाहन बेचे थे। अशोक लेलैंड ने बयान में कहा कि समीक्षाधीन महीने के दौरान उसकी घरेलू बिक्री 28 प्रतिशत बढ़कर 20,314 इकाई रही, जो फरवरी, 2025 में 15,879 इकाई थी। कंपनी के मुताबिक, घरेलू बाजार में मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों (एमएंडएचसीवी) की बिक्री 31 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 13,264 इकाई रही, जो एक साल पहले इसी महीने में 10,110 इकाई थी। बयान में कहा गया है कि पिछले महीने घरेलू बाजार में हल्के वाणिज्यिक वाहनों (एलसीवी) की बिक्री 7,050 इकाई रही, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह आंकड़ा 5,769 इकाई था।

### होंडा मोटरसाइकिल की बिक्री फरवरी में 34 प्रतिशत बढ़कर 5,67,351 इकाई पर

**नयी दिल्ली।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) की फरवरी, 2026 में कुल बिक्री 34 प्रतिशत बढ़कर 5,67,351 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने की तुलना में काफी अधिक है। कंपनी ने एक बयान में यह जानकारी दी। फरवरी की कुल बिक्री में घरेलू बाजार में बेची गई 5,13,190 इकाइयां और 54,161 इकाइयों का निर्यात शामिल है। एचएमएसआई के अनुसार, यह प्रदर्शन कंपनी के विभिन्न उत्पादों के लिए घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत मांग को दर्शाता है। बयान के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष 2025–26 की अप्रैल–फरवरी अवधि के दौरान कंपनी ने कुल 58,20,556 इकाइयों की बिक्री दर्ज की। इसमें घरेलू बाजार की 52,37,169 इकाइयां और निर्यात की गई 5,83,387 इकाइयां शामिल हैं।

## विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में वृद्धि फरवरी में चार महीने के उच्चतम स्तर पर

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश की विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में वृद्धि फरवरी में चार महीने के उच्चतम स्तर 56.9 पर पहुंच गई। सोमवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई। घरेलू मांग में मजबूत सुधार के कारण यह बढ़ोतरी हुई, हालांकि नए निर्यात ऑर्डर की वृद्धि में कमी देखी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) जनवरी के 55.4 से बढ़कर फरवरी में चार महीने के उच्चतम स्तर 56.9 पर पहुंच गया। पीएमआई की भाषा में 50 से ऊपर का अंक विस्तार जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन दर्शाता है। एचएसबीसी की मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा, '' फरवरी महीने में भारत के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में पहले से ज्यादा तेजी देखने को मिली। मजबूत घरेलू ऑर्डर की वजह से उत्पादन लगातार दूसरे महीने भी तेज गति से बढ़ा। सर्वेक्षण में कहा गया, 'समिति के सदस्यों के अनुसार, काम करने की दक्षता में सुधार, बाजार में मजबूत मांग, नए ऑर्डर में बढ़ोतरी और तकनीक में निवेश की वजह से उत्पादन में कुल मिलाकर अच्छी बढ़त दर्ज की गई। एक क्षेत्र जहां वृद्धि में कुछ कमी आई, वह नए निर्यात ऑर्डर रहे। हालांकि, जिन कंपनियों की विदेशों में बिक्री बढ़ी, उन्होंने एशिया, यूरोप, पश्चिम एशिया और अमेरिका से ऑर्डर मिलने की बात कही। भंडारी ने कहा, 'नए निर्यात ऑर्डर में वृद्धि ने 2025 के मध्य में शुरू हुई धीमी गति को जारी रखा, जिससे विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार सृजन कुछ हद तक सीमित हो गया। कुल नए ऑर्डर में लगातार तेज बढ़ोतरी होने के कारण भारत के विनिर्माताओं ने उत्पादन बढ़ाने और भंडारण करने के लिए अतिरिक्त कच्चे माल की खरीद की।

## सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी के भाव में सांकेतिक गिरावट

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोना के भाव में तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 4,010 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 4,380 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया। इसके विपरीत चांदी की कीमत में 100 रुपये प्रति किलोग्राम की सांकेतिक गिरावट दर्ज की गई है। सोने की कीमत में आए इस उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,73,090 रुपये से लेकर 1,73,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,58,660 रुपये से लेकर 1,58,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं चांदी की कीमत में कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,94,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में




आज 24 कैरेट सोना 1,73,240 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,58,810 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,73,090 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,58,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,73,140 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,58,710 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,73,090 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,58,660 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,73,090 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,58,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,73,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,58,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,73,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,58,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,73,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,58,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,73,240 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,58,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# महिलाएं हर क्षेत्र में नयी ऊंचाईयों को छू रही :मुर्मु

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि महिलाएं समाज का अहम हिस्सा हैं और वे राजनीति, समाज सेवा, प्रशासन तथा व्यापार जगत समेत सभी क्षेत्रों में नई ऊंचाईयों को छू रही है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को यहां 'सशक्त नारी समृद्ध दिल्ली' के दिल्ली सरकार की महिलाओं से संबंधित चार योजनाओं का शुभारंभ करने के बाद कहा कि आज यहां कहा कि महिलाएं समाज का अहम हिस्सा हैं। उनका सम्मान, सशक्तीकरण सभ्य समाज की निशानी है। भारत का इतिहास महिलाओं की साहस, वीरता और त्याग और बलिदान की अनगिनत कथाओं से भरा हुआ है। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के कुशल प्रशासन, न्याय परायणता एवं कल्याणकारी कार्यों का आज भी गुणगान किया जाता है। रानी लक्ष्मीबाई का साहस, मातृभूमि के लिए उनका बलिदान आज भी हम सभी देशवासियों के हृदय में प्रेरणा के दीप जलाते हैं। सावित्री बाई फुले ने महिला शिक्षा की ज्योति जगायी थी। रानी गाइदिन्ल्यू और सरोजनी नायडू जैसी महिला स्वाधीनता सेनानियों ने भारत माता का गौरव बढाया है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ रही है। सैनिक के रूप में देश की सीमाओं की सेवा कर रही है। वैज्ञानिक के रुप में प्रयोगशालाओं में शोध कर रही है। खेल प्रतिस्पर्धा में अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का तिरंगा लहरा रही है। राजनीति, समाज सेवा तथा प्रशासन तथा व्यापार जगत समेत सभी क्षेत्रों में महिलाएं नई उंचाई को छू रही है। उन्होंने कहा कि देश भर के दीक्षांत समारोहों में उपाधि और पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में बेटियों की बढती संख्या हमारे लिए प्रेरणा दायक दृश्य प्रस्तुत करते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि इन सबके बावजूद यह भी एक सच्चाई है कि महिलाएं आज भी हिंसा, आर्थिक असमानता और सामाजिक रुढियां और स्वास्थ्य संबधी उपेक्षाओं का सामना कर रही है। इन बाधाओं को दूर करके ही महिला सशक्तीकरण के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। वास्तव में महिला



तब सशक्त होंगी जब उसमें स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने की क्षमता हो और आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने की आकांक्षा हो और समान अवसर एवं सुरक्षा उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि सशक्त महिला न केवल अपना जीवन बल्कि समाज और आने वाली पीढियों की दिशा बदल सकती है।

उन्होंने कहा कि 'बेटी बचाओ बेटी पढाओ' योजना के माध्यम से बालिकाओं की शिक्षा और सुरक्षा को बढावा दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना करोड़ों महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाते हुए उनके स्वास्थ्य की रक्षा कर रही है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के द्वारा महिलाओं को स्वरोजगार के लिए ऋण सुविधा दी जा रही है। लखपति दीदी योजना जैसी पहलों से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना जैसी पहल महिलाओं के स्वास्थ्य में अहम भूमिका निभा रही हैं। महिलाओं का घरेलू हिंसा से संरक्षण, समान वेतन अधिकार और संपत्ति में अधिकार के लिए भी अनेक सुधार किये गये हैं। यह बहुत प्रसन्नता का विषय है कि सरकार ने महिला सशक्तीकरण से आगे बढर वुमेन लीड डवलपमेंट की दिशा में अनेक कदम उठाये गये हैं। महिलाओं के राजनीतिक सशक्तीकरण के लिए पंचायती राज संस्थाओं और स्थानीय निकायों में उनके लिए सीटें आरक्षित की गयी हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अंतर्गत संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया है जो भविष्य में महिला नेतृत्व द्वारा विकास का आदर्श प्रस्तुत करेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि इन सभी प्रयासों से महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक स्थिति बेहतर हो रही है लेकिन हमें यह स्मरण रखना चाहिए कि महिला सशक्तीकरण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है। यह समाज के प्रत्येक सदस्य और संस्था की जिम्मेदारी है। महिलाओं को शिक्षित बनाना, उनका आत्मविश्वास बढाना और उनको प्रोत्साहन एवं सहयोग देना हम सब का कर्तव्य है। हमें अपनी बेटियों को यह विश्वास दिलाना है वे सपने देखें और उन्हें पूरा करने की क्षमता रखती हैं तथा हम उनके सपनों का साकार करने में उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि जब एक बेटी शिक्षित होती है तो पूरा परिवार शिक्षित होता है। जब एक बेटी सक्षम बनती है तो पूरा समाज मजबूत होता है। हमने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। ऐसा विकसित राष्ट्र जहां सभी नागरिकों को समान अवसर, समान अधिकार और समान सम्मान मिले। देश की आधी जनसंख्या को सशक्त बना कर ही इस लक्ष्य की प्राप्ति संभव है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि दिल्ली देश की राजधानी है। यहां देश के हर राज्य और क्षेत्र के लोग रहते हैं। यदि दिल्ली की महिलाएं सुरक्षित, शिक्षित और आत्मनिर्भर होंगी, समाज के हर क्षेत्र में आत्मविश्वास के साथ नेतृत्व प्रदान करेंगी तब पूरे देश में सकारात्मक संदेश जायेगा। मैं दिल्ली की महिलाओं से अनुरोध करुंगी कि वे पूरे आत्मविश्वास, लगन और मेहनत से अपने जीवन में आगे बढें और समृद्ध दिल्ली के निर्माण में अपना योगदान दें। दिल्ली की बेटियां समृद्ध दिल्ली और विकसित भारत के सपने को साकार करने में अपना पूरा योगदान दे सके इसके लिए जरूरी है कि सरकार और समाज उन्हें आगे बढाने के लिए बेहतर वातावरण प्रदान करें। उन्हें एक ऐसा वातावरण मिले जिसमें वे बिना दवाब या भय के अपने जीवन के बारे में स्वतंत्र निर्णय ले सकें। एक ऐसे आदर्श समाज का निर्माण करना आवश्यक है जहां कोई भी बेटी या बहन किसी भी समय कहीं भी अकेले जाने में और कहीं भी रहने में नहीं डरे। ऐसे परिवेश में जो आत्मविश्वास उत्पन्न होगा वह दिल्ली को और भारत को नई ऊंचाईयों पर ले जायेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि सभी दिल्ली वासियों को संकल्प लेना चाहिए कि वे महिला सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे, बेटियों को समान अवसर प्रदान करेंगे और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। ऐसा करके हम दिल्ली की नारी को सशक्त नारी के रूप में पहचान दिला सकेंगे। यही सशक्त नारी, समृद्ध दिल्ली की आधारशिला है। राष्ट्रपति ने जिन चार योजनाओं का शुभारंभ किया उनमें पिंक स्मार्ट कार्ड, मुफ्त एलपीजी सिलेंडर योजना, दिल्ली लखपति बिटिया योजना और मेरी पूंजी मेरा अधिकार शामिल है। राजधानी की महिला निवासियों के लिए नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) योजना के तहत पिंक कार्ड दिल्ली निवासी पात्र महिलाओं के लिए होगा, जबकि ब्लू कार्ड सामान्य यात्रियों के लिए और ऑरेंज कार्ड मासिक पास उपयोगकर्ताओं के लिए जारी किया जाएगा।

# बंगाल में तुष्टिकरण से विकास नहीं हो सकता, आठ लाख करोड़ के कर्ज में डूबा है राज्य : अमित शाह

**एजेंसी**

दक्षिण 24 परगना (पश्चिम बंगाल)। अमित शाह ने आज पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने तृणमूल कंग्रेस की सरकार को आड़े हाथों लिया। तुष्टिकरण का आरोप लगाते हुए शाह ने दावा किया कि बेलडांगा में बाबरी मस्जिद का षड्यंत्र ममता बनर्जी ने किया है। उन्होंने कहा कि बंगाल के हिंदू और मुसलमान दोनों आपको जान चुके हैं। इस साल के चुनाव में आपकी विदाई तय है। अमित शाह ने और क्या बातें कहीं? जानिए इस खबर मे

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज बंगाल में चुनावी बिगुल फूंका। उन्होंने पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना में एक जनसभा के दौरान तृणमूल कंग्रेस की नीतियों और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण से राज्य का विकास नहीं हो सकता। शाह ने दावा किया कि राज्य आठ लाख करोड़ के कर्ज में डूबा है। शाह ने मदरसों को मिलने वाली आर्थिक मदद पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने दूसरे राज्यों के विपक्षी दलों की सियासत पर भी हमले बोले। उन्होंने बिहार, असम, तमिलनाडु जैसे राज्यों में परिवारवाद का आरोप लगाते हुए तेजस्वी यादव, गौरव गोगोई और एमके स्टालिन की राजनीति पर भी तीखी टिप्पणी की।



आगे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भाजपा की परिवर्तन यात्रा का उद्देश्य राज्य में बदलाव लाना और बंगाल को घुसपैठियों से मुक्त करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा पश्चिम बंगाल में भ्रष्ट तृणमूल कंग्रेस सरकार को हटाकर विकास का नया दौर शुरू करना चाहती है। शाह ने आरोप लगाया कि तुष्टीकरण की राजनीति के कारण राज्य का विकास प्रभावित हुआ है और बंगाल की स्थिति लगातार खराब हुई है। अमित शाह ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर गलती से फिर तृणमूल कंग्रेस सत्ता में लौटती है तो सरकार ममता बनर्जी नहीं बल्कि उनके 'भतीजे' द्वारा चलाई जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी राज्य के विकास में रुचि नहीं रखतीं और सिर्फ अभिषेक बनर्जी को मुख्यमंत्री बनाना चाहती हैं। शाह ने यह भी कहा कि पूर्व डीजीपी राजीव कुमार को राज्यसभा भेजा जा रहा है, जिनके कार्यकाल में बंगाल में भ्रष्टाचार बढ़ा। गृह मंत्री ने दावा किया कि तृणमूल कंग्रेस ने बंगाल को घुसपैठियों के लिए सुरक्षित जगह बना दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर घुसपैठियों को राज्य से बाहर किया जाएगा और सीमा वाले राज्य की सुरक्षा मजबूत की जाएगी। शाह ने भरोसा दिलाया कि किसी भी हिंदू शरणार्थी की नागरिकता नहीं छीनी जाएगी। साथ ही उन्होंने वादा किया कि भाजपा सत्ता में आने पर राज्य सरकारी कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग के अनुसार वेतन सुनिश्चित करेगी।

# विभिन्न भाषाओं की भूमि भारत की आत्मा एक है : राधाकृष्णन

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने कहा है कि विविधता के बावजूद भारत एक ही धर्म से सांस्कृतिक रूप से एकजुट है और भाषायी विविधताओं की भूमि के बावजूद भारत की आत्मा एक है। श्री राधाकृष्णन ने सोमवार को उपराष्ट्रपति भवन में प्रख्यात तमिल विद्वानों, विरासत, वास्तुकला, साहित्य, संस्कृति और सभ्यतागत विचारों पर आधारित 16 पुस्तकों के विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के तहत प्रकाशन विभाग ने इन पुस्तकों को प्रकाशित किया है। उपराष्ट्रपति ने इस मौके पर कहा कि उन्होंने जिन पुस्तकों का विमोचन किया है उनमें तमिल सभ्यता की गहराई और विविधता को दर्शाया गया है। इनमें मंदिर परंपराएं, दर्शन, वास्तुकला, साहित्य, संगीत, विज्ञान, सामाजिक सुधार और आध्यात्मिक विचारों को बारीकी से पिरोया गया है। श्री राधाकृष्णन ने इस दौरान वंदे मातरम के रचयिता बंकिम चंद्र चटर्जी पर तमिल, अंग्रेजी और हिंदी में प्रकाशित पुस्तकों का भी विमोचन किया। अमर गीत वंदे मातरम को याद करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि इस गीत ने लाखों लोगों के दिलों में क्रांति की भावना जगाई और अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों को प्रेरित किया। उन्होंने पुस्तक के प्रकाशन के लिए प्रकाशन विभाग की सराहना करते हुए कहा, 'उन दो शब्दों में हमारी मिट्टी की सुगंध, हमारी नदियों की शक्ति और हमारी मातृभूमि की भावना समाहित है। उपराष्ट्रपति ने तमिल को दुनिया की सबसे प्राचीन शास्त्रीय भाषाओं में एक बताते हुए कहा कि दो सहस्त्राब्दियों से अधिक की साहित्यिक और दार्शनिक परंपरा वाली तमिल को विश्व की सबसे प्राचीन शास्त्रीय भाषाओं में से एक बताते हुए कहा कि आज जिन पुस्तकों का उन्होंने विमोचन किया है वे सभी पुस्तकें तमिल ज्ञान प्रणालियों की बौद्धिक गहराई और सभ्यतागत निरंतरता को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय मंदिर केवल पूजा स्थल ही नहीं, बल्कि कला, वास्तुकला, संगीत, खगोल विज्ञान, गणित और सामाजिक संगठन के केंद्र भी हैं। हमारे पूर्वजों ने दर्शन, साहित्य, विज्ञान और सामाजिक सुधार में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। श्री राधाकृष्णन ने कहा कि भारत अनेक भाषाओं की भूमि है, लेकिन इसकी सभ्यतागत आत्मा एक ही है। उन्होंने कहा कि भाषा, धर्म और राजनीतिक विचारधाराओं में भिन्नता के बावजूद, भारत हमेशा से एक देश रहा है, जो एक ही धर्म से सांस्कृतिक रूप से एकजुट है।

## नीति आयोग ने जारी की प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण एवम सर्वोत्तम अभ्यास मार्गदर्शिका

**नयी दिल्ली।** प्राकृतिक खेती पर यहां नीति आयोग द्वारा यहां आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में रसायन मुक्त खेती पर एक प्रशिक्षण एवं अभ्यास दिग्दर्शिका जारी की गयी है। नीति आयोग की सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस कार्यशाला का आयोजन नीति आयोग के राज्य सहायता मिशन (एसएसएम) के तहत आयोजित किया गया था। इसमें कई राज्यों के किसान, नीति नियंता, वैज्ञानिक, कृषि क्षेत्र से जुड़ी कई स्टार्टअप इकाइयां और समाजिक क्षेत्र के प्रतिनिधि शामिल थे। कार्यक्रम की प्रमुख उपलब्धियों में प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण दिग्दर्शिका का अनावरण भी था जिसका शीर्षक है '' सशक्तिकरण: प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण एवम सर्वोत्तम अभ्यास मार्गदर्शिका।'' यह अंग्रेजी में भी उपलब्ध है। इस कार्यक्रम को गुजरात के राज्यपाल और प्राकृतिक खेती के साधक आचार्य देवव्रत ने वीडियो कांफ्रेंसिग के जरिए संबोधित किया और मृदा-स्वास्थ्य को बढ़ाने में प्राकृतिक खेती के महत्व को रखांकित किया। कार्यशाला में जूनागढ़ कृषि विश्वविद्यालय, डॉ. वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय और गुजरात प्राकृतिक कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय जैसी कई अनुसंधान संस्थाओं ने भी भाग लिया। कार्यशाला में पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात , महाराष्ट्र, कर्नाटक , आंध्र प्रदेश, केरल और ओडिशा के किसान, कृषि विभागों के अधिकारी और कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) से जुड़े वैज्ञानिक शामिल हुए। यह पूरे देश में प्राकृतिक खेती के तौर तरीकों के प्रति बढ़ती रुचि को दर्शाता है। कार्यक्रम में कई एपेडा और नाबार्ड जैसे संगठन, केंद्र सरकार के सहकारिता विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के प्रतिनिधियों ने प्राकृतिक खेती के लाभ, प्रमाणन एवं विपणन की सुविधाओं और संस्थागत सहयोग पर वार्ता की।

## वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में भारत का एक महत्वपूर्ण स्थान : प्रधान

**नयी दिल्ली।** शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि भारत का वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण स्थान बना हुआ है जो सीखने, अनुसंधान करने, नवाचार करने और उसे लागू करने के लिये अपार अवसर प्रदान करता है। श्री प्रधान ने सोमवार को आयोजित 'स्टडी इन इंडिया एडु-डिप्लोमैटिक कॉन्क्लेव 2026' को संबोधित किया। इस सम्मेलन में उच्च शिक्षा में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने पर विचार-विमर्श करने के लिए 50 से अधिक देशों के राजदूत, उच्चायुक्त, राजनयिक मिशनों के प्रतिनिधि और मंत्रालय के अधिकारी एकत्रित हुए। इस दौरान श्री प्रधान ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत भारत की शिक्षा प्रणाली में हुए बदलावों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने की परिकल्पना की है, जो स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ का प्रतीक होगा। इस संदर्भ में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत का वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण स्थान बना हुआ है, जो सीखने, अनुसंधान करने, नवाचार करने और उसे लागू करने के अपार अवसर प्रदान करता है। शिक्षा मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत की सबसे बड़ी ताकत उसका जीवंत ज्ञान तंत्र, जनसांख्यिकीय लाभांश और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि नयी शिक्षा नीति 2020 और 'स्टडी इन इंडिया' पहल के माध्यम से देश छात्रों, शोधकर्ताओं और संस्थानों के लिए वैश्विक अवसरों का विस्तार कर रहा है। उन्होंने इस बात का भी उल्लेख किया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जैव प्रौद्योगिकी और सेमीकंडक्टर से लेकर सतत ऊर्ज़ा तक, भारत एक विश्वसनीय नवाचार भागीदार के रूप में उभर रहा है, जो सहयोग, क्षमता निर्माण और साझा ज्ञान पर आधारित वैश्विक दक्षिण मॉडल को आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि अनिश्चितता और तेजी से बदलती दुनिया में शिक्षा ही समाजों के बीच सबसे मजबूत सेतु है और भारत सहयोगी देशों के साथ ज्ञान के मजबूत सेतु बनाने का प्रयास कर रहा है।

# पेज एक का शेष

## तीसरे दिन...

भ्रम के कारण यह हादसा हुआ। राहत की बात यह रही कि सभी पायलट सुरक्षित निकल आए। हालांकि इस घटना ने अमेरिकी और खाड़ी देशों के बीच समन्वय की खामियों को उजागर कर दिया। साइप्रस में भी तनाव बढ़ गया है। ईरान ने ब्रिटिश रॉयल एयर फोर्स के अड्डे पर ड्रोन हमला किया। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, हमले में मामूली संरचनात्मक क्षति हुई, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। यह हमला उस निर्णय के बाद हुआ, जिसमें प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने अमेरिका को इस बेस के सीमित उपयोग की अनुमति दी थी। साइप्रस में स्थित यह अड्डा भूमध्यसागर में ब्रिटेन की सामरिक उपस्थिति का प्रमुख केंद्र है और सीरिया तथा मध्य-पूर्व के अभियानों में पहले भी उपयोग में लाया जा चुका है। इजराइल ने इस संघर्ष में अपनी नई तकनीक का प्रदर्शन भी किया। उसने पहली बार अपने लेजर-आधारित रक्षा तंत्र ऋध्द्व उद्दध्द्व का इस्तेमाल किया। इजराइली रक्षा बलों के अनुसार, इस सिस्टम ने हिज्बुल्लाह की ओर से दागे गए कई रॉकेटों को हवा में ही नष्ट कर दिया। आयरन बीम को कम लागत और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता के लिए विकसित किया गया है, जो पारंपरिक मिसाइल-रोधी सिस्टम की तुलना में अधिक सस्ता और सटीक माना जाता है। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि यदि यह तकनीक बड़े पैमाने पर सफल रहती है, तो भविष्य के युद्धों की प्रकृति बदल सकती है। ईरान के भीतर तबाही के आंकड़े भी सामने आ रहे हैं। अल-जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका और इजराइल ने मिलकर 1000 से अधिक ठिकानों पर हमले किए हैं। शुरुआती 30 घंटों में 2000 से ज्यादा बम गिराए गए। ईरान में अब तक 555 लोगों की मौत और 700 से अधिक घायल होने की खबर है। एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से बड़ी संख्या में छात्राओं की मौत की सूचना ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता बढ़ा दी है। हालांकि इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हो पाई है। इस जंग का असर ऊर्जा सुरक्षा पर भी पड़ा है। कतर के मेसाईद और रास लाफान इंडस्ट्रियल सिटी स्थित ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर ड्रोन और मिसाइल हमले हुए। कतर के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन नुकसान का आकलन जारी है। खाड़ी क्षेत्र दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति का प्रमुख केंद्र है, इसलिए इन हमलों ने वैश्विक तेल और गैस बाजार में अस्थिरता पैदा कर दी है। ओमान की खाड़ी में एक और गंभीर घटना हुई, जब मार्शल आइलैंड्स-फ्लैग्ड तेल टैंकर पर ड्रोन बोट से हमला किया गया। इस हमले में एक भारतीय नाविक की मौत हो गई। समुद्री सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इस तरह के हमले बढ़ते हैं, तो अंतरराष्ट्रीय शिपिंग मार्गों पर खतरा बढ़ सकता है और बीमा लागत में भारी वृद्धि हो सकती है। ईरान के शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारी अली लारीजानी ने स्पष्ट कहा है कि ईरान अमेरिका से कोई बातचीत नहीं करेगा। यह बयान उन खबरों के जवाब में आया, जिनमें कहा गया था कि तेहरान बैक-चैनल वार्ता की कोशिश कर रहा है। इससे संकेत मिलता है कि फिलहाल कूटनीतिक समाधान की संभावनाएं कमजोर हैं। इजराइल ने यह भी दावा किया है कि उसने ईरान के खुफिया मंत्रालय के दो वरिष्ठ अधिकारियों को एक सटीक एयरस्ट्राइक में मार गिराया। इजराइली रक्षा बलों का कहना है कि ये अधिकारी विदेशों में इजराइल विरोधी अभियानों का नेतृत्व कर रहे थे। ईरान ने इन दावों पर आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन यदि यह पुष्टि होती है तो यह ईरानी सुरक्षा ढांचे के लिए बड़ा झटका होगा। इस संघर्ष का राजनीतिक प्रभाव भी व्यापक है। अमेरिका में विपक्ष ने ट्रम्प प्रशासन की रणनीति पर सवाल उठाए हैं, जबकि ब्रिटेन में भी संसद में बहस छिड़ गई है कि क्या देश को इस युद्ध में और गहराई से शामिल होना चाहिए। खाड़ी देशों में सुरक्षा अलर्ट बढ़ा दिए गए हैं और नागरिक उड्डयन सेवाओं में व्यवधान की आशंका जताई जा रही है। ईरान ने पाकिस्तान पर आरोप लगाया है कि उसने अमेरिका को उसके खिलाफ हालिया सैन्य हमलों के लिए अपना एयरस्पेस इस्तेमाल करने दिया। ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड के एक सीनियर कमांडर ने कहा कि यदि पाकिस्तान ने ऐसा किया है तो वह सुरक्षित नहीं रहेगा और उसे इसकी कीमत चुकानी होगी। इजराइल ने पहली बार आयरन बीम नाम की नए लेजर डिफेंस सिस्टम का इस्तेमाल किया। इसकी मदद से हिज्बुल्लाह की तरफसे दागे गए रॉकेटों को हवा में ही रोक दिया गया। आयरन बीम एक ऐसी तकनीक है जो तेज लेजर बीम से रॉकेट और ड्रोन को मार गिराती है। कतर के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि ईरान के दो ड्रोन देश की एनर्जी फैसिलिटी (ऊर्जा ठिकानों) पर गिरे हैं। बताया गया है कि एक ड्रोन मेसाईद में एक बिजली घर के पानी के टैंक से टकराया। दूसरा ड्रोन रास लाफान इंडस्ट्रियल सिटी में मौजूद कतर एनर्जी की एक ऊर्जा ठिकाने पर गिरा। अधिकारियों के मुताबिक, इस हमले में कोई घायल नहीं हुआ है। नुकसान कितना हुआ है, इसकी जांच की जा रही है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के जनरल माजिद एब्नेलरेजा को देश का कार्यवाहक रक्षा मंत्री नियुक्त किया है। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब हालिया इजराइल-अमेरिका हमलों में पूर्व रक्षा मंत्री की मौत हो गई थी। राष्ट्रपति के मीडिया उप प्रमुख मेहदी तबातबाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ड्ड पर बताया कि राष्ट्रपति के आदेश से यह नियुक्ति की गई है। अमेरिकी सेना ने कहा है कि कुवैत ने गलती से तीन अमेरिकी लड़ाकू विमानों को गिरा दिया है।

## सबसे अधिक राजस्व...

अनुसार फरवरी में पूरे प्रदेश में कुल 3,34,538 राजस्व मामलों का निस्तारण किया गया। लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर ने बताया कि सबसे अधिक राजधानी लखनऊ में 15,981 मामले निस्तारित किए गये, जो पूरे प्रदेश में सबसे अधिक हैं। इसके बाद प्रयागराज में कुल 14,132 मामलों को निस्तारित कर पूरे प्रदेश में दूसरा, आजमगढ़ 9,333 मामलों को निस्तारित कर तीसरे स्थान पर है। आजमगढ़ जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप राजस्व मामलों के त्वरित और पारदर्शी निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। जनशिकायतों के समयबद्ध समाधान के लिए नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित की जा रहीं हैं। राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को अभियान चलाकर निपटाया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि आजमगढ़ ने फरवरी में राजस्व मामलों के निस्तारण में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह जौनपुर ने 8,912 मामले निस्तारित कर चौथा और बाराबंकी ने 8,378 मामलों का निस्तारण कर पांचवां स्थान प्राप्त किया है। जौनपुर डीएम डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुसार राजस्व मामलों को निस्तारित किया जा रहा है। बोर्ड ऑफ रेवन्यू की फरवरी माह की राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली (आरसीसीएमएस) की रिपोर्ट के अनुसार जौनपुर की पांच राजस्व न्यायालयों ने बोर्ड के निर्धारित मानक के निस्तारण से अधिक मामलों का निस्तारण किया है। जौनपुर की पांच राजस्व न्यायालयों ने बोर्ड के प्रति माह निस्तारण के मानक 250 के सापेक्ष 542 मामलों का निस्तारण किया है। इसका अनुपात 216.80 प्रतिशत है। इसी के साथ जनपदीय न्यायालय में राजस्व मामलों के निस्तारण में प्रदेश में जौनपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है जबकि मानक 300 के सापेक्ष 381 मामलों का निस्तारण कर दूसरे स्थान पर बस्ती और मानक 300 के सापेक्ष 353 मामले निस्तारित कर तीसरे स्थान पर प्रतापगढ़ है। इसी तरह फरवरी में जौनपुर के जिलाधिकारी न्यायालय ने निर्धारित 30 मामलों के मानक के मुकाबले 86 मामलों का निस्तारण कर 286.67 प्रतिशत की उपलब्धि हासिल की, जो प्रदेश भर में सबसे अधिक है और जौनपुर प्रदेश भर में पहले स्थान पर है। भदोही के जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा 69 मामले निस्तारित किए गये। वहीं, बिजनौर के जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा 46 मामले निस्तारित किए गये। इसी तरह जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा निस्तारित किए गये मामलों में भदोही दूसरे और बिजनौर तीसरे स्थान पर है।

## नरसिंह शोभा यात्रा...

गोरखपुर मुथा अशोक जैन, डीआईजी रेंज एस. चनप्पा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, मंडलायुक्त अनिल ढींगरा, जिलाधिकारी दीपक मीणा, नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल सहित प्रशासन एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, सांसद रवि किशन, विधायक विपिन सिंह, विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र सिंह, भाजपा महानगर संयोजक राजेश गुप्ता तथा होलिका दहन समिति के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन कार्यक्रम में शामिल हुए।

## ईपीएफ पर ब्याज...

सभी पात्र कर्मचारियों को कानूनी फायदे मिलें। संगठन ने ईपीएफ छूट पर नयी आसान प्रक्रिया (एसओपी) को भी मंज़ूरी दी है और वर्तमान मौजूदा चार एसओपी और छूट नियमावलियों को एक ही नियमावली में समाहित कर दिया गया, ताकि अनुपालना में आसानी हो। ईएपीएफओ न्यासी मंडल ने सामाजिक सुरक्षा संहित, 2020 के साथ तालमेल बिठाने के लिए नयी सामाजिक सुरक्षा स्कीमों को अधिसूचित करने को मंज़ूरी भी दी है। इस बैठक में न्यासी मंडल ने ईपीएफओ की 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट को भी मंज़ूरी दी और उसे संसद में प्रस्तुत करने की सिफारिश की। रिपोर्ट में साल 2024-25 के दौरान ईपीएफ कवरेज में बढ़ोतरी, काम-काज में डिजिटलीकरण की विभिन्न पहलों, सेवा देने में सुधार तथा संगठन के कार्य-निष्पादन की जानकारियां दी गयी हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि 2024-25 के दौरान, ईपीएफओ ने परिचालन में मजबूत प्रदर्शन किया और अच्छी वित्तीय उपलब्धियां दर्ज कीं। आलोच्य वर्ष के दौरान ईपीएफओ के कोष में कुल योगदान 3,35,628.81 करोड़ रुपये का योगदान हुआ। इस दौरान 2,86,894 प्रतिष्ठानों को पंजीकृत किया गया और 1,22,89,244 नये ईपीएफ अंशधारक जोड़े गये। वर्ष के दौर संगठन ने 81,48,490 पेंशनधारकों को सेवायें दी और 6,01,59,608 दवों का निपटना किया, जिसमें 69,983 दावे कर्मचारियों की जमा से जुड़ी पेंशन योजना (ईडीएलआई) संबंधी दावे थे। साल के दौरान कुल 17,33,046 शिकायतों का निपटारा किया गया और 39,74,501 कॉल पर गौर किया गया।

## भारत-कनाडा का 50...

क्षेत्रों के मूल समुदाय हमारी साझा सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। सांस्कृतिक आदान-प्रदान बढ़ाने के लिए दोनों पक्षों के बीच आज समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया है। श्री मोदी ने आतंकवाद को साझा चुनौती बताते हुए कहा ,'' हम सहमत हैं कि आतंकवाद, उग्रवाद और कट्टरपंथ दोनों देशों के लिए ही नहीं, पूरी मानवता के लिए साझा और गंभीर चुनौतियाँ हैं। इनके विरुद्ध हमारा करीबी सहयोग वैश्विक शान्ति और स्थिरता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व में चल रहे अनेक तनावों को लेकर भारत की सोच स्पष्ट रही है। हमने सदैव शांति और स्थिरता बनाए रखना का आह्वान किया है। और जब दो लोकतंत्र साथ खड़े होते हैं, तो शांति की आवाज और भी सशक्त हो जाती है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति हमारे लिए गहरी चिंता का विषय है। भारत कूटनीति और बातचीत के माध्यम से सभी विवादों के समाधान का समर्थन करता है। इस क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए हम सभी देशों के साथ मिलकर काम करते रहेंगे।

## आईटी सिटी योजना...

किया जाएगा। धारा 11 के बाद जमीन की खरीद-फरोख्त पर लगेगी रोक प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के मुताबिक, धारा 11 की अधिसूचना जारी होते ही लैंड पूलिंग की प्रक्रिया बंद कर दी जाएगी और जमीन की रजिस्ट्री पर पूर्ण रोक लग जाएगी। इसके बाद कोई भी व्यक्ति प्रभावित क्षेत्र में जमीन की खरीद-फरोख्त नहीं कर सकेगा। फिलहाल कुछ लोग लैंड पूलिंग योजना के तहत जमीन खरीदकर प्राधिकरण से समझौते कर रहे हैं, लेकिन धारा 11 लागू होते ही यह रास्ता बंद हो जाएगा। मुआवजा या लैंड पूलिंग का विकल्प जिन किसानों की निजी जमीन है, वे चाहें तो लैंड पूलिंग में शामिल हो सकते हैं। जो इसमें शामिल नहीं होंगे, उनकी जमीन का अधिग्रहण डीएम सर्किल रेट के आधार पर मुआवजा देकर किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री नीतीश ने सैदपुर तथा बाकरगंज भूमिगत नाला, सड़क निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सैदपुर भूमिगत नाला निर्माण के साथ-साथ सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान पटना प्रमंडल के आयुक्त अनिमेष परासर एवं जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम ने मुख्यमंत्री को इस योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने पहले भी इसे आकर कई बार देखा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सैदपुर नाले का बेहतर ढंग से जीर्णोद्धार कर इसके ऊपर फोर लेन सड़क का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि यह योजना काफी अच्छी है। इसके पूर्ण होने से सैदपुर, राजेन्द्र नगर, मुसल्लहपुर हाट, गायघाट और पहाड़ी क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की समस्या समाप्त होगी तथा न्यू



पटना बाईपास से जुड़ने का लोगों को एक वैकल्पिक मार्ग की सुविधा मिलेगी। फोर लेन सड़क बन जाने से शहरवासियों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलने के साथ-साथ शहर भी खुबसूरत दिखेगा। ज्ञातव्य है कि पटना के 9 ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन एवं एक सिवरेज ट्रिटमेंट प्लांट (एसटीपी) के पानी का बहाव सैदपुर नाला के माध्यम से होता है। नगर विकास विभाग अन्तर्गत बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड (बुडको) के द्वारा 259.81 करोड़ रूपये की लागत से सैदपुर नाला पर पहाड़ी तक भूमिगत नाला के साथ सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस नाला की लंबाई 5.61 किलोमीटर है। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने बाकरगंज भूमिगत नाला निर्माण के साथ-साथ सड़क निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि इसका निर्माण कार्य बेहतर ढंग से और जल्द पूर्ण करें। इसके पूर्ण होने से इस क्षेत्र में जल निकासी बेहतर होगा और जलजमाव की समस्या नहीं रहेगी। नाले के ऊपर सड़क बनने से इस क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा। बाकरगंज नाला पटना शहर के भीतरी हिस्से में स्थित एक मुख्य ड्रेनेज/नाला है जो उमा सिनेमा हॉल से शुरू होकर अंटा घाट तक गंगा नदी की ओर जाता है। यह नाला शहर के कई भागों, बाजारों एवं आवासीय इलाकों के बीच से गुजरता है। वर्षा के समय जल निकासी के लिये यह एक अहम मार्ग है।

# पंजाब के जालंधर में दो स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

जालंधर। पंजाब के जालंधर में सोमवार को कम से कम दो स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल मिले, जिसके बाद प्राधिकारियों ने गहन जांच शुरू की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस, दमकल विभाग, बम निरोधक दस्ते, खोजी कुत्तों और एम्बुलेंस को स्कूल परिसरों में भेजा गया। उन्होंने बताया कि यह घटना चंडीगढ़, अमृतसर, जालंधर, पटियाला और हरियाणा के स्कूलों में हाल में मिली ऐसी ही धमकियों के कुछ ही समय बाद हुई है। हालांकि, ये सभी धमकियां बाद में अफवाह साबित हुई थीं। चंडीगढ़ के कई स्कूलों को 27 फरवरी को बम से उड़ाने के धमकी भरे ईमेल मिले थे, जो बाद में अफवाह साबित हुए। इसी तरह, 19 फरवरी को पंजाब सिविल सचिवालय को बम की धमकी वाला ईमेल मिला था, लेकिन वहां से कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री बरामद नहीं हुई थी।

# पीएमसीएच में महिला मरीजों के लिए बड़ी सौगात, स्त्री रोग विभाग में बढ़ेंगे 90 बेड

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पटना। राज्य में बेहतर शिक्षा व बेहतर स्वास्थ्य के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार लगातार विस्तार कार्य कर रही है। इसके लिए बिहार सरकार की तरफ से पुनर्विकास योजना के तहत हर राज्य के लगभग सभी अस्पताल में बेड की संख्या बढ़ाई जा रही है। इसी कड़ी में राजधानी के सबसे बड़े अस्पताल पीएमसीएच में महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए बेड की संख्या में लगातार इजाफा किया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि अस्पताल में महिला वार्ड में 90 बेड की संख्या बढ़ाई जा रही है। इससे अस्पताल में इलाज करवाने आने वाली महिलाओं को हाईटेक इलाज की सुविधा दी जायेगी। बता दें कि हाल ही में पीएमसीएच में सुविधा विस्तार के तहत 1117 बेड वाले 2 अस्पताल टावर का निर्माण किया गया है। इससे प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य उपचार के लिए 24 घंटे सुविधा उपलब्ध है। विभाग ने 2029 तक पीएमसीएच में चल रहें सभी विकास व विस्तार कार्य को पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही पीएमसीएच में इलाज के लिए रेफर किये गये गंभीर मरीजों के लिए बेहतर उपचार के लिए एयर एम्बुलेंस के उतरने की व्यवस्था भी विकसित की जा रही है। उम्मीद है कि आने वाले एक-दो महीने में इसको चालू कर दिया जायेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का संकल्प अब बिहारवासियों को किसी प्रकार के इलाज के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी। साथ ही बिहार बेहतर शिक्षा, उद्योग व स्वास्थ्य सुविधा में दिन-प्रतिदिन उन्नति कर रहा है।

# इंडिया यूथ फ्रंट ने चिब की गिरफ्तारी के विरोध में सड़कों पर उतरने की दी चेतावनी

नई दिल्ली। इंडिया यूथ फ्रंट ने भारतीय युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी के विरोध में सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। भारतीय युवा कांग्रेस मुख्यालय में सोमवार को पत्रकार वार्ता में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने सरकार से माफी की मांग की। युवा कांग्रेस की महासचिव सुरभि द्विवेदी ने कहा कि न्यायालय ने हमारे प्रदर्शन को भड़काऊ और देश विरोधी नहीं पटाया। न्यायालय की टिप्पणी के बाद प्रधानमंत्री को माफी मांगनी चाहिए। देश के लिए आवाज उठाने पर संगठन को नंगा कहा गया। शरद पवार धड़े की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की युवा शाखा के राष्ट्रीय अध्यक्ष फहाद अहमद ने कहा कि जिस भी दबाव में जमानत याचिका खारिज की जा रही है, वह दबाव हटेगा। उदय भानु चिब शीघ्र रिहा होंगे। किसी भी प्रदर्शन को दबाने से वह और बड़ा होता है। सरकार आवाज नहीं दबा सकती। प्रदर्शन जारी रहेगा। मुस्लिम यूथ लीग के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आसिफ अंसारी ने कहा कि सरकार देश के आंतरिक निर्णय बाहरी दबाव में ले रही है। अमेरिका के साथ समझौते से देश के हितों से समझौता किया गया। युवा कांग्रेस बड़े संगठनों में से एक है। उसके अध्यक्ष को शांतिपूर्ण प्रदर्शन के लिए गिरफ्तार किया गया। यदि उन्हें शीघ्र नहीं छोड़ा गया तो सड़कों पर प्रदर्शन होगा। आम आदमी पार्टी छात्र विंग के राष्ट्रीय प्रभारी अनुराग निगम ने कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते से देश को बेचने का काम किया गया। आईवाईसी ने भारत मंडपम में अन्य देशों की तकनीक को अपना बताकर प्रस्तुत करने का विरोध किया।

## मवेशियों की तस्करी का प्रयास विफल, तीन गिरफ्तार

सुपौल। जिले के सशस्त्र सीमा बल की 45वीं वाहिनी, बीरपुर अंतर्गत सीमा चौकी नरपतपट्टी ने पेट्रोलिंग ड्यूटी के दौरान मवेशियों की तस्करी के प्रयास को विफल कर बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान 9 मवेशी (08 गाय एवं 01 बछड़ा) और एक पिकअप वाहन को जब्त किया गया, जबकि तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए 45वीं वाहिनी के कमांडेंट गौरव सिंह ने बताया कि सीमा चौकी नरपतपट्टी के जिम्मेदारी क्षेत्र में मवेशियों की तस्करी की संभावना को लेकर विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर एक विशेष पेट्रोलिंग दल का गठन किया गया। पेट्रोलिंग के दौरान दल स्पर संख्या 1775 के समीप पहुंचा, जहां एक संदिग्ध पिकअप वाहन को आते देखा गया। वाहन को रोककर तलाशी लेने पर उसमें 08 गाय एवं 01 बछड़ा पाए गए। पूछताछ में वाहन सवार व्यक्तियों ने अपना नाम मोहम्मद फयाज (ग्राम शाहपुर, जिला सुपौल), मोहम्मद राजमूल (ग्राम सतनपट्टी, जिला सुपौल) एवं मोहम्मद शमीबिल्ला (ग्राम नरपतपट्टी, जिला सुपौल) बताया। बरामद मवेशियों से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका।




## होलिका पूजन को उमड़ी भीड़, बाजारों में रौनक

हरिद्वार। तीर्थनगरी हरिद्वार में सोमवार को होली पर्व की धूम रही। सुबह से ही महिलाओं, पुरूषों व बच्चों ने होलिका पूजन कर सुख–समृद्धि की कामना की। सुबह से शुरू होकर दिन भर होलिका पूजन का सिलसिला जारी रहा। मंगलवार को चन्द्र ग्रहण होने के कारण देशभर में आज होलिका दहन किया जा रहा है। 3 मार्च को होने वाले चन्द्रग्रहण का सूतक, ग्रहण के नौ घंटे पूर्व यानि सुबह सवा छह बजे आरम्भ हो जाएगा। सूतक लगने के साथ ही मंदिरों के कपाट भी बंद हो जाएंगे, जो देर शाम ग्रहण की समाप्ति के बाद ही खुलेंगे।







बेला गेस्ट हॉउस दातागंज रोड बदायूँ की ओर से समस्त जनपद वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
मैनेजर–
अंकुश सारस्वत
मो0 नं0 – 6395586173

























होरीलाल ब्रज श्याम किराना मर्चेंट की कुंवरगांव बदायूँ की ओर से समस्त जनपद वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
विनोद कुमार
मो0नं0– 9286135702



















चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय    कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान    स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063